राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ श्वेता तिवारी ने डीपनेक बॉडीकॉन...



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश... ◀ 12

गाजियाबाद, सोमवार 28 अक्टूबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 235, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### फेसबुक दोस्ती का काला खेलः उदयपुर में सीआई से 20 लाख ऐंठने वाली महिला गिरफ्तार

**उदयपुर (आरएनएस)।** सवीना थाने की पुलिस ने डूंगरपुर में तैनात एक पुलिस इंस्पेक्टर को ब्लैकमेल करने के आरोप में नीलम राठौड़ नामक महिला को गिरफ्तार किया है। मामला एक फेसबुक दोस्ती से शुरू हुआ, जो बाद में ब्लैकमेल और भारी रकम




ऐंठने तक जा पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, 2016 में फेसबुक पर थानाधिकारी की मुलाकात नीलम राठौड़ से हुई थी। सोशल मीडिया पर नंबर साझा करने के बाद बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। 2018 में नीलम ने पहली बार थाने में आकर उनसे मुलाकात की। धीरे-धीरे मुलाकातें बढने लगीं, और दिसंबर 2021 में वह उनसे मिलने मंगलवाड़ पहुंची, जहां उसने भावनात्मक रूप से थानाधिकारी को प्रभावित कर लिया और संबंध बनाए। थानाधिकारी की रिपोर्ट के मुताबिक, नीलम ने संबंध स्थापित करने के बाद उनसे लगातार पैसों की मांग की और इनकार करने पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर बदनाम करने की धमकी देने लगी। थानाधिकारी के अनुसार, महिला अब तक उनसे लगभग 20 लाख रुपये ऐंठ चुकी है और कार, मकान दिलवाने के साथ-साथ पत्नी-बच्चों को छोडने का दबाव भी बना रही थी।

### सरकारी स्कूल की महिला टीचर के साथ दुष्कर्म का आरोपी प्रिंसिपल गिरफ्तार, फोटो-वीडियो के सहारे ब्लैकमेल कर की ज्यादती

**भीलवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में एक महिला टीचर के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता का



आरोप है कि उसी क्षेत्र के एक स्कूल के प्रिंसिपल ने दोस्ती के आड़ में संबंध बढ़ाने की कोशिश की और एक मौके पर नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने महिला के निजी फोटो और वीडियो बना लिए, जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया।पीड़िता के विरोध करने पर प्रिंसिपल ने उसे मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। गुरुवार को एक स्कूल कार्यक्रम में प्रिंसिपल ने महिला के साथ बदसलूकी करते हुए धक्का-मुक्की भी की, जिससे पीड़िता भयभीत हो गई और मजबूरन पुलिस का सहारा लिया। शिकायत मिलने पर बड़लियास थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत ने आरोपी प्रिंसिपल को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि महिला विवाहित है और आरोपी प्रिंसिपल अविवाहित, दोनों एक ही नोडल में होने के कारण लंबे समय से संपर्क में थे।

### अयोध्या आ रही फ्लाइट में बम की सूचना, लखनऊ में मैरियट समेत 10 बड़े होटलों को उड़ाने की धमकी, अलर्ट जारी

**पटना (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या से बड़ी खबर सामने आई है। यहां आकासा एयरलाइंस में बम होने की धमकी मिली है। जिसके बाद प्रशासन हाई अलर्ट पर है। इसी के साथ लखनऊ में कई होटलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है जिसमें धमकी देने वाले ने 55 हजार डॉलर (46,25,623 रुपये) की मांग की है। ये धमकी होटल फॉर्च्यून, होटल लेमन ट्री और होटल मैरियट समेत 10 बड़े होटलों को मिली है। जिस फ्लाइट में बम की धमकी मिली है, वह बेंगलुरु से अयोध्या आ रही है। यह कुछ ही देर में लैंड करेगी। यहां एयरपोर्ट को अलर्ट किया गया है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट को पूरी तरह अलर्ट कर दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से सीआईएसएफ जवानों समेत पूरा स्टाफ पूरी तरह अलर्ट है।

# इन्फैंट्री दिवसः पीएम मोदी ने किया सैनिकों के साहस और हिम्मत को सलाम

**नई दिल्ली ।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्फैंट्री दिवस के अवसर पर भारतीय सैनिकों के साहस और हिम्मत को सलाम किया। उन्होंने भारतीय सेना की सबसे बड़ी लड़ाकू शाखा इन्फैंट्री को ताकत, वीरता और कर्तव्य का प्रतीक बताते हुए इसे हर भारतीय के लिए प्रेरणा बताया। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 27 अक्टूबर को इन्फैंट्री दिवस मनाया जाता है। इस बार 78वां इन्फैंट्री दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, इन्फैंट्री दिवस पर हम सभी सैनिकों और पूर्व सैनिकों के अदम्य साहस और हिम्मत को सलाम करते हैं, जो हमारी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वे हर चुनौती के सामने



डटकर खड़े होते हैं, ताकि हमारे देश की सुरक्षा बनी रहे। इन्फैंट्री हमारे लिए ताकत, वीरता और कर्तव्य का प्रतीक है, जो हर भारतीय को प्रेरित करती है।

गौरतलब है कि भारतीय सेना के पैदल जवानों को इन्फैंट्री कहा जाता है। इसके योगदान को मान्यता देने के लिए इन्फैंट्री दिवस मनाया जाता है। साल 1947 में 27 अक्टूबर के ही दिन भारत के पैदल सैनिकों का पहला सैन्य दस्ता श्रीनगर के हवाई अड्डे पर उतरा था। इस इन्फैंट्री ने तब आक्रमणकारियों द्वारा जम्मू और कश्मीर राज्य की रक्षा में अहम भूमिका निभाई थी। सिख रेजिमेंट की इस बटालियन ने जम्मू और कश्मीर के लोगों को पाकिस्तानी कबाइलियों और पाकिस्तानी सेना की बुरी नीयत से बचाया था। इस बहादुरी भरे कदम ने पाकिस्तान के जम्मू और कश्मीर पर कब्जा करने की योजना को नाकाम कर दिया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, भारतीय इन्फेंट्री दिवस पर सभी सैनिकों को शुभकामनाएं। इन्फेंट्री हमारे देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उनकी बहादुरी, साहस और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा है। भारत को अपने वीर इन्फैंट्री सैनिकों पर गर्व है।

## पंजाब की मंडियों में पड़ा अनाज खरीदेगी मोदी सरकार, किसानों को दिया भरोसा

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के हर अनाज मंडी में इन दिनों धान के बड़े-बड़े ढेर देखे जा सकते हैं। मंडी से धान



की धीमी उठान और खरीद की सुस्त रफ्तार को लेकर किसान परेशान है। हालांकि पंजाब में धान की खरीद 1 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है, लेकिन तीन हफ्ते बीत जाने के बाद भी धान की उठान और खरीद की प्रक्रिया में काफी दिक्कतें आ रही हैं। इस बीच मोदी सरकार का एक बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार पंजाब के किसानों के साथ खड़ी है और मंडियों के अनाज खरीदा जाएगा।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, मोदी सरकार में किसान सर्वोच्च प्राथमिकता पर हैं। मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हम आपसे अनाज खरीदेंगे और जितनी जगह की जरूरत होगी, हम बना रहे हैं। हमने निकासी के लिए पंजाब को सर्वोच्च स्तर पर प्राथमिकता दी है।

## सीएम योगी महाराष्ट्र में आकर क्या करेंगे...

# नहीं चलेगा कोई बंटेगा कोई कटेगा का कार्ड : संजय राउत

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर सभी सियासी दल एक्शन मोड में है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्टार प्रचारक बनाया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में आकर क्या करेंगे उन्होंने कहा, सीएम योगी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी को नहीं बचा पाए। भाजपा अयोध्या, चित्रकूट जैसी सीटों पर जीत दर्ज नहीं कर सकी। बतौर सीएम वह चुनाव-प्रचार के लिए आ सकते हैं लेकिन यह तय है कि वह यहां पर आकर भड़काऊ बयानबाजी करेंगे मैं उनको बताना चाहता हूं कि यह महाराष्ट्र है। यहां न कोई बंटेगा, न कोई कटेगा।



वह भड़काऊ भाषण देंगे, दंगे भड़काने की कोशिश करेंगे, लेकिन यहां पर हमें सावधान रहना होगा। सीएम योगी की इस तरह की राजनीति यहां पर नहीं चलने वाली है। यह फूले, साहू, अंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज का महाराष्ट्र है। यहां की जनता इस तरह की राजनीति को खारिज कर देती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नाराजगी की खबरों ने जोर पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी महाराष्ट्र में सीट बंटवारे से नाराज हैं। इन अटकलों पर संजय राउत ने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में तीनों पार्टी प्रमुख है, जो मिलकर चुनाव लड़ रही है। राहुल गांधी बहुत ही संयमी नेता हैं। उनको महाराष्ट्र की राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में पूरी जानकारी है। यह भी उन्हें पता है कि हरियाणा में पूरी सीट कांग्रेस ने लड़ी थी, लेकिन सरकार नहीं बना पाई। मेरा मानना है कि सबको साथ लेकर चलना चाहिए। सबका साथ, सबका विकास के नारे की अगर किसी को जरूरत है तो महाविकास आघाड़ी को है।

सपा नेता अबू आजमी ने सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया ब्लॉक के सामने अपनी मांगें रखी हैं जिसको लेकर संजय राउत ने कहा कि हम उनके संपर्क में हैं। गठबंधन में बातचीत करके ही फैसला लिया जाता है। समय रहते हम सभी बातों को सुलझा लेंगे।

## पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, 3 बारूदी सुरंगों का पता चला, राजौरी में बढ़ाई गई सुरक्षा

**पुंछ (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। इस ठिकाने से दो हथगोले और तीन बारूदी सुरंगें बरामद की गई हैं। यह कार्रवाई मेंढर उपविभाग के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान की गई। इस बीच, सीमावर्ती जिले राजौरी में आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी मुस्तैदी बढ़ा दी है। राजौरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रणदीप कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में आतंकवादियों पर नजर रखने और उनकी गतिविधियों को नाकाम करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की गई।



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ रोधी व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। बीएसएफ के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि सर्दियों से पहले घुसपैठ की कोशिशें बढ़ जाती हैं, लेकिन सुरक्षाबल पूरी तरह से तैयार हैं और किसी भी घुसपैठ के प्रयास को नाकाम कर देंगे। पुंछ के मनकोट सेक्टर में गश्त के दौरान सेना को एक जंग लगा मोर्टार का गोला मिला, जिसे बाद में विशेषज्ञों द्वारा नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से नष्ट कर दिया गया। सुरक्षा बलों की इन कार्रवाइयों से क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी जीत मिली है।

## मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर भगदड़, 10 यात्री घायल, 2 की हालत गंभीर

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में 10 यात्री घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना देर रात दो बजे हुई। मुंबई से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन जब प्लेटफार्म पर पहुंची तो ट्रेन में चढने की जल्दबाजी में भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में कई यात्री जख्मी हो गए। इन सभी यात्रियों को इलाज के लिए भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।त्योहार के समय पर भारतीय रेल में भीड़ होना आम बात है।

ऐसे में अक्सर हादसे की आशंका बनी रहती है। मुंबई में काम करने वाले लोग बड़ी संख्या में दीपावली के मौके पर अपने घर आते हैं। इनमें अधिकतर लोग उत्तर प्रदेश और बिहार के होते हैं। इसी वजह से गोरखपुर जा रही ट्रेन में चढने के लिए भगदड़ मची, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

सुबह 5.10 पर ट्रेन के निकलने का समय



यह हादसा बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुआ। ट्रेन संख्या 22921, बांद्रा गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन के निकलने का समय सुबह 5.10 बजे था, लेकिन ट्रेन प्लेटफॉर्म पर 2.55 बजे लग गई। ऐसे में यात्री जल्दी से ट्रेन में चढने की कोशिश करने लगे और इसी वजह से भगदड़ मच गई।

## गो आश्रय स्थलों की पेट्रोलिंग भी करेगी पुलिस

# गोवर्धन पूजा के अवसर पर गो आश्रय स्थलों व केन्द्रों में समारोहपूर्वक गोपूजन किया जायेगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य )।** प्रदेश में गोवर्धन पूजा के अवसर पर गो आश्रय स्थलों व केन्द्रों में समारोहपूर्वक गोपूजन किया जायेगा। प्रमुख सचिव, पशुधन के0 रविन्द्र नायक द्वारा गोपूजन के सबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भेजे गये हैं। परिपत्र में उल्लेख किया गया है कि अस्थायी गो आश्रय स्थलों, गोसंरक्षण केन्द्रों, कान्हा गौशाला एवं कांजी हाउस जहाँ निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं, उन स्थलों पर साफ सफाई, स्वच्छता, प्रकाश, स्वच्छ पेय जल एवं भरण-पोषण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। गो-आश्रय स्थलों पर गोवर्धन पूजा के अवसर पर विधि विधान से गोपूजन किया जाय तथा सांसद, विधायक और मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों को सादर आमंत्रित किया जाय। इसके



अतिरिक्त गाय के गोबर से बने दीपों, मूर्तियों आदि के उपयोग हेतु जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय और इन उत्पादों के विपणन हेतु बाजारों में उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाय।

ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक गो आश्रय स्थल/कान्हा गोशाला में एक सुयोग्य केयर टेकर एक सप्ताह में तैनात किया जाय, जिसके द्वारा उक्त स्थलों का लेखा-जोखा तैयार कर संरक्षित करते हुए आश्रय स्थल पर रात्रि विश्राम भी किया जाय। पुलिस प्रशासन द्वारा गो आश्रय स्थलों की पेट्रोलिंग बीट के कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित करायी जाय।वेनिर्देश हैं कि दीपावली के दृष्टिगत बाजार एवं मण्डी के निकट नगरीय क्षेत्रों में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया जाय।

**वायु प्रदूषण** — केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह 7:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 352 रहा

# बेहद खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा,सुबह छाई धुंध की चादर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सर्दियों के आते ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या फिर से बढने लगी है। रविवार को यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा, जिसके कारण सुबह आकाश में धुंध की चादर देखने को मिली। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह 7:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 352 रहा। वहीं, दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 216, गुरुग्राम में 233 गाजियाबाद में 375, ग्रेटर नोएडा में 346 और नोएडा में 320 अंक रहा। दिल्ली के चार इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 के ऊपर पहुंच गया है। जिसमें आनंद विहार में 405, जहांगीरपुरी में 408, नेहरू नगर



में 405, विवेक विहार में 403 अंक बना हुआ है। वहीं इसके अलावा दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से 400 के बीच बना हुआ रहा। जिसमें अलीपुर में 400, अशोक विहार में 384, आया नगर में 329, बवाना में 398, चांदनी चौक में 318, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 346 और डीटीयू में 318 रहा। इसके अलावा द्वारका सेक्टर 8 में 339, आईजीआई एयरपोर्ट में 324, आईटीओ में 361, लोधी रोड में 305, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 370, मंदिर मार्ग में 352, मुंडका में 362, नरेला में 355, एनएसआईटी द्वारका में 349, नॉर्थ कैंपस डीयू में 367, ओखला फेस 2 में 347, पटपडगंज में 340,पंजाबी बाग में 368, पूसा में 325, रोहिणी में 381, शादीपुर में 343, सिरी फोर्ट में 332, सोनिया विहार में 400, श्री अरविंदो मार्ग में 318, वजीरपुर में 392 अंक बना हुआ रहा।

वहीं दिल्ली के तीन इलाकों में एक्यूआई लेवल 200 से ऊपर 300 के बीच रहा, जिसमें दिलशाद गार्डन में 281, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 292, नजफगढ़ में 266 दर्ज किया गया।

बता दें केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड की तरफ जारी आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ज्यादा एक्यूआई दर्ज किया जा रहा है, जिससे लोगों को घर के बाहर सांस लेने में परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसमें खासतौर पर बच्चे और बूढ़े शामिल हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# जिला बदर शातिर अपराधी अवैध चाकू सहित सुमित गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना जहांगीरपुर पुलिस द्वारा एक जिला बदर अपराधी को



परोरी तिराहे के पास से अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जिसे श्रीमान अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) द्वारा 06 माह की अवधि के लिये जिला बदर घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जाहंगीरपुर पर मुअसं-88/24 धारा 10 यूपी गुण्डा व 4/25 आर्म्स एक्ट नियन्त्रण अधि0 पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा भेज दिया गया हैं।

# त्योहारों को लेकर व्यापारियों के संग की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर** । तहसीलदार व कोतवाली प्रभारी द्वारा आगामी त्योहारों, धनतेरस दीपावली में भाईदूज की दृष्टिगत कोतवाली शिकारपुर पर व्यापारियों एवं आमजन से मीटिंग की गई कोतवाली प्रभारी द्वारा नागरिकों से अपील की गई की सभी त्योहारो को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। कोतवाल जितेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि सभी व्यापारी विशेष कर सराफा व्यापारी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाए व रात में अपनी दुकानों के आगे बल्ब जलाएं, चौकीदार की व्यवस्था भी करवाये उन्होंने व्यापारियों को हर



सुरक्षा का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल भारत के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग ने बाजार में त्योहारों को देखते हुए फैंटम की गस्त बढ़ाने के लिए कहा और वेरीना रोड पर देसी शराब के ठेके के पास कुछ शराबीयो का जो जमघट लगा रहता है उसे हटवाने के लिए कहा।

सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय वर्मा ने आश्वासन दिया कि जो चंद सरार्फा व्यापारियों के यहां सीसीटीवी नहीं लगे हैं वह भी जल्दी लग जाएंगे। और उन्होंने सराफा बाजार में जो पुलिस पिकेट बैठी रहती है ।उन्हें हथियार उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग, व्यापारी नेता गौरव मित्तल, देवी शरण मित्तल, अशोक मित्तल, मोहित शर्मा ,विशाल अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता ,अतुल मित्तल, जागेश मित्तल, आशीष मित्तल, आदि व्यापारी रहे।

# समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव बने जर्रार खान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल कादरी ने समाजवादी पार्टी से लम्बे अरसे से जुड़े विभिन्न पदों को सुशोभित करने वाले सपा० के जमीनी नेता जर्रार खान को सपा० अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। जर्रार खान को सपा० अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किये जाने पर जिला समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह व जोश की लहर व्याप्त है। राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भूमिहार ने समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किए जाने पर



सपा० के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बधाई देते हुए जर्रार खान के मनोनयन पर आभार व्यक्त करते हुए उनके मनोनयन को जनपद में सपा० के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि वह पार्टी से लंबे अरसे से जुड़े हुए तथा क्षेत्र के लोगों में उनकी काफी पकड़ है। जिससे सपा० को निश्चित ही फायदा होगा और पार्टी निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर होगी।

# सीओ ने भारी पुलिस फोर्स के साथ औरंगाबाद में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** दीपावली को लेकर पुलिस सुरक्षा इंतजामों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसी क्रम में सीओ मधुप कुमार सिंह ने आगामी त्योहार दीपावली को लेकर शनिवार की दोपहर नगर में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही व्यापारियों से सड़कों के बाहर अतिक्रमण न करने, सीसीटीबी कैमरे सही रखने समेत अन्य जानकारी दी।



दीपावली को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। एक तरफ नगर के चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात है तो दूसरी तरफ गली-मोहल्लों में भी पुलिस पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिला रहा है। बाजार में भीड़ के बीच संदिग्धों को भी ढूंढा गया। जहांगीराबाद चौराहे पर पहुंचकर सीओ मधुप कुमार सिंह व एसओ नितीश भारद्वाज ने भरी पुलिस फोर्स के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सीओ मधुप कुमार सिंह ने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानने की कोशिश कीं। उन्होंने लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है। परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का समाधान किया जाएगा। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा गया, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा महसूस कर रहे हैं। कस्बे में गश्त करती पुलिस टीमों को देखकर असामाजिक तत्वों के अरमानों पर पानी फेर रहा है। गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर तलाशी भी ली। इस दौरान एसओ नितीश भारद्वाज, एसएसआई मुनेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# नगर पालिका की दुकानों पर किराये बढ़ोतरी पर रोक,बोर्ड की बैठक में लिया फैसला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहाँगीराबाद।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी की अध्यक्षता में व ईओ मणिजी सैनी के संचालन

## पार्क के लिये जमीन चिन्हित की जायेगी: चेयरमैन

में आयोजित की गई जिसमे नगर के गोविंदा टिक्की वाली मार्किट के पीछे पड़ी पालिका की भूमि को चिन्हित कर उस पर दुकान निर्माण कर आवंटित किए जाने के सम्बंध में प्रस्ताव पास किया गया। इसके साथ ही नगर में बंदरों के बढ़ते आतंक पर रोकथाम के लिए भी प्रस्ताव पास किया गया। चेयरमैन किशनपाल लोधी ने दुकानों पर किराया बढ़ाने वाले प्रस्ताव पर रोक लगाने का प्रस्ताव बैठक में रखा जिस पर बोर्ड ने सर्वसहमति अगले आदेश के लिये रोक लगाने पर मोहर लगा दी। बताते चले कि पूर्व बोर्ड बैठक में किराया बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास हुआ था जिसमे दुकानदारों ने विधायक संजय शर्मा ,चेयरमैन किशनपल लोधी से मिकलर किराये बढ़ाने की समस्या रखी थी। बोर्ड ने



दुकानदारो की समस्य को गम्भीरता से लिया लेकर शनिवार को हुई पालिका बोर्ड ने किराये के प्रस्ताव पर अगले आदेश तक फिलाल रोक लगा दी गयी है। किराये पर रोक लगने के प्रस्ताव से किरायेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसके अलावा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन नए शासनादेश के अनुसार बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी सहमति जताई गई। इस मौके पर चेयरमैन किशनपल लोधी ने नगर में एसबीआई बैंक के पीछे पड़ी सरकारी जमीन को चिन्हित कर उसमें पार्क बनाने का प्रस्ताव रखा जिससे बोर्ड ने सर्वसम्मति से पास किया गया है। पालिका के अधिशासी अधिकारी मणिजी सैनी ने कहा कि नगर में विकास के लिये करोड़ो रुपए के टेंडर निकाले गए है जिनपर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू होने वाला जिससे नगर में सड़को का जाल दिखाई देगा।बैठक में सभासद मनोज शास्त्री, सुल्तान अंसारी, मनमोहन अग्रवाल, धर्मेंद्र उर्फ. धन्नू राजोरा, रोबिन चौधरी, रिजवान बंटी, धर्मपाल सिंह लोधी, मोहित चौधरी, ओमप्रकाश लोधी, संजय सैनी, राजकुमार, संजय कोरी, कल्पना शर्मा ,अंजलि सिसोदिया, डोली गोयल, नीतू सिंह, मीनाक्षी देवी, निशा सैनी ,चमन देवी, मुन्नी अंसारी, पुष्पा सैनी, सुनीता देवी व लेखाकार ऊधम सिंह मौजूद रहे।

# डीपी बीएस कॉलेज मे वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** डीपी बीएस कॉलेज अनूपशहर में प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह के निर्देशन में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय रहा एलोपैथी, होम्योपैथी व आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियां। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो पी के त्यागी ने कहा कि वाद-विवाद जैसी गतिविधियों के आयोजन से विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है. जो उनकी सफलता में निर्णायक सिद्ध हो सकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विभिन्न मत प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में बी.एस.सी तृतीय वर्ष की छात्रा भावना ने प्रथम, द्वितीय स्थान दिशा एम एस सी द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान एम एस सी द्वितीय वर्ष की दिव्या शर्मा ने प्राप्त किया।

सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान विभाग की प्रभारी प्रोफेसर चंद्रावती ने किया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर आर के आप्रवाल, प्रोफेसर सीमांत कुमार दुबे, डॉक्टर घनेन्द्र बंसल, डॉक्टर जागृति सिंह, डॉक्टर आलोक कुमार तिवारी एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत बुलंदशहर द्वारा 35 लाख की लागत से बनाया जाएगा खाद गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रथम राज्य स्तरीय रेफरल लैब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शहजादपुर कनैनी आई डी सी(इंडियन डेवलपमेंट सेंटर)में वर्मी कम्पोस्ट गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रथम राज्य स्तरीय रेफरल लैब जिसका निर्माण जिला पंचायत द्वारा कराया जाना है का शिलान्यास मनोज कुमार सिंह मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार व अध्यक्ष जिला पंचायत डॉ अंतुल तेवतिया द्वारा किया गया. प्रदेश का यह वर्मी कम्पोस्ट टेस्टिंग का पहला लैब है,जो किसान भाइयों के कृषिगत आय व आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। खाद गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रथम राज्य स्तरीय रेफरल लैब का निर्माण अध्यक्ष जिला पंचायत



डॉ. अंतुल तेवतिया के नवाचार विचारों, किसान हितैषी व आत्मनिर्भर पंचायत का केंद्र बिंदु है। इससे पूर्व भी जिला पंचायत बुलन्दशहर ISO प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली प्रदेश की पहली जिला पंचायत बन चुकी है।

इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ अधिकारी, सदस्यगण जिला पंचायत व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहें। अध्यक्ष जिला पंचायत डॉ अंतुल तेवतिया के दिशानिर्देश व मार्गदर्शन में ही ISO 9001: 2015 व ISO 14001: 2015 प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी है.गत वित्तीय वर्ष जिला पंचायत बुलंदशहर द्वारा सर्वाधिक राजस्व वसूली भी की गई थी. इस प्रकार अध्यक्ष जिला पंचायत डॉ अंतुल तेवतिया के नेतृत्व में जिला पंचायत बुलंदशहर नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# सड़क बनाने का किया शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** क्षेत्र के गांव रौरा में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई जा रही ग्रामीण



जनमानस की समस्या निस्तारण में सुविधाओं हेतु सीसी रोड का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठध्जिला महासचिव कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाहा, ग्राम प्रधान रायसिंह, पंडित किरनपाल शर्मा व ग्रामीणों के साथ पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण का शुभारंभ किया। इस मौके पर उपस्थित ठेकेदार से ग्रामीणों के समक्ष मानक की वार्ता कर सड़क को गुणवत्ता युक्त निर्माण करने का आह्वान करते हुए, ग्रामीणों से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान रखने का आह्वान किया। शुभारंभ के मौके पर ग्राम प्रधान रायसिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाहा, प्रवेंद्र शर्मा, किरणपाल शर्मा, नवीन राघव, बादल राघव, साहिल राघव, राधेलाल सेन ठेकेदार कर्मचारी आदि लोग सम्मिलित रहे।

# लॉरेंस अकादमी के छात्र-छात्राओं द्वारा मिट्टी के भगवान लक्ष्मी गणेश की सुंदर प्रतिमा बनाकर किया प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** नगर के विख्यात लॉरेंस अकादमी में प्रत्येक पर्व प्रेम भाईचारा और आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाता है।

इसी क्रम में दीपों के पर्व दीपावली के अवसर पर प्ले एक्टिविटी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इंटर हाउस प्रतियोगिता अशोक टैगोर व भगत और टेरेसा ग्रुप के मध्य हुई। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राओ ने मिट्टी से भगवान लक्ष्मी गणेश की सुंदर-सुंदर प्रतिमा बनाई इसी के साथ-साथ उन्हें बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया जिसमें अशोक और टैगोर ने प्रथम स्थान में भगत एंड टेरेसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

इस मौके पर लॉरेंस अकादमी विद्यालय के डायरेक्टर शोएब मेवाती ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं के अंदर छिपी





प्रतिभा उजागर होती है उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखरती है विद्यालय की प्रधानाचार्य सतपाल कौर ने कहा कि छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का यह एक सुनहरा अवसर मिलता है प्रधानाचार्य सतपाल कौर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं के अंदर छिपी हुई प्रतियोगिता को बाहर निकालना ही है उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के अंदर कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है जरूरत है केवल उसे पहचान कर प्रदर्शित करने की। इस प्रतियोगिता की इंचार्ज श्वेता त्यागी रही।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर लॉरेंस अकादमी डायरेक्टर शोएब मेवाती में अभिभावकों एवं आम नागरिको से अपील की हैं कि तेज ध्वनि घातक प्रदूषण वाले पटाखे नए जलाएं एवं पटाखे जलाते समय अपने बच्चों के साथ रहें ताकि लापरवाही में कोई बड़ा हादसा न हो खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाजार में छाने लगी दीपावली की रौनक,रंग बिरंगी लिए और मूर्तियों से सजी दुकाने, भारती खरीदारी को देख व्यापारियों के चेहरे खिले

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** धनतेरस में दो दिन शेष हैं और बाजार में त्यौहार की रोशनी बिखरने लगी है। बाजारों में देवी देवताओं की मूर्तियों की दुकानें सज गई हैं और रंग बिरंगी लाइट भी दुकानों पर जलने लगी है। बाजार में खरीदारी भी शुरू हो गई है। बढ़ती ग्रह की को देखकर व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। . त्योहार के स्वागत में बाजार सजने लगा है। धनतेरस और दीपावली को लेकर साफ सफाई



और साथ सजा की तैयारी तेजी से चल रही है। दीपावली रोशनी का त्यौहार है यह लोग अपने घरों की रंग बिरंगी लाइटों से सजाने में जुटे हैं। नगर की इलेक्ट्रिक दुकानों पर स्वदेशी और चाइनीज दोनों झालर देखने को मिल रही हैं। दुकानों पर झालर जगमगा रही हैं। चाइनीस झालर की कम कीमत होने की वजह से नगर वासियों का रुझान भी इन्हें की तरफ है। मिट्टी के दीपक अब सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए हैं। जिस स्थान पर रोशनी फैलाने के लिए एलइडी लाइट और झालर उपयोग की जा रही हैं। मिट्टी के दीपकों को लोग केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए खरीदते हैं। जिनका उपयोग केवल पूजा करते समय कर रहे हैं। ऐसे में मिट्टी के दीपक बनाने वालों पर असर पड़ रहा है। बिक्री को देखकर व्यापारिक खुश हैं।

## आयोजन

## स्कूल रोज आओगे तो खुद अच्छे बन जाओगे: एसएचओ रामघाट

# अच्छे से पढ़ोगे तो अधिकारी बनोगे: बीईओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई।** ब्लॉक डिबाई के प्रा वि नगला सुमाली में दीपावली पूर्व छात्र-छात्राओं के एक दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों के उत्सवर्धन एवं संवर्धन विकास के लिए खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप सब अच्छे से पढ़ोगे तो अधिकारी बनोगे अगर आप अच्छे से नहीं पढ़े तो जीवन यापन करना बहुत कठिन हो जाता है, और जीवन में बहुत सी कठिनाइयां आती हैं। इसलिए आप सबको मेहनत से पढ़ना है

थाना अध्यक्ष रामघाट रविंद्र कुमार ने छात्र छात्राओं से कहा कि आप रोज स्कूल आओगे तो कुछ न कुछ जरूर सीखोगे और स्वयं ही अच्छे बन जाओगे इसलिए आपको समय से





रोज स्कूल आना है। उपनिरीक्षक मोना अग्रवाल ने छात्राओं तथा उपस्थित महिलाओं को नारी सशक्तिकरण के संबंध में जागरुक करते हुए कॉल 112, 1090 और 1098 के बारे में बताया तथा उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से भी अवगत कराया। अतिथियों ने विद्यालय की साफ सफाई एवं अनुशासन की प्रशंसा की आज विद्यालय में 91 बच्चों की सापेक्ष 82 बच्चे (90% बच्चे) उपस्थित थे। इसे देखकर के सभी बहुत प्रसन्न रहे। दीपावली पर्व के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विद्यालय में पकवान के साथ मिठाई की भी व्यवस्था की गई। विद्यालय परिवार की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता थाना अध्यक्ष रामघाट रविंद्र कुमार एवं उपनिरीक्षक मोना अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सोमेंद्र कुमार ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में छात्र-छात्राओं के इस तरह की उत्साह वर्धन के कार्यक्रम में आने के लिए पुनः अनुरोध किया। इस अवसर पर योगेश भारद्वाज, डेविड कुमार, तोषी यादव, सरला, मिथिलेश, पुष्पा, लक्ष्मी सहित ग्रामीण अनेक महिलाएं एवं छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी, 30 से ज्यादा बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** औरंगाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव इस्माईला में बिजली विभाग



के अधिकारियों ने बिजली चोरी व बकायेदारों पर शिकंजा कसते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बकायेदारों व बिजली चोरी करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान बिजली विभाग ने करीब 30 से अधिक बकायेदारों पर कार्रवाई करते हुए बिजली के कनेक्शन काटे। इस दौरान टीम ने कई घंटे गांव में रहते हुए लोगों के बिजली कनेक्शन आदि की भी जांच की। मैथना जगतपुर विद्युत उपकेन्द्र के जेई रिशु कुमार ने बताया कि इस दौरान 30 लोगों के कनेक्शन काटे गए। इसके अलावा बकायेदारों से कुल एक लाख रुपये की वसूली भी की गई।

# कुनबा बढ़ाओ अभियान: राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन अहमद सैफी व राष्ट्रीय सलाहकार डॉ.आबिद अली सैफी ने सभी पद अधिकारीयो को नियुक्ति पत्र दे कर शपथ दिलाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**मेरठ।** सैफी संघर्स समिति पंजी0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन अहमद सैफी के निर्देश पर कुनबा बढ़ाओ अभियान को आगे बडाने के लिए जामिया रेजिडेंसी कॉलोनी में बैठक हुई,जिसमें अलग अलग व्यक्तियों को अलग जिले से पदाधिकारी बनाए गए।
सैफी संघर्ष समिति पंजीकृत की ये बैठक नदीम सैफी के आवास पर हुई। जिसमें सैफी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन अहमद सैफी व राष्ट्रीय सलाहकार डॉ.आबिद अली सैफी ने सभी पद अधिकारीयो को नियुक्ति पत्र दे कर शपथ दिलाई, जिसमें निजामुद्दीन सैफी को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी डॉक्टर नवाब सैफी को राष्ट्रीय प्रवक्ता, और हरियाणा से इनाम सैफी, को प्रदेश अध्यक्ष, लुधियाना से महबूब सैफी को राष्ट्रीय सचिव, वसीम सैफी पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष, नदीम सैफी पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष, आदि लोगो को पदाधिकारी बनाया गया। मौके पर पहुंचे आरिफ सैफी, नसीम सैफी, नौशाद सैफी, गुलजार सैफी आबिद सैफी हाजी सरफराज, मोहसिन सैफी, तस्लीम सैफी, हसमुद्दीन सैफी, कासिम सैफी, हाजी मोबिन,इरफान सैफी,एडवोकेट सकील, लियाकत सैफी, डॉक्टर शकील सैफी, आदि लोग मौजूद रहे।

# आईटीएस इंन्सटीटयूट ऑफ हेल्थ एण्ड एलाईड साइंसेज मे दिवाली मेले का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस इन्स्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज में इस वर्ष भी बीपीटी छात्र परिषद द्वारा रंगारंग दिवाली मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्रों की रचनात्मकता एवं उद्यमशीलता को प्रदर्षित करने का अनूठा मंच साबित हुआ।
मेले में आईटीएस इन्स्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड एलाइड साइंसेज, आईटीएस डेन्टल कालेज, और आईटीएस कालेज ऑफ फामेर्सी के छात्र और शिक्षक गण बडी संख्या में शामिल हुए और आयोजन का भरपूर आनन्द लिया। बीपीटी के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों एवं पेय पदार्थों के स्टॉल्स का आयोजन किया। गोलगप्पे, बेकरी उत्पाद, मोमोज जैसे व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए सभी ने मेले की रौनक बढाई। इसके अलावा ठंडे पेय पदार्थ और विशेष शेक की भी व्यवस्था की गई थी। मेले में विभिन्न प्रकार के खेलों के स्टॉल्स भी लगाए गए, जिससे आगंतुकों को आनंद और मनोरंजन का अवसर प्राप्त हुआ। इस आयोजन में छात्रों को अपनी रचनात्मकता और उद्यमशील क्षमताओं का प्रदेशन करने का शानदार अवसर दिया। सभी छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सहभागिता की जिससे टीम भावना को बढावा मिला और टीम में प्रभावी ढंग से कार्य करने की सीख भी मिली। छात्रों के इस सामूहिक प्रयास ने आयोजन में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया और उनके संगठनात्मक कौशल को भी निखारा।
मेले के समापन पर विद्यार्थियों के लिए एक शानदार डीजे पार्टी का भी आयोजन किया गया, जिसने सभी को नृत्य और संगीत के साथ दीवाली के इस उत्सव का भरपूर आनन्द उठाने का मौका दिया। सभी छात्रों ने आईटीएस दी-एजूकेशन ग्रुप के उपाध्यक्ष अर्पित चड्ढा का इस अमूल्य अवसर के लिए हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया। यह आयोजन दीवाली की सच्ची भावना को उजागर करता है, जिसने आईटीएस समुदाय को एकजूट किया और सभी के लिए एक आनन्द मय और यादगार अनुभव बना।

# गाजियाबाद का चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे: सत्यपाल चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो








**गाजियाबाद।** आजद समाज पार्टी (काशीराम) के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी गाजियाबाद उपचुनाव के मध्य नजर रविवार में मुख्य चुनाव कार्यालय जीटी रोड पूरे मेरठ मंडल के कार्यकर्ताओ की ली मीटिंग कार्यकर्ताओ में ऊर्जा का संचार करने व चुनाव कैसे लड़े और लड़ाये की नीति बनाई उन्होंने कहा कि जैसे चंद्रशेखर आजाद जी को नगीना लोकसभा सभी कार्यकताओं ने तन मन धन से लड़ाई और जीत हासिल की वैसे ही गाजियाबाद का चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे सत्यपाल चौधरी की ही नीति और योजना थी नगीना लोकसभा जीताने के पीछे उसी योजना और नीति को गाजियाबाद उपचुनाव विधानसभा पर लागू करेंगे दूसरे दलों में खलबली का माहौल है क्योंकि सर्व समाज के लोग चौधरी को सपोर्ट कर रहे हैं खासकर मुस्लिम व जाटव वर्ग इसके पीछे उनकी 4 महीने की डोर टू डोर मेहनत और पुराना जाना पहचाना चेहरा है गाजियाबाद की जो बुद्धिजीवी व राजनीतिक चाणक्य है उन्होंने तो अभी से चौधरी को जीता हुआ प्रत्याशी घोषित कर दिया है पार्टी के मुख्य चुनाव प्रभारी व प्रदेश सचिव कपिल आजाद,जिलाध्यक्ष मनोज जाटव, महानगर अध्यक्ष जितेंद्र सिद्धार्थ, पुष्पेंद्र, राहुल छजलाना, विनय बौद्ध, शिवकुमार चावला, करन, एन डी खान, महेश कुमार मुख्य कार्यकताओं ने अपनी कमर कसली है दिन और रात एक कर दिए हैं इस सभा में मुख्य रूप से उपस्थित रहे शेखर मौर्य प्रदेश महासचिव राजस्थान, आफताब अली प्रदेश कोर कमेटी सदस्य, तालिब चौधरी, गुलजार सिद्दीकी, निजाम चौधरी, इमरान खान, दानिश सैफी, डॉ अमित गुर्जर, कमल भाई, अफजल अहमद, धर्मवीर, सोनू,गौरव पोषवाल, भीम सिंह, सचिन वर्मा, अशोक सिद्धार्थ, अर्चना गौतम, प्रियंका गौतम, सुशील नागर, राजा कुरैशी, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष ,प्रशांत चौधरी, हर्षित वर्मा, सरजीत चौधरी, पवन शर्मा, अनीश चौधरी, करीबन मीटिंग में 200 कार्यकर्ता उपस्थित थे

# गलगोटियास यूनिवर्सिटी में दीपावली के पावन पर्व की पूर्व बेला पर रंगोली उत्सव का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा।** दीपावली के पावन पर्व की उमंग में गलगोटियास यूनिवर्सिटी में रंगोली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंग-बिरंगी रंगोलियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा और एकता का सजीव प्रदर्शन किया।रंगोली उत्सव में विद्यार्थियों ने समूह बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस वर्ष, रंगोलियों में पर्यावरण संरक्षण, भारतीय पारंपरिक लोककलाओं और दीपावली के सामाजिक संदेशों को प्रमुखता दी गई। हर रंगोली में छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और भारतीयता की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति, प्राध्यापक और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों के इस कला प्रदर्शन की सराहना की और रंगोली कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति को सहेजने और प्रसारित करने की आवश्यकता पर बल दिया।छात्रों के प्रयासों को प्रेरित करते हुए विश्वविद्यालय के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "दीपावली केवल एक त्यौहार ही नहीं है। बल्कि हमारी पावन संस्कृति और सद्भाव का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन हमारी युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं के प्रति जागरूक बनाते हैं।" विश्वविद्यालय के सीईओ डा० ध्रुव गलगोटिया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली के पावन पर्व की पूर्व बेला के शुभ अवसर पर मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। और गलगोटियास विश्वविद्यालय में इस रंगोली उत्सव के माध्यम से समाज में एकता, शांति और प्रेम का संदेश प्रसारित करता है। हमारी संस्कृति में ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व। सनातन धर्म का मूल संस्कार तथा विचारधारा है।जो महा उपनिषद सहित कई ग्रन्थों में लिपिबद्ध है।हमने सदैव सभी के कल्याण की बात की है। आज इस पावन पर्व के उपलक्ष्य में हम ईश्वर से पूरे विश्व के लिये सुख शांति और सभी के कल्याण की कामना करते हैं।

# रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के एक प्रतिभागी ने विश्वविद्यालय की बेस्ट एट टीम में पांचवा स्थान प्राप्त किया प्राप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गजरौला (बच्चन सिंह)।** महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय बरेली की अंतमहाविद्यालयीन क्रास कंट्री दौड़ में नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के एक प्रतिभागी ने विश्वविद्यालय की बेस्ट एट (8) टीम में पांचवा स्थान प्राप्त किया तो वहीं टीम चैम्पियनशिप में महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। महाविद्यालय के शारिरिक शिक्षा प्रशिक्षक डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र आकाश सागर, शक्ति सिंह, नीरज, रिंकू कुमार, राजकुमार व लवकुश की छह सदस्यीय टीम मॉडर्न एजुकेशन शन कॉलेज चंदौसी के लिये रवाना हुई। रविवार को यहां पर आयोजित अंर्तमहाविद्यालयी क्रास कंट्री दौड़ में लवकुश ने विश्वविद्यालय की बेस्ट एट (8) में पांचवा स्थान प्राप्त किया, जबकि टीम चैम्पियनशिप में महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। डॉ. अजय कुमार ने बताया कि लवकुश को मिली यह उपलब्धि बहुत बड़ी है, उसे विधि द्वारा अखिल भारतीय स्तर की प्रतिस्पर्धा की टीम में खेलने का अवसर दिया जायेगा, वहीं आकाश सागर को भी दसवां स्थान मिला है, उसे विधि द्वारा आयोजित होने वाले कैम्प में सम्मिलित किया जायेगा। प्राचार्य डॉ. एमए गौरी व स्टॉफ ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना कर मनोबल बढ़ाया।

## पकड़ा गया कुख्यात हथियार तस्कर रिजवान अंसारी

# दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार, उस पर बुलंदशहर पुलिस ने किया था 25000 का इनाम घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर (वसीम सिददीकी)।** कुख्यात हथियार तस्कर रिजवान अंसारी, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है, उस पर 25000 का इनाम था घोषित
खुर्जा क्षेत्र के मुहल्ला शेख साहिबान निवासी रिजवान अंसारी और उसके भाइयों से इससे पहले एनआईए की टीम भी कर चुकी है पूछताछ, इन पर सिद्धू मूसे वाला की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग को हथियार सप्लाई करने का आरोप है। इस को लेकर मुकदमा मे फरार चल रहा था।
बुलंदशहर एसएसपी श्लोक कुमार सिंह ने 25000 का इनाम किया था घोषित। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर बोर्ड बैठक स्थगित कर दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर पालिका परिषद कार्यालय शिकारपुर के सभागार में नगर पालिका परिषद शिकारपुर चेयरपर्सन राजबाला देवी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आहूत की गई। जिसमें वार्ड 10 के सभासद कपिल कुमार आर्य के दादा सतवीर सिंह आर्य, वार्ड 22 के सभासद अरशद अंसारी के पिता अब्दुल खालिद, संविदा सफाई कर्मचारी श्रीमती रामश्री देवी व आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी श्रीमती बौबी के आकस्मिक निधन पर बोर्ड बैठक में 2 मिनट का मौन धारण कर बोर्ड बैठक स्थगित कर दी गई। बोर्ड बैठक में मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष श्रीमती राजबाला देवी, अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रभात शर्मा, सभासदगण , लिपिक धीरज शर्मा, मौ0 कासिम उपस्थित रहे।





**सम्मान** सीएम योगी के नेतृत्व में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि

# मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रदान किया गया प्राधिकार पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर प्रयास

**प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सरकार का महत्वपूर्ण कदम**

जारी हैं। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से मेरठ में नए विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सरकार का एक और अहम कदम है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विस्तार हो रहा है, जो प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अहम कदम है। प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, एमङ्कपीङ्क अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को संचालन की अनुमति देते हुए विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन हेतु नियमों और शर्तों के अनुपालन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय युवाओं को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।
विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को हाल ही में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (आठवाँ संशोधन) अध्यादेश, 2024 के तहत अनुमोदित किया गया है और इसे उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में कमांक 46 पर शामिल किया गया है। प्राधिकार पत्र के साथ अब यह विश्वविद्यालय अपनी संचालन प्रक्रिया प्रारंभ कर सकेगा।



# उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल, उधोग मंच के प्रदेश अध्यक्ष बने संजीव कुमार गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उधोगपति संजीव कुमार गुप्ता को उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल उधोग मंच का दोबारा से प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार को उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकंद मिश्रा के द्वारा यह घोषणा की गयी है। संजीव गुप्ता को उधोग मंच के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी लगातार दोबारा सौपी गयी है। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने अपने अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा और महामंत्री राजेश गुप्ता एवं दिलीप सेठ का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें दोबारा से उधोग मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर उनकी जिम्मेदारी के साथ साथ संगठन की अपेक्षायें भी बड़ी होगी परन्तु में अपनी पूरी निष्ठा से संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए, अपने व्यापारी और उधोग जगत के बन्धुओं के हितों के लिए कार्य करता रहूँगा।

# आर्य समाज कविनगर में दीपावली महोत्सव संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** आर्य समाज कविनगर में दो दिवसीय दीपावली महोत्सव दयानन्द बलिदान दिवस एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।आचार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ हुआ। मुख्य यज्ञमान श्रीमती शोभा गौतम,अमित गौतम तथा ज्योति गौतम,नवनीत गौतम रहे।यज्ञोप्रांत आचार्य जी ने यज्ञमानों को आशीर्वाद दिया और सुखद जीवन की प्रभु से प्रार्थना की। बिजनौर से पधारे आर्य जगत के सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक आचार्य कुलदीप विद्यार्थी,छवि आर्या, आचार्य नरेन्द्र एवं योगी प्रवीण आर्य द्वारा गाए ईश्वर भक्ति के सुन्दर भजनों और दयानंद गुणगान को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।कुलदीप विद्यार्थी ने श्रोताओं को संकल्प कराया कि आज के बाद दीपावली पर्व अकेले नहीं मनाएंगे।अपने धर्म के लोगों के साथ मनाएंगे। आर्य समाज कविनगर की ओर से समाज सेवी श्रीमती प्रवेश गौतम,संजय गौतम एवं ऋतु गौतम का प्रीतवस्त्र,शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा ऋतु गौतम को उनके जन्म दिन की बधाई दी गई।

मुख्य वक्ता स्वामी सूर्य देव ओंकारेश्वर (मध्यप्रदेश) ने वेद दर्शन शास्त्रों पर विस्तृत चर्चा की।दर्शन के ऋषि कहते हैं कि सत्य असत्य की पहचान के लिए प्रमाणों का सहारा लो।तर्क एक सहायक टूल है।उन्होंने बताया कि महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग पर चलते हुए 14 बाधाओं को पार करके ही योगी बन पाओगे अर्थात परमात्मा की अनुभूति कर पाओगे। पहली बाधा व्याधि है।वह भी दो प्रकार की हैं शारीरिक और मानसिक।सभी कार्य धमार्नुसार करें।धर्म वह है जिससे अभ्युदय और निश्नेयस की प्राप्ति हो।उन्होंने आगे कहा कि अपने तप,ज्ञान से स्वयं को जानना,पश्चात लोक कल्याण के कार्य करना।विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश तोमर ने ऋषि दयानंद के द्वारा किए गए समाज सुधार के कार्यों का गुणगान करते करते हुए आह्वान किया ऋषि दयानंद के द्वारा बताए रास्ते पर चलकर के ही देश उन्नति की ओर बढ़ सकता है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बृजपाल गुप्ता ने कहा कि यदि सुख शांति चाहते हो तो वेदों की ओर लोटो।वास्तव में हम तीन नाम सुनते आए हैं पारसमणि, कामधेनु, कल्पतरु, पारसमणि ओर कुछ नहीं देव दयानन्द का व्यक्तित्व ही पारसमणि है, कामधेनु वेद ज्ञान है,कल्पतरु आर्य समाज है जो भी व्यक्ति इनके संपर्क में आ गया उसका जीवन कुंदन बन गया व मनोवांछित फल पा गया।मंच का कुशल संचालन यशस्वी मंत्री लक्ष्मण सिंह चौहान ने किया।समाज के प्रधान वीके धामा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री श्रद्धानंद शर्मा,सत्यवीर चौधरी, नरेन्द्र पांचाल,राम निवास शास्त्री, यज्ञवीर चौहान, सुरेश चावला,नीतू चावला, सोनिया राघव,अंजना गोयल, मृदुला अग्रवाल, डा प्रमोद सक्सेना आदि उपस्थित रहे। शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



# सिविल सेवा परीक्षा में सीमा तोमर ने सफलता हासिल कर पिलखुवा का किया नाम रोशन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कहावत है कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, जीवन में मेहनत और लगन से उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। ऐसा ही यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सीमा तोमर के साथ हुआ है। लगातार पांच बार के प्रयास के बाद छठी बार में उन्हें सफलता मिल गई। उनकी इस सफलता से जहां वह गदगद है वहीं परिजन भी खुश है। नगर के लोगों ने भी उन्हें सफलता पर बधाई दी है।

मोहल्ला न्यू आर्य नगर निवासी राजपूत के घरों में रहने वाली सीमा तोमर ने वर्ष 2009 में शहर के केएमएस इंटर कालेज से हाई स्कूल, वर्ष 2011 में हापुड़ के ब्रह्मा देवी कन्या इंटर कालेज से इंटर की। इसके बाद उन्होंने एनआईटी श्रीनगर से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया। उनके पिता दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर है। वर्ष 2016 में वह गृह मंत्रालय दिल्ली में एक अधिकारी के पद पर नियुक्त हुई थी। वर्ष 2017 से वह यूपीएससी मैं सफलता के लिए जुट गई। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय में सेवा के दौरान वह सुबह के समय तीन से चार घंटा और रात्रि को चार घंटा ही पढ़ाई कर रहे थी। उनके पति अपूर्व कुमार सिंह 2020 बैच के आईएएस अधिकारी है। मोहल्ले में राजकुमार तोमर, योगेश तोमर, सचिन तोमर अमित तोमर, सुमित तोमर, विनीत तोमर, ओमवती देवी, संतोष देवी , अनुज तोमर, कुलदीप तोमर, सचिन तोमर अमित तोमर ने उन्हें फूलमाला पहनाकर बधाई दी।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के प्रांगण में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के वार्षिकोत्सव 'तरंग' के अंतर्गत 'महाभारत, कथा धर्म और कर्म की' का भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के प्रांगण में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के वार्षिकोत्सव 'तरंग' के अंतर्गत 'महाभारतः कथा धर्म और कर्म की' का भव्य आयोजन
"यदा-यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम
परित्राणाय साधूनाम विनाशाय च दुष्कृताम,धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे"

सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के प्रांगण में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए हर वर्ष होने वाले कार्यक्रम 'तरंग' के अंतर्गत 'महाभारतः कथा धर्म और कर्म की' इस कथानक के प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपने अभिनय और नृत्य कौशल की अद्वितीय झलक प्रस्तुत की। इस शानदार कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को अपनी अभूतपूर्व कला और भावविभोर कर देने वाली प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन ने मुख्य अतिथि श्री जे0सी0जैन, प्रेसीडेंट सी.ओ.ई.आर. यूनिवर्सिटी, रुड़की, उत्तराखंड जी को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित माननीय अतिथिगण श्री गुलशन कुमार भांबरी, सेक्रेटरी, आई.एस.एफ.एल.जिला गाजियाबाद, श्री आलोक गर्ग, ज्वाइंट सेक्रेटरी, आई.एस.एफ.एल.जिला गाजियाबाद, श्री अजीत निगम, पार्षद, गाजियाबाद, रोटेरियन दीपक कुमार अग्रवाल, प्रेसीडेंट रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी, रोटेरियन भारती गर्ग एवं श्रीमती उर्वशी का स्वागत किया गया।

सिलवारलाइन प्रेस्टीज स्कूल से श्री नमन जैन, वाइस चेयरमैन, डॉ0 माला कपूर, फाउंडर डायरेक्ट, श्रीमती बबीता जैन, श्रीमती मोनिका जैन, डॉ0 स्वाति अग्रवाल, डायरेक्टर फाइनेंस, श्री प्रणव जैन, डायरेक्टर एडमिन एवं स्कूल प्रबन्धक, डॉ0 मंगला वैद, सलाहकार, डॉ0 गीता जोशी, प्रधानाचार्या, श्रीमती निधि गर्ग, डॉ0 अरुणा सिंहल, डायरेक्टर कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं डॉ0 सी0एस0नायर, डायरेक्टर स्ट्रेटेजी स्किल्स एंड कैपेसिटी बिल्डिंग ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।





कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुआ। राष्ट्रगान के सस्वर वाचन के माध्यम से समस्त उपस्थितजन ने देश के प्रति समर्पण भाव का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के वाइस चेयरमैन श्री नमन जैन ने उपस्थित अतिथिगण और अभिभावकगण को इस वार्षिकोत्सव के विषय में बताते हुए कहा कि यह कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का फल है। उन्होने सभी बाल कलाकारों की सराहना की और कार्यक्रम के आरंभ का उद्घोष किया।

सभी विद्यार्थियों ने अपने अभिनय और अपने नृत्य कौशल के माध्यम से महाभारत कथा की प्रस्तुति करते हुए गंगा अवतरण, भीष्म प्रतिज्ञा, द्रौपदी जन्म और स्वयंवर, अर्जुन विजय, इन्द्रप्रस्थ में द्रौपदी द्वारा दुर्योधन का अपमान, दुर्योधन का आक्रोश, शकुनि का प्रवेश, चौसर का खेल, द्रौपदी का विलाप और दुशासन द्वारा द्रौपदी के चीर हरण जैसे दृश्यों को अत्यंत भावपूर्ण तरीके से सबके समक्ष रखा। विद्यार्थियों की कलात्मक प्रस्तुति ने प्रत्येक दृश्य पर दर्शक दीर्घा में बैठे सभी अभिभावक एवम् अतिथिगण को करतल ध्वनि से उनकी भरपूर प्रशंसा करने को मजबूर कर दिया। प्रत्येक दृश्य में विद्यार्थियों ने गहरे भावनात्मक संवाद और प्रभावशाली नृत्य की प्रस्तुति दीं। इस नृत्य-नाटिका के माध्यम से उन्होने दर्शकों को महाभारत के धार्मिक और नैतिक संदेश से जोड़ दिया। कार्यक्रम का समापन श्रीकृष्ण के उपदेश के साथ हुआ जिसमें श्री कृष्ण धर्म और कर्म का मर्म समझाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री जे0सी0जैन ने सभी विद्यार्थियों की इस नृत्य नाटिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार लगन के साथ उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन ने उनका परिचय दिया एवं उन्हें प्रतीक चिह्न प्रदान किया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम ने अपनी भव्यता और सौंदर्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन एवं फाउंडर डायरेक्टर डॉ0 माला कपूर ने सभी प्रतिभागियों को अपना स्नेहिल आशीर्वाद देते हुए समस्त अभिभावकगण और शिक्षकवृंद का आभार व्यक्त किया।


# अवैध निर्माण की शिकायत करना पड़ा भारी,आरडब्लूए अध्यक्ष पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव निवासी गौरव बंसल को सोसाइटी के सी-4 टावर की छत पर अवैध निर्माण की शिकायत करना भारी पड़ गया है। गौरव बंसल की पत्नी ने आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी पर घर में घुसकर शिकायत वापस लेने के लिए धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरडब्लूए अध्यक्ष पर उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाते हुए शिकायती पत्र भी पुलिस को सौंपा है। इस पूरे मामले की जांच के लिए पुलिस अधिकारी गुलमोहर एन्क्लेव भी पहुंचे।

जानकारी के मुताबिक गुलमोहर निवासी अनुजा बंसल ने तहरीर में बताया है कि कुछ दिन पूर्व उनके पति गौरव बंसल ने सोसायटी के ही रहने वाले एक व्यक्ति की सोसायटी के सी4 टावर की छत पर अवैध निर्माण करने की शिकायत की थी। जिससे नाराज होकर आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी बीते 20 अक्टूबर की सुबह 10 बजे उनके घर आये और उनसे शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि शिकायत वापस न लेने पर मनवीर चौधरी ने अनुजा बंसल को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी है। अनुजा ने बताया है कि मनवीर ने धमकी दी है कि उसके सम्बन्ध कई जजों और आईपीएस अधिकारियों से भी हैं। इस घटना के बाद से ही अनुजा का पूरा परिवार दहशत में हैं। अनुजा ने बताया कि मनवीर चौधरी मनमाने तरीके से सोसायटी में अवैध रूप से सब्जी का ठेला लगवाते हैं और किसी भी प्रकार की आवाज उठाने नहीं देते। उन्होंने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। वहीं गौरव बंसल ने भी इस घटना के सम्बंध में आलाधिकारियों को ट्वीट कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। साथ ही इस मामले में पीड़िता ने डीसीपी सिटी, कमिश्नर, डीएम और एसएसपी से भी शिकायत की गई है। इस शिकायत के बाद नासिरपुर चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह व सिहानी गेट थाने के एक उपनिरीक्षक भी पीड़िता के घर पहुंचे और उनसे पूरे मामले की जानकारी ली है।





# आर्य समाज आयुध निर्माणी मुराद नगर का वेद प्रचार महोत्सव का हुआ समापन

**बुलन्द सदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** आर्य समाज आयुध निमार्णी मुरादनगर का वेद प्रचार सप्ताह महोत्सव का समापन दिल्ली मेरठ रोड स्थित डॉ राजपाल तोमर के आवास पर सम्पन्न हुआ। भानु प्रकाश शास्त्री भजन उपदेशक एवं आचार्य कर्मपाल शास्त्री द्वारा भजन एवं मास्टर जयपाल पुरोहित द्वारा यज्ञ से सम्बंधित कर्म सम्पन्न हुए।


इस अवसर पर डॉ राजपाल तोमर ने कहा कि आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य दुनिया का कल्याण करना है। आर्य समाज के लोग सभी के प्रति प्रेम, धर्म, और न्याय से प्रेरित रहते हैं। इसका उद्देश्य अज्ञानता को दूर करना और ज्ञान को बढ़ावा देना है। आर्य समाज ईश्वर को सच्चिदानंदस्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अन्नत, अमर, अभय, नित्य, पवित्र, और जगत का रचयिता मानते हैं। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान चयन सिंह, डॉ राजपाल तोमर, वीरेंद्र सिंह सिरोही, सुरेंद्र पाल सिंह, मंत्री अमित आर्य, कोषाध्यक्ष सुभाष आर्य, डॉ मनीष तोमर, राजेश, मीनाक्षी, चादबीर सिंह, अवनी,अनिल तोमर आदि उपस्थित रहे।





# दिल्ली वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन जल्द किया जाए: डॉ.इदरीस कुरैशी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** दिल्ली मुस्लिम मजलिसे मुशावरत के अध्यक्ष डॉ. इदरीस कुरैशी ने दिल्ली की नव निर्वाचित मुख्यमंत्री श्रीमती आतिशी मार्लिना सिंह और उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर मांग की है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की पुनर्गठन जल्द से जल्द किया जाए।

गौरतलब है कि लंबे समय से दिल्ली वक्फ बोर्ड का गठन नहीं हो सका है, जिसके कारण समुदाय को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इमामों और मोअज़िनों की तनख्वाह न मिलने के कारण उनके और उनके परिवारों की जिंदगी कितनी मुश्किल में गुजर रही है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। डॉ. इदरीस कुरैशी ने लिखा है कि वक़्फ़ बोर्ड का गठन न होने से एक बड़ा हादसा हुआ है कि पुरानी दिल्ली की ईदगाह की खाली पड़ी जगह पर डीडीए ने जबरन कब्जा करके झाँसी की रानी की मूर्ति स्थापित कर दी है। उन्होंने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड का गठन न होने के कारण 123 वक्फ संपत्तियों का मामला भी हल नहीं हो पा रहा है, कोई जिम्मेदार न होने के कारण इस पर आगे कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

इन हालात को ध्यान में रखते हुए, डॉ. कुरैशी ने दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द वक्फ बोर्ड की पुनर्गठन करें ताकि राहत मिल सके।

# वैदिक सभ्यता ही है, दीपावली की यह अमावस समस्त भूमंडल पर दिव्य ऊर्जा के अनुदानों की अमृत वर्षा: डॉ.मिथिलेश शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दीपावली व्रत , पर्व, उत्सव, उपवास इन सभी का आधार हमारे वैदिक सभ्यता ही है। दीपावली की यह अमावस समस्त भूमंडल पर दिव्य ऊर्जा के अनुदानों की अमृत वर्षा है। वैदिक ऋषि इतनी ज्ञाता थे कि उन्होंने अपनी तपस्या और साधना के बल पर प्रकृति प्रदत्त प्रत्येक अनुदानों का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। आत्मा को सर्वो उत्कृष्ट बनाने हेतु इन ऊजाओं का ग्रहण करना, उनकी आवश्यकता एवं उनको प्राप्त करने की विधि का ज्ञान भी प्राप्त भी कर लिया था। जितनी भी सत्य शक्तियां हैं, और जितने भी ज्ञान -वि ज्ञान प्राप्त करने के नियम है, अमृत वषार्ने वाले एवं विश्व कल्याणकारी है। धर्म सनातन है और मानव धर्म कृत है। सनातन धर्म सबको मिलकर रहना सिखाता है। संगठन की शक्ति आवश्यक ता से अवगत कराता है। इसके साथ -साथ निर्भीकता भी सिखाता है। सनातन बताता है कि जितना जुल्म करने में पाप लगता है उतना ही जुल्म सहने करने में होता है। हमारे सभी उत्सव, महोत्सव एवं महामहोत्सव इसी भाव का पोषण करते आ रहे हैं। अखिल ब्रह्माण्ड से वरसते हुये अनुदानों को किस तिथि में एवं किस विधि से ग्रहण किया जा सकता है,यह केवल और केवल भारत -भूभाग पर अवतरित अंश ही बता सकते हैं। अखिल ब्रह्माण्ड में केवल सनातन ही लोक एवं दिव्य लोकान्तरों के विषय में ज्ञान रखता है।इस तथ्य पर सभी भारतीयों को गर्व होना चाहिए कि शुद्ध सनातन ही भूलोक के जीवन के साथ -साथ मृत्यु के उपरांत का ज्ञान भी रखता है। ऐसे उन सभी ब्रह्माण्ड -वेत्ताओ को,सभी ज्ञान -विज्ञान के अथाह सागरो के श्री चरणों में जब तक ये सृष्टि चले तब तक मेरा अनवरत प्रणाम चलता रहे। मनोविज्ञान की दृष्टि से जब तक मन में जागरण नहीं हो गया तब तक किसी भी तरह आत्मा प्रकाशित नहीं हो सकती। उत्सव के उल्लास में मनुष्य सब कुछ भूल जाता है। वेदों के एक सूक्त कहा गया है कि सना ज्योति : सना स्व विश्वा च सोम सौभागा कथा नो वस्यसस्कृधि। भावार्थ यह है कि पवित्र और प्रिय सोम रूप परमेश्वर! हमें सदा प्रकाश,ज्योति का दान करो। सदा सुख दो, सदा सम्पूर्ण सौभाग्य दो, अन्ततः। हमें श्रेय और निःश्रेयस प्रदान करो । ईश्वर सर्व भाव प्रकाशक है। वह स्वयं प्रकाश रूप है। वस्तुतः यही परम प्रकाश परमात्मा और आत्मा दीप्ति स्वरूप दीपावली है। यह महामहोत्सव यही समझता है। तच्छुभ्रम ज्योति साम ज्योति : तनिक उस दृश्य को सोचिए,उन जग-मग करते हुए द्वीपों को देखिए , करोड़ों दीपक जल रहें हैं, कुछ छोटे कुछ बड़े। कुछ मैं सरसों का तेल जल रहा है,तो कुछ में घी। किसी में धर्म रूई जल रही है तो कहीं मोमबत्ती के मध्य में सरल धागा। इन सभी विभिन्नताओं में प्रकाश एकही है। दीपावली का ये भौतिक स्वरूप यही बतलाता है कि, आत्मा चाहे कितनी ही भिन्न हो पर वो परमपिता एक ही है। दिवाली के अवसर पर एक दूसरे से मिलना,मन का उल्लास हमें यह समझाया है कि आत्मा परमात्मा से केवल प्रेम से ही मिल सकती है।

**करोड़ों दीपक जल रहें हैं, कुछ छोटे कुछ बड़े, कुछ मैं सरसों का तेल जल रहा है,तो कुछ में घी, किसी में धर्म रूई जल रही है तो कहीं मोमबत्ती के मध्य में सरल धागा, इन सभी विभिन्नताओं में प्रकाश एक ही है**




**शुभारम्भ**

## शक्ति का उपयोग लोक कल्याण के लिए करें तभी दीपावली मनाना सार्थक होगा: स्वामी सूर्यदेव ओंकारेश्वर

# दीपावली महोत्सव एवं दयानन्द बलिदान दिवस का यज्ञ से हुआ शुभारम्भ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** आर्य समाज कविनगर में दो दिवसीय दीपावली महोत्सव एवं दयानन्द बलिदान दिवस का भव्य शुभारंभ ब्रह्मा आचार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ से हुआ। मुख्य यज्ञमान श्री संजय गौतम एवं श्रीमती ऋतु गौतम रहे। यज्ञोप्रांत आचार्य जी ने यज्ञमानों को आशीर्वाद दिया और सुखद जीवन की प्रभु से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जितना उपकार स्वामी दयानन्द ने महिलाओं पर किया है उतना अन्य किसी ने नहीं किया।

बुलंदशहर से पधारे आर्य जगत के सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक आचार्य नरेन्द्र,योगी प्रवीण आर्य एवं नरेश चन्द्र ने ईश्वर भक्ति के सुन्दर भजनों और दयानंद गुणगान से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य वक्ता स्वामी सूर्य देव ओंकारेश्वर (मध्यप्रदेश) ने कहा कि सात्विक स्वभाव के लोग एक अच्छी याददाश्त के साथ बहुत तेज दिमाग के होते हैं।वो सहज रूप से स्वच्छ,व्यवस्थित और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हैं। वे शांत, सभ्य और दूसरों का ध्यान रखने वाले और विनम्र और अच्छे शिष्टाचार के साथ सभी के लिए मददगार होते हैं। सात्विक लोग जीवन को एक अनुभव के तौर पर देखते हैं जिससे वो कुछ अच्छा सीख सकें, और वो पद का कभी घमंड नहीं करते, ना ही ईर्ष्या करते हैं। उन्होंने रामायण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब श्रीराम बनवास गए तो भरत उन्हें वापसी लाने हेतु पीछे पीछे गए थे।वे उनकी खड़ाऊं लेकर अयोध्या लौटे।खड़ाऊं क्यों पहनते हैं? प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा सात्विक ऊर्जा के स्रोत को बढ़ाने के लिए खड़ाऊँ पहनते हैं।हाथ में शक्ति आने पर यदि आपके चेहरे पर कांति,सौम्यता बनी रहती है तो आप सात्विक ऊर्जा के स्वामी हैं।शक्ति का उपयोग लोक कल्याण के लिए करें तभी दीपावली मनाना सार्थक होगा। मुख्य अतिथि कृष्ण देव शास्त्री ने कहा कि दीपावली हमारा पर्व आदि सृष्टि से प्रारंभ हुआ था।यह हमारा सनातन पर्व हैं।नवस्यसेष्टि पर्व वर्ष में दो बार शारदीय दीपावली, वासंती होली पर नवीन अन्न को सर्वप्रथम देवताओं को भोग यज्ञ अग्नि के माध्यम से लगाया जाता है,यह हमारी सनातन परम्परा है।जब जब नया अनाज आता है तब तब हम पर्व मनाते हैं।उन्होंने कहा आज पर्वों का व्यवसायीकरण हो गया है।घी तेल के दीयों की जगह चाइनीज लड़ियों, दीयों,पटाखों ने ले ली है,अपने बच्चों को सनातन परम्परा को समझाना होगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वामी सूर्यवेश ने कहा कि वाल्मीकि समाज में ओर गरीबों में यज्ञ करें,मिठाई बांटे और उनकी सहायता करें उन्हें धर्म परिवर्तन से बचाएं। मंच का कुशल संचालन यशस्वी मंत्री लक्ष्मण सिंह चौहान ने किया। समाज के प्रधान वीके धामा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री आर्य सेवाराम त्यागी, रामेश्वर दयाल गुप्त,उदयवीर शास्त्री, योगी प्रवीण आर्य,विजय पाल सिंह राठी, कविता राठी, विनोद अग्रवाल, मृदुला अग्रवाल, डा प्रमोद सक्सेना, हरवीर सिंह, सत्य पॉल आर्य,आशा रानी आर्य, बृजपाल गुप्ता, राजेन्द्र आर्य, प्रमोद गर्ग,महिपाल सिंह तोमर,नरेन्द्र आर्य आदि उपस्थित रहे। शांतिपाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।







**गाज़ियाबाद ।** थाना नन्दग्राम राज नगर एक्स टेंशन आज वाल्मीकि समाज का स्थापन्ना दिवस मनाया जिसमे भारी स्नख्या तीन सौ गरीब लोगो को रासंन विद्रित किया जिसमे पंजाब से दिल्ली तक के संतो ने भाग लिया और हवनपूजा करा के भगवान मेह ऋषि वामीकि जी का आशीर्वाद लिया अध्यक्ष अशोक मकवाना आयोजन हुआ जिसमे हर वार्ड के मैंबर और पार्षद ने वाल्मीकि जीके आश्रम पर पहुँच कर स्थापना दिवस का भंडारा लिया जिसमे गाज़ियाबाद पुलिस की तरफ से काफी सहयोग रहा मौके पर अध्यक्ष अशोक मकवाना महामंत्री राकेश ग्रोवर कोसा अध्यक्ष सूरज वेद जितेंद्र सूद संस्थापक ओम पर्चा रामभूल एडवोकेट दीप चंद पूर्व सभासद प्रदीप चौहान नरेश दीगान आदि लोग मौजूद रहे।

# ई रिक्शा में महिलाओं के पर्स,नकदी व आभूषण रेकी कर चोरी करने वाले गैंग का खुलासा,दो महिला चोर गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़/पिलखुवा।** जनपद थाना पिलखुवा पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई दो चोरी की घटनाओं का किया खुलासा करते हुए सार्वजनिक स्थानों,भीड़-भाड़,बस/ई-रिक्शा में महिलाओं के पर्स,नकदी व आभूषण आदि चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो महिला चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी निशानदेही पर आठ लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात व नगदी व 8 मोबाइल फोन आदि बरामद किए।




एएसपी विनीत भटानागर व थाना प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाने के दो चोरियों का खुलासा करते हुए दो महिला चोरों हापुड़ की भीमनगर निवासी रेखा पुत्री राजेन्द्र सिंह व केला पत्नी प्रेमपाल को मोदीनगर रोड़ से शमशाद रोड़ की तरफ गिरफ्तार किया गया है। जिनके निशानदेही पर आठ लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात,8 मोबाइल आदि बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर कीमती सामान,आभूषण पहने हुए महिलाओं की रैकी कर उनके साथ बस एवं अन्य वाहनों में सवारी बनकर बैठती हैं और मौका पाकर उनके आभूषण,पर्स आदि चोरी कर ले जाती हैं।

# दीपावली पर हमें लोगों के जीवन से दुखों को मिटाने का संकल्प लेना है: अरुण गोविल







**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

## सदर विधायक ने दीपावली मिलन कार्यक्रम व कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया

**हापुड़।** गढ़ रोड स्थित दयाल रिजेंसी में भाजपा सदर विधायक विजयपाल आढ़ती के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ के साथ दिवाली मिलन कार्यक्रम व कार्यकर्ताओ का सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यकर्ताओ ने प्रतिभाग किया। मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद अरुण गोविल ने कहा कि दीपावली पर हमें लोगों के जीवन से दुखों को मिटाने का संकल्प लेना है। उन्हें सरकार की हर योजना का लाभ दिलाना है। गरीबों को कपड़े और मिठाई का वितरण कर उनके परिवार के साथ दिवाली मनानी है।

पूर्व भाजपा सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि दिवाली के इस त्योहार के महत्व को समझें और परिवार के साथ खुशियां बांटे। दीपावली पर्व आपसी भाईचारा बढ़ाने वाला भी त्यौहार है। सदर भाजपा विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण आज हर वर्ग के जीवन में खुशियां हैं। दिवाली पर संकल्प लें कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचाएंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी,यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि,जिलाध्यक्ष नरेश तोमर,विकास अग्रवाल, संजय कृपाल,जिला महामंत्री पुनीत गोयल,मोहन सिंह, प्रफुल्ल सारस्वत,विजय शर्मा,अशोक शर्मा, संजय त्यागी,मुनेश त्यागी,अमित सिवाल,सुमित पार्चा, पायल गुप्ता,पवन गर्ग, सुनील वर्मा,जिनेंद्र चौधरी, योगेंद्र चौधरी,अजय भास्कर, सतीश सिंघाल आदि उपस्थित रहे।

# सेवा भारती पिलखुवा द्वारा विगत साढ़े नौ वर्ष से अनवरत संचालित "श्रीरामचरितमानस" के तृतीय सत्र का 81 वां साप्ताहिक पाठ का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कमल कुमार मित्तल सुपुत्र स्वर्गीय किशन लाल (प्यावली वाले)के आवास पर, मौहल्ला चाहडिब्बा में किया गया। कथा व्यास रामकेश सिंह ने बताया कि राम राज्याभिषेक की तैयारी में सम्पूर्ण अयोध्या नगरी आनन्द मगन हो कर विभिन्न तैयारियों में जुट गए। मंथरा ने देखा तो पूछा किस उत्सव की तैयारी हो रही हैं श्री राम राज्याभिषेक का समाचार सुनकर खिन्न मन से महारानी कैकेई के पास जाकर यह समाचार सुनाया तो महारानी कैकेई बहुत प्रसन्न हुईं। सेवाभारती के अध्यक्ष सुधीर गोयल ने बताया कि यजमान कमल मित्तल, उमेश मित्तल, पुनीत मित्तल, पंकज मित्तल, कृष्ण कुमार शर्मा, जगदीश शर्मा, अखिलेश मित्तल,राजेन्द्र मित्तल,सुरेन्द्र चौहान, हीरा लाल, तरूण बंसल,हरि कुमार, सीता राम, राजबीर सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, सुबन्धु शर्मा, वेदप्रकाश भारद्वाज, मनोज कुमार, सुशील गोयल, विनीत सिंहल,पवन सिंहल आदि महिलाओं सहित धर्मप्रेमियों ने श्री राम कथा का रसास्वादन किया और धर्म लाभ उठाया।



## मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन पर दर्जनों स्थानों पर हुआ वाई पी सिंह का स्वागत

# धौलाना क्षेत्र की आन बान शान है वाई पी सिंह : विनोद शिशोदिया बार अध्यक्ष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना के गांव बासतपुर निवासी वाई पी सिंह ने भाजपा को पिछले चार दशक से अपने लहू से सीच क्षेत्र में जिंदा रखा है । लेकिन देर से ही सही आलाकमान में उन्हें सिडको का चेयरमैन बना दर्जा प्राप्त मंत्री का दायित्व देकर उनके साथ साथ क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

इसी कड़ी में शनिवार को मंत्री बनने के बाद उनका प्रथम आगमन हुआ । जहां दर्जनों स्थानों खेड़ा मोड, कंदौला गैट, तहसील गैट, वशिष्ठ चौक सहित कई स्थानों पर वाई पी सिंह का भव्य स्वागत हुआ। जिसके बाद उन्होंने राज शगुन फॉर्महाउस में जनता का धन्यवाद प्रेषित किया । इस मौके पर धौलाना तहसील बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया ने कहा कि वाई पी सिंह धौलाना क्षेत्र की आन बान शान है । जिन्होंने हमारे क्षेत्र को गौरांवित किया है ।

उन्होंने आज तक भाजपा को इस क्षेत्र में संजीवनी देने का काम किया है । हमें गर्व है वाई पी सिंह हमारे क्षेत्र से है । इस दौरान धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया, जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, युवा कद्दावर नेता डा के पी राणा सिरोधन सहारा वाले, पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा, अमर पाल सिंह राणा, रामप्रकाश राणा, सचिन शर्मा, मोहित शर्मा, योगेन्द्र राणा, संजीव राघव, गजेन्द्र सिंह, ओपी सिंह विकट, मिंटू चौहान, ठाकुर ऋषिपाल सिंह, अभिषेक तोमर, ओज कवि राजकुमार सिंह, सतीश राणा, विजय शर्मा, योगेश शिशोदिया, प्रदीप राणा, राहुल राणा, लोकेश शिशोदिया, यशपाल सिंह, लीला सिंह, समित गुप्ता, मनोज गौतम, सुरेन्द्र पाल सिंह मुन्ना, राजू त्यागी, सचिन शर्मा आदि सहित भारी संख्या में लोग रहे ।





# मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता...एसएसवी इंटर कालेज के छात्र दिवेश ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** 68 वीं मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर में किया गया था। इस प्रतियोगिता में शहर के प्रसिद्ध एस.एस.वी.इण्टर कालेज के छात्र दिवेश कुमार ने अण्डर-14,बालक वर्ग में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल व 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतकर कालेज का नाम रोशन किया है। एसएसवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने बताया कि मंडलीय प्रतियोगिता जितने के उपरांत अब दिवेश का चयन 04 नवम्बर से 08 नवम्बर 2024 तक बनारस में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है।

## प्रधानाचार्य ने मेडल पहनाकर छात्र को किया सम्मानित



गौरतलब है कि दिवेश कुमार ने जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, एवं 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीते थे, जिससे दिवेश कुमार चैम्पियन बना था।

कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने छात्र दिवेश को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और साथ ही उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कॉलेज के क्रीड़ा अध्यक्ष सोमेन्द्र सिंह को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ0 पुरूषोत्तम शर्मा,आशुतोष पाण्डेय,विष्णु दत्त शर्मा, राजेश रजक आदि उपस्थित थे।

# सिरोधन छज्जूपुर और चचोई गांव के भाजपाइयों ने सांसद संग मनाया दीपावली मिलन समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । धौलाना के गांव सिरोधन, चचोई, छज्जूपुर के भाजपाइयों ने युवा भाजपा नेता डा के पी राणा सिरोधन के नेतृत्व में मेरठ सांसद अरुण गोविल को सम्मानित कर धूमधाम से दिवाली मिलन समारोह मनाया और मिष्ठान वितरण किया।

## राम का किरदार निभाने वाले सांसद अरुण गोविल को किया सम्मानित

सुरेंद्र सिसोदिया प्रतिनिधि विधायक ने बताया दीपावली मिलन समारोह गढ़ रोड दयाल रीजेंसी में मुख्य अतिथि सांसद अरुण गोविंद जी को राम दरबार भेट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल , संजय कृपाल, पुनीत गोयल , मोहन सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रफुल्ल सारावत, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय त्यागी, मुनेश त्यागी, अमित सिवल, सुमित, पायल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दिनेश त्यागी, पवन, सुनील वर्मा, जिनेंद्र चौधरी, मनोज वाल्मीकि, योगेंद्र चौधरी , मंच संचालक अजय भास्कर, सतीश, एडवोकेट कवि राजकुमार सिसोदिया , जसवीर सिंह , डा केपी राणा, संजय मौजूद रहे ।



**आयोजन** — आरोग्य मेले में सैकडो पशुओं का किया गया उपचार

# ग्राम नगला गज्जू में पशुपालन विभाग द्वारा पशु मेले का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** राजकीय पशु चिकित्सालय धौलाना के कुशल नेतृत्व में ग्राम नगला गज्जू समाना में पशु चिकित्सा विभाग के सौजन्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले व गोष्ठी का आयोजन किया गया। धौलाना पशु चिकित्साधिकारी डा विनीत शर्मा ने बताया की शिविर में लगभग 284 पशुओं का पंजीकरण व उपचार किया गया। जिनके उपचार हेतु तत्काल पशुपालकों को दवा उपलब्ध कराई गई । इस मौके पर प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. विनीत शर्मा राजकीय पशु चिकित्सालय धौलाना का विशेष योगदान रहा । शिविर में काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। पशु जांच व उपचार शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य उमेश चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग द्वारा हरे चारे कृत्रिम गभार्धान (गोकुल मिशन) पशुधन बीमा, बाझपन समस्या और वगीर्कृत वीर्य से गभार्धान आदि का महत्व बताया। उन्होंने पशुपालको की निशक्षित और आवारा गोवंश की समस्या के समाधान के लिए वृद्ध गौ संरक्षण केन्द्र की स्थापना टीकाकरण का महत्व, कृमिनाशक दवापान आदि की जानकारी दी। कुक्कुट विकास निधि 2013 के अन्तर्गत मुर्गी पालन व बकरी पालन समेत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई । शिविर में 284 (कुल छोटे बडे ) पशुओं का पंजीकरण कर पशु चिकित्सा, कृत्रिम गभार्धान, बधियाकरण, लघु शल्य चिकित्सा, कृमिनाशक दवापान बाझपन आदि चिकित्सा की गई इस दौरान ग्राम प्रधान चमन सिंह, प्रधान खेम सिंह, डा अभिलाष, शैफाली गुप्ता, डा राजपाल सिंह, डा कुलदीप त्यागी, विजय कुमार, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र प्रताप, कुलदीप त्यागी, विजय कुमार, दीपक कुमार, अरुण कुमार, संजय शर्मा, प्रेमसिंह राणा, मंगल सैन, सचिन कुमार , सादिक तोमर, उत्तम कुमार, सचिन गोस्वामी, संजय कुमार, व टीटू आदि का विशेष योगदान रहा ।

## धौलाना पशु चिकित्सालय टीम का महत्वपूर्ण योगदान





# केशव मारवाड़ गर्ल्स डिग्री कालेज में रंगोली व अन्य प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने हिस्सा लिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** दीपावली के मौके पर महाविद्यालय में रंगोली, वंदनवार, ग्रीटिंग कार्ड और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सभी प्रतियोगिता में भड़चढ़कर हिस्सा लिया और एक से एक सुंदर रंगोली ,ग्रीटिंग कार्ड, बंदनवार और मेहंदी लगाकर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। प्रेमवती इंटर कॉलेज की गृह विज्ञान प्रवक्ता श्रीमती रूबी जैन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय की गृहविज्ञान प्रवक्ता डॉ चेतना तायल के दिशा निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर मेहंदी में सुमायला ने प्रथम,संजना ने द्वितीय और तनीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में प्रथम अंशु, द्वितीय शगुन और सानिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बंदनवार में प्रथम कहकशा, द्वितीय मानसी रहीं । ग्रीटिंग कार्ड में प्रथम मानसी, द्वितीय कहकशा रही इस प्रतियोगिता में बीकॉम की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कई प्राइस अपने नाम किए इसके पश्चात विजेता छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया एवं भाग लेने वाली सभी छात्राओं को कंसोलेशन प्राइज देकर सम्मानित किया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर निशा गर्ग,डॉक्टर शशी शर्मा, डॉक्टर मंजू जैन, डॉक्टर प्रीति कौशिक, श्रीमती स्वर्णलता ,अर्चना यादव ,प्रिया, शिवानी, वंशिका, ललित ,इसरार ,प्रवेश ,होराम और मंजू आदि का सहयोग रहा।





## सम्पादकीय

# टैक्स चोरी करने वालों की मौज



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

किसी अज्ञात शायर का शेर है- विसाल ए यार से दूना हुआ इश्क, मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की। यही हुआ है भारत में बड़े धूम धड़ाके से आधी रात को संसद बुला कर शुरू किए गए अप्रत्यक्ष कर सुधार के कानून, वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी के साथ। जैसे जैसे कानून पुराना हो रहा है वैसे वैसे टैक्स चोरी भी बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि जिस तरह से आधी रात को आजादी की घोषणा हुई थी उसी तरह जुलाई 2017 में नरेंद्र मोदी सरकार ने आधी रात को संसद बुला कर जीएसटी कानून लागू करने का ऐलान किया था।

इस कानून को अप्रत्यक्ष कर से जुड़ी तमाम गड़बडियों के लिए एकमात्र उपाय के तौर पर प्रस्तुत किया गया। केंद्र ने कितनी ही मेहनत करके सभी राज्यों को इसके लिए तैयार किया कि वे कर वसूलने का अपना अधिकार छोड़ दें और यह काम केंद्र को करने दें। कहा गया कि यह 'एक देश, एक करइ की व्यवस्था है लेकिन हकीकत में यह एक देश, अनेक कर की पुरानी व्यवस्था का ही विस्तार है। वह एक अलग मसला है। कारोबारियों को हो रही समस्याएं भी एक बड़ा मसला है। लेकिन अगर सिर्फ टैक्स चोरी की बात करें तो यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि जिस मकसद से इस कानून को लागू किया गया था वह पूरा नहीं हो पा रहा है। भारत सरकार की संस्था डीजीजीआई यानी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी की चोरी दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हुई है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक अगर केंद्रीय जीएसटी में चोरी को जोड़ दें तो वित्त वर्ष 2023-24 की टैक्स चोरी 2.37 लाख करोड़ रुपए पहुंच जाएगी। यानी अगर सरकार साल में 20 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी इकट्ठा करती है तो उसके 12 फीसदी के बराबर टैक्स चोरी होता है! यह आंकड़ा कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बिहार जैसे विशाल राज्य का सालाना बजट 2.62 लाख करोड़ का होता है। यानी बिहार के बजट के लगभग बराबर जीएसटी की चोरी हुई है।

भारत सरकार का बजट 40 लाख करोड़ रुपए का है। जीएसटी की चोरी उसके लगभग छह फीसदी के बराबर है। इतनी बड़ी टैक्स चोरी हो रही है और सरकार को पता होने के बावजूद वह कुछ नहीं कर पा रही है! चोरी रोकने की बजाय सरकार इस उधेड़बुन में है कि कैसे कुछ और वसूली बढ़ाई जा सके। तभी जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने या रेशनलाइज करने के लिए बने मंत्री समूह की बैठक हुई तो उसमें जो फैसले हुए उनको लेकर बताया गया कि इससे सरकार को 10 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त टैक्स मिलेगा। यानी सारे उपाय अतिरिक्त टैक्स हासिल करने के ही हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि जीएसटी की चोरी में सिर्फ निजी या फर्जी कंपनियां शामिल हैं। सरकारी कंपनियां भी टैक्स चोरी कर रहे हैं या छिपा रही हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनी को पिछले एक साल में टैक्स चोरी के अनेक नोटिस जा चुके हैं। बीमा कंपनियों के अलावा ई कॉमर्स कंपनियां, आईटी सेक्टर की कंपनियां, ऑनलाइन गेमिंग की कंपनियां, पान मसाला और गुटखा, सिगरेट बेचने वाली कंपनियां, सब टैक्स चोरी में शामिल हैं। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों ने ही एक साल में एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा टैक्स की चोरी की है। बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इश्योरेंस यानी बीएफएसआई भारत का सबसे संगठित सेक्टर है। जीएसटी की चोरी में यह सेक्टर दूसरे स्थान पर है। सोचें, देश का वित्तीय सेक्टर, जो इस समय आईटी के साथ साथ सबसे तेजी से बढ़ता सेक्टर है और जिसके क्लायंट की पूरी सूचना सेक्टर की कंपनियों के पास होती है वहां इतनी बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी हो रही है।

# भारत देश की राजनीतिक का ताना-बाना क्या बदल रहा है



चौ. शौकत अली चेची
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
किसान एकता संघ एवं
पिछड़ा वर्ग उ.प्र. एंव सचिव (सपा)

पारसी, सिक्ख, जैन, ईसाई, बौद्ध, कभी नहीं कहते कि हम खतरे में हैं हमारा धर्म खतरे में है लेकिन 100 करोड हिंदुओं को क्यों डराया जा रहा है हिंदू मानवता को पसंद करते हैं फिर चंद लोगों की खातिर किसी भी पूरी कम्युनिटी को क्यु एवं क्यों बदनाम किया जाता है । पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया गोरक्षा के नाम पर निर्दोष लोगों की लगातार हत्याएं हो रही हैं ईरान, इराक, कुवैत, समेत भारत 15 देशो को हलाल मीट एक्सपोर्ट करेगा

क्या देश में दाऊद गैंग सक्रिय हो गया है लॉरेंस बिश्नोई गुजरात की जेल में बंद होने के अनुसार भी आरोप है महाराष्ट्र के ल्लूस्र नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या दिल्ली में जिम मालिक नादिर शाह की हत्या पंजाब में सिंगर सिद्दू मूसेवाला की हत्या राजस्थान मैं करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगा मेडी की हत्या बाकी और कितनी हत्याएं की होगी आगजनी तोड़फोड़ उपद्र निर्दोष लोगों की हत्याएं घोटाला बलात्कार एवं महिलाओं पर अत्याचार इन सबके कनेक्शन ज्यादातर बीजेपी फ्ररर से जुड़े हुए क्यों पाए जाते हैं क्यों पुलिस प्रशासन एवं कानून आंख बंद करके बैठा है न्यायपालिका से लोगों का भरोसा क्यों उठ रहा है।

यूपी बहराइच का दंगा शांत नहीं हुआ दिल्ली जामिया मिलिया में फिर एक और आग भडाकने की कोशिश की बहराइच में एक गरीब बेचारा राम गोपाल मिश्रा बेफिजूल मारा गया पुलिस बयान के मुताबिक तथा कथित हिंदुओं की गोली से मारा गया मुसलमानों को हत्या के जुर्म में गिरफ्तार किया बुलडोजर की नीति का नोटिस घरों पर लगा दिया सब कुछ पैटर्न के मुताबिक चला बहराइच बहुत बड़े जेनोसाइड की साजिश थी भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह और उनका परिवार निशाने पर था अगर विधायक के साथ कोई बड़ी अनहोनी होती तो देश का मंजर भयंकर होता लेकिन बलि चढ़ा गरीब राम गोपाल मिश्रा गंभीर विषय है हर साल मूर्ति विसर्जन का जुलूस निकलता है परमिशन होती है रूट तैयार होता है फोर्स लगती है तो पुलिस प्रशासन की लापरवाही क्यों मुस्लिम बस्ती में आपत्तिजनक गाना क्यों बजाया गया एवं राम गोपाल मिश्रा को आस्था का प्रतीक हरा झंडा मुस्लिम के घर की छत से हटाकर फाड़ कर एवं भगवा झंडा लगाने को किसने उकसाया पुलिस प्रशासन ने क्यों नहीं अपनी जिम्मेदारी निभाई सवाल यह भी है दैनिक भास्कर के स्टिंग ऑपरेशन की रिपोर्ट ने यूपी सरकार एवं पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर रही है जिसमें दो लड़कों का वीडियो चिक कर कह रहा है सोची समझी रणनीति थी जिन्होंने निर्दोष लोगों के घरों एवं संपत्तियों को जलाया उनके घर पर बुलडोजर कब चलेगा बीजेपी के विधायक ने ही भाजपा के लगभग आठ कार्यकताओं पर मुकदमा दर्ज कराया है अब विधायक सुरेश्वर सिंह क्यों बयान बदल रहे हैं क्यों नहीं उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए। धर्म मानवता है पाखंड नहीं जज साहब ने कभी ईश्वर के सामने पूछा हजारों लोग निर्दोष जेलो में पड़े हैं उनकी पेशी क्यों नहीं जज साहब ने भगवान से क्या पूछा की महाराष्ट्र में शिवसेना के दल बदल पर अपना ही लिखाया फैसला क्यों नहीं सुनाया 10 नवंबर के बाद जज साहब रिटायर हो जाएंगे देश के करोड़ों लोग अनगिनत सवाल जरूर पूछेंगे न्यायपालिका में लगभग 5 करोड़ केस पेंडिंग है एवं सिविल न्यायालय में भी लगभग 5 करोड़ केस पेंडिंग है इन केसों से लगभग 20 करोड लोग जुड़े हैं जो सभी भारतवासी हैं यह नाइंसाफी किस लिए जज साहब 90% बड़े नेताओं के बच्चे विदेशो में ही पढ़ते हैं ips, ias,mbbs, आदि की बड़ी-बड़ी डिग्री लेकर बड़े अधिकारी बन जाते हैं तथा बड़े-बड़े नेता बन जाते हैं किसी भी नेता के बच्चे दंगा आगजनी तोड़फोड़ में शामिल नहीं होते लेकिन देश की गरीब भोली भाली जनता को आस्था एवं धर्म रक्षा के नाम पर दंगाई बनाते हैं तो जगदीश धड़कन जी का मतलब यह है कि आम लोगों के बच्चे विदेश में पढ़ने जाएंगे तो डिग्री लेकर बड़े अधिकारी बनेंगे या बड़े नेता बनेंगे नफरत वादी मलाई खाने वाले नेताओं की राजनीति समाप्त हो जाएगी जगदीश धड़कन का कहना है कि भारतीय छात्रों के विदेश जाने से भारत को लगभग 50000 करोड रुपए का नुकसान हुआ है पिछले 10 सालों में कितने डिग्री कॉलेज देश में बने इसका जवाब कौन देगा शिक्षा बजट क्यों घटा दिया गया उद्योगपतियों के लगभग 24 लाख करोड रुपए बैंक लोन माफ क्यों कर दिए गंभीर सवाल भारत के छात्र विदेश नहीं जाते तो गूगल माइक्रोसॉफ्ट जैसी 50 फॉर्चून 500 कंपनियों में भारतीय सीईओ नहीं रहते यह सारे कांग्रेस के बनाए इंस्टिट्यूट से पढ़ कर काबिल बन विदेश में डिग्रियां हासिल की भारत की शिक्षा को 2014 के बाद किस तरह बर्बाद किया है ।

बुद्धिजीवी लोग भली-भांति जानते हैं मुश्किल से 10 यूनिवर्सिटी 100 कॉलेज,5 iit,5iim,iisc, जैसे 6 इंस्टिट्यूट एवं कुछ मेडिकल कॉलेज ही बचे हैं जहां शिक्षा बची है देश में रोजगार नहीं महंगाई चरम सीमा पर एमबीबीएस की डिग्री विदेश में लगभग 25 लाख रुपए में मिल जाती है लेकिन भारत में एमबीबीएस की डिग्री लगभग 90 लाख रुपए में मिलती है लगभग 70% शिक्षित लोगों को 10000 महीने की कमाई नहीं हो रही यही कारण है कि पिछले 10 सालों में लगभग 16 लाख भारतीयों ने विदेश की नागरिकता ग्रहण कर वहीं बस गए हैं सत्ता में बैठे लोग अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए आधारहीन बयान देते हैं पिछले 10 सालों में देश पर लगभग 270 लाख करोड रुपए का कर्ज क्यों हो गया हंगर इंडेक्स में भारत देश 111वे स्थान पर क्यों पहुंच गया खुशी इंडेक्स में 126 वे स्थान पर क्यों पहुंच गया सोना 76000 रुपए एवं डॉलर 85 पर क्यों पहुंच गया हर वर्ष लगभग 10000 बेरोजगार आत्महत्या क्यों कर रहा है लगभग 12000 अन्नदाता हर वर्ष क्यों आत्महत्या कर रहा है अन्नदाता के पैदा करें माल एवं संपत्ति को 10 में खरीद कर 50 में क्यों बेचा जा रहा है शिक्षा एवं चिकित्सा से आम इंसान वंचित क्यों हो रहा है अमीर और अमीर होता ही जा रहा है गरीब और गरीब क्यों होता ही जा रहा है स्विस बैंक में काला धन 69468 करोड रुपए जमा हो गया 15-15 लाख किसी के खाते में नहीं आया लगता है 45- 45 लख रुपए मिलेंगे जायज हक और सभी के अधिकार की आवाज उठाने वाला अपराधी एवं देशद्रोही क्यों बनाया जा रहा है भारत से पड़ोसी मुल्क क्यों नाराज हैं विदेश नीति क्यों धूमिल होती ही जा रही है आज की युवा पीढ़ी एवं आने वाली नस्लों को नफरत व बबार्दी की आग में क्यों झोका जा रहा है देश को अमन चयन तरक्की भाईचारे से क्यों दूर किया जा रहा है जातिगत जनगणना से नफरत क्यों एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण को क्यों समाप्ति की तरफ ले जाया जा रहा है ।

नोटबंदी, कोरोना लॉकडाउन, पीएम केयर फंड, राफेल खरीद, मुजफ्फरनगर दंगा, दिल्ली दंगा, मणिपुर दंगा, पश्चिम बंगाल दंगा असम दंगा, मध्य प्रदेश दंगा, हरियाणा दंगा, उत्तराखंड दंगा, अयोध्या मंदिर, कंधार हाईजैक, अक्षरधाम हमला, रघुनाथ मंदिर हमला, करगिल हमला, संसद पर 2001 व 2023 हमला, अमरनाथ यात्रियों पर हमला, गोधरा कांड, पठानकोट हमला, उरी हमला, पुलवामा हमला, गलवान घाटी हमला, इनकी तारीखो को इलेक्शन से मैच किया जाए या राजनीतिक षड्यंत्र से जोड़ा जाए तो पता चलता है हिंदू खतरे में है या बीजेपी सरकार हिंदू मुसलमान हिंदुस्तान पाकिस्तान मंदिर मस्जिद शमशान कब्रिस्तान इन सभी भूल भुलैया से हटकर अब जागरूकता की तरफ बढ़ने का समय है टीवी डिबेट से 80% भ्रम फैलाया जा रहा है बेरोजगारी महंगाई अत्याचार भ्रष्टाचार बलात्कार हत्या आत्महत्या जाति धर्म की नफरत तानाशाही कानून का दुरुपयोग इन सभी से निजात पाने की जरूरत है भारत देश अनेक तरह का फूलों के गुलदस्ता जैसा है जिसकी खुशबू रोशनी की किरण बनकर देश के कोने-कोने को महका रही है तथ्यहीन बातों द्वारा महकती हुई खुशबू को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है जिसका खामियाजा बुद्धिहीन आम लोग भुगत रहे हैं जीएसटी टैक्स वैट आदि से सबसे ज्यादा सरकारी खजाने को भरने वाले 80% देशवासी अपने अधिकारों से वंचित हैं ।

**जय विज्ञान जय संविधान जय हिंदुस्तान जय जवान जय किसान**

# अपने ही देश में अपने मिट्टी को भूल गये

जबसे बिजली और मोम के दीपक आ गये
तबसे दिवाली पर मिट्टी के दीपक जलाना भूल गये
हम सब उन कुम्हारो को भूल गये
अपने ही देश मे अपने मिट्टी को भूल गये
ऑनलाइन शॉपिंग के चक्कर मे हम सब कुछ भूल गये

पीते थे जिसमे चाय उस कुल्ल्हड़ को कैसे भूल गये
जिसमे पकाते थे बड़े शौक से भोजन
उस के मिट्टी के बर्तन को कैसे भूल गये
तड़पती धुप मे जिसने प्यास बुझाई
उस मटके का पानी पीना भूल गये
ऑनलाइन शॉपिंग के चक्कर मे हम सब कुछ भूल गये

गर्मी हो चाहे बरसात दिन भर चाक चलाया
हम सब उनकी मेहनत को भी भूल गये
स्वदेशी का अभियान चलाने वाले
मिट्टी के दीपक जलाना भूल गये
अपने ही देश मे अपने मिट्टी को भूल गये
ऑनलाइन शॉपिंग के चक्कर मे हम सब कुछ भूल गय

दिवाली पर बस याद करके हम उन्हें भूल गये
हाल क्या है उनका टीवी अखबार दिखाना भूल गये
चौक चौराहे पर अक्सर वह दिख जाते है
हम सब मिट्टी के उपयोगो को भूल गये
ऑनलाइन शॉपिंग के चक्कर मे हम सब कुछ भूल गये
हम सब उन कुम्हारो को भूल गये




महेश कुमार प्रजापति

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# कहाँ गुम हो जाते है पटाखे जलाने के सरकारी आदेश, साड़ी रात जलते है पटाखे



अशोक भाटिया , मुंबई

हर बार की तरह इस साल भी दीवाली का त्योहार बेहद ही धूमधाम से मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में इस पर्व की खास मान्यता है। इस दिन लोग अपने घरों से लेकर दफ्तर आदि जगहों पर रौशनी करते हैं। इसके लिए दीये और मोमबती जलाई जाती हैं। इस दिन भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इसके अलावा लोग इस दिन पटाखे भी जलाते हैं। गली-मोहल्ले से लेकर हर जगह लोग पटाखे जलाते हैं, लेकिन अगर आप दिल्ली में रहते हैं तो आपके लिए ये जानना जरूरी हो जाता है कि आप दीवाली पर पटाखे नहीं जला सकते और अगर आप ऐसा करते हैं, तो आपके ऊपर एक्शन लिया जा सकता है। प्रदूषण पर लगाम लगाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 2021 में केवल ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति देने वाला उसका आदेश सिर्फ. दिल्ली-एनसीआर में ही नहीं बल्कि पूरे देश में लागू होगा। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि बच्चे "इन दिनों" पटाखे नहीं जलाते बल्कि वयस्क पटाखे जलाते हैं। साथ ही, पीठ ने यह भी कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हर किसी का कर्तव्य है। राजस्थान सरकार को बेरियम साल्ट और अन्य प्रदूषणकारी रसायनों का उपयोग करने वाले पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और त्यौहारों के दौरान वायु और ध्वनि प्रदूषण को रोकने के न्यायालय के आदेशों का पालन करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि किसी नए निर्देश की आवश्यकता नहीं है। इसने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पूरे देश में बाध्यकारी हैं और राजस्थान से इस मुद्दे पर अपने पिछले निदेशों पर ध्यान देने को कहा। 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पटाखों के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है, लेकिन बेरियम साल्ट वाले पटाखों पर प्रतिबंध है। कोर्ट ने कहा कि इसका खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है और चेतावनी दी कि किसी भी चूक के लिए विभिन्न स्तरों पर शीर्ष अधिकारियों को "व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा" ।2018 में कोर्ट ने पटाखे फोड़ने के लिए समय भी तय किया था। कोर्ट ने कहा था कि दिवाली पर रात 8 बजे से 10 बजे के बीच और नए साल और क्रिसमस पर रात 11:55 बजे से 12:30 बजे के बीच पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। आकाश सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पल्मोनरी मेडिसिन के विशेषज्ञ डा. अक्षय बुधराजा कहना है कि पटाखे जलाने से सल्फर आक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड, कार्बन मोनोआक्साइड जैसी जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं। इसके अलावा वातावरण में पीएम-10 और पीएम-2.5 का स्तर बढ़ जाता है, जो स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।कैंसर व अंग प्रत्यारोपण के मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। प्रदूषण भी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर करता है। इसे वजह से कैंसर व अंग प्रत्यारोपण कराने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। डा. अक्षय ने कहा कि लंबे समय तक प्रदूषण से फेफड़े का कैंसर भी होता है। वातावरण में जहरीली गैसें व प्रदूषक तत्व बढ़ने से एलर्जी होती है। इससे आंखों में जलन व त्वचा पर एलर्जी की समस्या हो सकती है।

# गारंटी : न खरीद की,न समर्थन मूल्य की,न वितरण की



संजय पराते

इस बार फिर हरियाणा और पंजाब के किसान परेशान और हलाकान है। रबी फसलों के लिए केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी गई है, इस दावे के साथ कि घोषित मूल्य लागत का डेढ़ गुना से ज्यादा है। लेकिन इस सवाल पर वह मौन है कि यह समर्थन मूल्य सी-2 लागत पर आधारित है या ए-2+एफएल लागत पर। किसान जानते हैं कि मोदी सरकार उन्हें सी-2 लागत आधारित समर्थन मूल्य देने से इंकार कर रही है, जिसके लिए वह लगातार पिछले 4 वर्षों से आंदोलन कर रहा है। जिस न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा सरकार ने



की है, वह लाभकारी तो है ही नहीं, बल्कि उससे तो अनाज को मंडी तक ले जाने की लागत भी नहीं निकल रही है। सीजन की शुरूआत से ही खरीदी प्रक्रिया संकट में पड़ गई है। एफसीआई हांफने लगी है कि उसके पास अनाज रखने के लिए जगह ही नहीं है, तो खरीदकर उसे रखे कहां! और जगह क्यों नहीं है? इसलिए कि पिछले वर्ष केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए गोदामों से अनाज का उठाव नहीं किया और इसके बाद भी जो गोदाम खाली भी थे, उसे एफसीआई ने अडानी और अंबानी को किराए पर दे रखा है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय भंडारण निगम को तो पहले ही खत्म कर दिया है, जिसके कारण सार्वजनिक क्षेत्र में भंडारण सुविधाओं में बड़े पैमाने पर कमी आई है। वास्तव में देखा जाएं, तो आज अनाज के निजी खिलाड़ियों के पास भंडारण सुविधाएं अपेक्षाकृत ज्यादा है।

वास्तव में इस आरोप में दम है कि मोदी सरकार किसानों से अनाज की खरीद और अपने नागरिकों को राशन दुकानों के जरिए इसके वितरण, दोनों प्रक्रिया से धीरे-धीरे और अघोषित रूप से पीछा छुड़ाना चाहती है। बजट आबंटन से यह बहुत ही स्पष्ट है। पिछले दो सालों में ही उर्वरक सब्सिडी में 87,339 करोड़ रुपए और खाद्य सब्सिडी में 67,552 करोड़ रुपयों की कटौती कर दी गई है। वर्ष 2022-23 में खाद्य सब्सिडी में 2,72,802 करोड़ रुपए रखे गए थे और इस वर्ष 2024-25 के बजट में रखा गया है इससे भी कम 2,05,250 करोड़ रुपए। इसी प्रकार, उर्वरक सब्सिडी के मद में वर्ष 2022-23 के आबंटन 2,51,339 करोड़ रुपए को वर्ष 2024-25 में घटाकर 1,64,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इन मदों में बजट में जो राशि आबंटित की जाती है, उतनी राशि भी खर्च नहीं की जाती।

# मुरझाए चेहरे खिल उठे, हर घर पहुंचे उजाला



अशोक भाटिया , मुंबई

दीपावली की उजास से मुरझाए चेहरे भी खिल उठे, हर घर में प्रगति का प्रकाश पहुंचे, दीप पर्व में छुपा यह महत्वपूर्ण संदेश हमें सामाजिक सहयोग की प्रेरणा देता है। सामाजिक सहयोग की यह भावना सिर्फ दीपावली के दिनों में ही नहीं अपितु साल के 365 दिन चलती रहनी चाहिए। आपसी सहयोग की भावना से ही समाज में समानता स्थापित हो सकती है। इसी तरह की निर्मल ओर पवित्र सहयोग की भावना का संदेश देता एक टीवी विज्ञापन जब भी देखता हूँ, मन में निर्मल ओर पवित्र सामाजिक सहयोग की भावना बलवती होने लगती है। एचपी इंडिया कंपनी द्वारा दिखाए जाने वाले इस विज्ञापन का निर्माण वर्ष 2018 में हुआ विज्ञापन में दीपावली के दौरान सड़क के किनारे बैठी एक बुजुर्ग महिला दिए बेच रही है, दीपावली की खरीदी के दौरान अपनी माँ के साथ बाजार आया बालक अपनी माँ से दीपक खरीदने को कहता है, बुजुर्ग महिला से दिए खरीदने हेतु अनिच्छा जताती माँ अपने पुत्र के साथ आगे निकल आती है। किंतु संवेदनशील बालक अकेला आकर दीपक खरीदते हुए बुजुर्ग महिला से जब हैप्पी दीपावली कहता है तब अपने पर्याप्त दीपक न बिक पाने से निराश बुजुर्ग महिला बालक से कहती है ह्लकाहे की हैप्पी दिवाली, जब तक यह दिए न बिक जाएह्ल बालक बुजुर्ग महिला की मोबाइल से फोटो खींचता है, अपने लेपटॉप से बुजुर्ग अम्मा की फोटो सहित एक पोस्टर बनाता है जिसपर लिखा होता है अम्मा की दीपावली हैप्पी बनाओ, जाकर उनसे दिए ले आओ। इन पोस्टरों को अपने आसपास के घरों में ओर दीवारों पर चिपका देता है। पोस्टर देखकर, पढ़कर बुजुर्ग अम्मा के सारे दिए बिक जाते है। मुरझाया चेहरा खिल उठता है। दीपावली के दौरान भावप्रधान यह विज्ञापन समाज में सहयोग की भावना को बढ़ाता है, परस्पर सहयोग करने की प्रेरणा भी देता है। एचपी इंडिया का एक ओर भावना प्रधान विज्ञापन है जिसमें बुजुर्ग चित्रकार की पेंटिंग की दुकान महानगर के बाजार से हटा दी जाती है, तब यह बुजुर्ग कहता है, आजकल शहरों में हमारे लिए जगह नहीं रही। बुजुर्ग के मुंह से निकले उक्त कथन को एक कला पसंद संवेदनशील महिला सुन रही होती है जो किसी कंपनी की प्रमुख होती है। अपनी कंपनी के ऑफिस में दीपावली की सजावट हेतु उस बुजुर्ग की चित्रकला का उपयोग करती है। बुजुर्ग को कंपनी के ऑफिस आमंत्रित करती है। तब उक्त बुजुर्ग के चेहरे पर आने वाली खुशी निश्चित ही समाज के हर वर्ग की हैप्पी दीपावली का भावना प्रदान संदेश है। सहयोग का पाठ 2018 में बने उक्त विज्ञापन सिखाते प्रतीत होते है। भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति है। हमारी परंपरा के महान चरित्रों ने भी आपसी सहयोग के उदाहरण प्रस्तुत




किए है। संवेदनाओं को समझा है, दारुण दुख से पीड़ित लोगों के साथ खड़े होकर उन्हें कष्टों से उभारा है। दीपावली का महान उत्सव जिस महान चरित्र के 14 वर्षीय वनवास से अयोध्या लौटने, दानवी प्रकृति से विजय होने की खुशी में सदियों से मनाया जा रहा है। वह है मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जिनका संपूर्ण जीवन समानता और आपसी सहयोग की भावना को समर्पित रहा। तुलसीदास रचित रामचरितमानस में शबरी और श्रीराम के मिलन का वर्णन करती चौपाई ह्लसबरी देखि राम गृह आए। मुनि के बचन समुझि जियं भाए।। आरण्यकांड में श्रीराम और शबरी के मिलन का सुंदर चित्रण किया है। शबरी प्रभु राम के आगमन पर उन्हें बेर खिलाती है। बेर मीठे ही प्रभु खा पाए इसलिए हर बेर को चखकर सिर्फ मीठे बेर ही प्रभु को खिलाती है। शबरी ने प्रभु श्रीराम को बताया था कि मतंग ऋषि उन्हें यह बता चुके थे कि एक दिन सीता को खोजते हुए राम यहीं आएंगे। इस दौरान जहां सबरी ने भगवान राम को सीता जी को खोजने के लिए वानर राज सुग्रीव एवं हनुमान जी की मदद के बारे में बताया तो श्रीराम ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश दिया था। सबरी ओर राम की यह मुलाकात दक्षिणझ्रपश्चिम गुजरात के डांग जिले के सुबीर गांव के पास सबरी धाम में होने की जनश्रुति चली आ रही है। वनवासी सबरी ओर श्रीराम की मुलाकात का यह प्रंसग मानवीय जीवन की कोमल भावनाओं का प्रकटीकरण है। इसी तरह के निर्मल भाव केवट और राम की मुलाकात में भी नजर आते है। कोमल, निर्मल ओर पवित्र भावनाओं के अनेकों प्रसंग श्री राम के जीवन से जुड़े है। भारतीय समाज के एक ओर नायक श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े अनेकों प्रसंग दुनियां का मार्ग दर्शन कर रहे है, किंतु सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता की कहानी दोस्ती की अमिट यादगार और प्रेरणादाई प्रसंगों में दर्ज हो गई। जब भी ईमानदार मित्रता की चर्चा होती है। कृष्णझ्रसुदामा दोस्ती का यह प्रंसग बरबस जहन में आ जाता है।

सदियों से चले आ रहे कोमल, पवित्र और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण यह प्रसंग संपूर्ण विश्व के मार्गदर्शक सूत्र के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे है। किंतु जब धन, पावर, सत्ता का नशा व्यक्ति के सर चढ़कर बोलने लगता है, निजी स्वार्थों से वशीभूत होकर व्यक्ति इन कोमल भावनाओं के प्रतिकूल जाकर कार्य करने लगते है। भावनाओं की प्रतिकूलता व्यक्ति के जीवन को नकारात्मकता प्रदान करती है। यहीं नकारात्मकता धन, संपदा, सत्ता, ताकत के घमंड को तोड़ती है।

दीपावली के महान सनातनी पर्व पर दया, करुणा, सेवा की भावनाओं का प्रदर्शन होना चाहिए। देखने में आता है कि इन्हीं पवित्र भावनाओं से प्रेरणा पाकर अनेकों संस्थाएं, संगठन और व्यक्ति दिन दुखियों के चेहरों पर मुस्कुराहट लाने के प्रयास में जुटे रहते है। वर्ष 1966 में बनी फिल्म बादल का यह खूबसूरत गीत ह्लअपने लिए जिए तो क्या जिए, ऐ दिल जी तू जमाने के लिए, गीतकार मन्नाडे द्वारा गाया यह गीत भी इन्हीं कोमल और पवित्र भावनाओं का प्रतिनिधि गीत है। मनुष्य का जीवन सदैव एकसा नहीं रहता है, उतारझ्रचढ़ाव, सुखझ्रदुख सभी के जीवन का हिस्सा है। खराब और बुरे दौर में आपके द्वारा किया गया सहयोग, प्रेम के बोल, प्रकट संवेदनाएं बल देती है। व्यक्ति फिर से खड़े होकर लड़ने को तैयार होता है, अपने बुरे दौर को हराने के प्रयास में जुट जाता है। दुनियाँ को प्रकाशित करने वाली इन भावनाओं का दीपों के इस पर्व पर भी भरपूर उपयोग करें। सबकी दीपावली हैप्पी हो, सुदूर बस्ती की झोपडी भी प्रकाशित हो, मुरझाए चेहरे खिल उठे, हर घर पहुंचे दीपक का प्रकाश। यही तो है दीपावली का असली संदेश।

# अवैध हथियार सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांधला।** पुलिस ने पूर्वी यमुना नहर पटरी से चेकिंग के दौरान अवैध हथियार सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ,जिनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा एवं चाकू बरामद कर अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया। एसपी राम सेवक गौतम के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह, एवं खंद्रावली चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मिलकर पूर्वी यमुना नहर पटरी स्थित फजलपुर पुलिया के निकट संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए।

पुलिस टीम ने रोक कर जब उनकी तलाशी ली तो दोनों के कब्जे से एक तमंचा वह एक चाकू बरामद हुआ, पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई, पकड़े गए दोनों अभियुक्त ने अपने नाम आबूबाकर व दूसरे ने अरशद निवासी जन्नत कॉलोनी कांधला बताया। रविवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

# रोटरी क्लब सरधना महान ने लगाया रक्तदान शिविर, शिविर में 125 लोगों ने किया रक्तदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**सरधना (जावेद अब्बासी)।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज के 54वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 15वां विशाल स्वैच्छिक रक्तदान महादान शिविर आयोजित किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप जीवन पुकार चैरिटेबल के संयोजक भाजपा मण्डल अध्यक्ष पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष आलोक जैन, डॉ ओम कुमार पुंडीर,नितिन जैन के द्वारा नगर के भारतीय जैन मिलन हॉस्पिटल में लगाया गया। सभी रोटेरियनों के साथ नगर के आम जनों ने बड़ी संख्या मे रक्तदान किया। मुख्य अतिथि भाजपा ज़िलाध्यक्ष शिवकुमार राणा रहें। उद्घाटन महिला आयोग सदस्य मीनाक्षी भराला ने किया।इस दौरान अध्यक्ष सुखबीर सिंह पनेसर, सचिव डॉ. पुष्पक जैन, क्लब ट्रेनर पंकज जैन, का विशेष योगदान रहा। इस दौरान 125 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मणिक चंद जैन, रजनीश जैन, प्रदीप जैन, संचित जैन, मोंटू जैन, सभासद शानू जैन, नवीन त्यागी, विनोद जैन, मंगू प्रधान, भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष पिंकी सोम, प्रीति दक्ष, आशीष भरत, लोकेश जैन, सौरभ जैन, संजीव पंवार, सुभाष वेदप्रकाश, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध रोकने के लिए किया गया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिला उपनिरक्षक ललिता ने अपनी टीम के साथ बढ़ते साइबर अपराध एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत कस्बे में क्षेत्र से बाजारों में आई महिलाओ को जागरूक किया।

योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के फेज 5 में रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह व महिला उप निरीक्षक ललिता ने जागरुक करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। जिसको लेकर सरकार ने कई हेल्पलाइन सेवाएं चला रखी हैं। जिन पर महिलाओं बच्चों एवं लड़कियों की सुरक्षा और अपराध को लेकर हर संभव मध्य की जाती है। किसी भी प्रकार की परेशानी एवं अपराध से संबंधित शिकायत करने के लिए 1076, 112, 181, 1090 आदि नंबरों पर शिकायत कर मदद मांगी जा सकती है। बताया कि साइबर अपराध भी आज के समय में तेजी से बढ़ता हुआ अपराध है। जिसमें डिजिटल अरेस्ट एवं विभिन्न माध्यमों से बैंक खातों से फ्रॉड व सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वाले लोगों को डीपफेक या अन्य तरकीब से बनाए गए फोटो वीडियो के द्वारा ब्लैकमेल किया जाता है। इससे बचने के लिए हमेशा जागरूक रहे। सोशल मीडिया का कम इस्तेमाल करें एवं अजनबी आदि से फोन पर बात न करें। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑफर के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक न करें। इस तरह की कई दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में महिला उप निरीक्षक के साथ कई महिला कांस्टेबल भी मौजूद रही।

# स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाया गया सफाई अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** आगामी त्यौहारों को लेकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पालिका अध्यक्ष के निर्देश पर नगर में सफाई अभियान एवं गलियों में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाई का छिड़काव कराया गया। एवं नगर के लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया गया। दीपावली, धनतेरस, गोवर्धन पूजा सहित आदि आगामी त्यौहारों को लेकर प्रशासन सफाई व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान ने जनपद में साफ सफाई के निर्देश दे रखे हैं। रविवार को पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के निर्देश पर स्वास्थ्य लिपिक अमरेश कुमार के नेतृत्व स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया, सफाई अभियान नगर के मेंन बाजार, रेलवे मार्ग सहित तंग गलियों में चलाया गया नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के द्वारा नगर के लोगों से अपील की गई कि वह नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग करें, स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा बने, इस दौरान संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए सफाई कर्मचारियों के द्वारा नालियों में पनप रहे जहरीले मच्छरों को नष्ट करने के लिए कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव किया गया। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया है, त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, अभियान लगातार जारी रहेगा किसी भी तरह की कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,और सफाई कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

# जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने फिजी के अंतर्राष्ट्रीय रोगी का ओरल सिस्ट का सफलतापूर्वक इलाज किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** पिलखुवा में स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पिलखुवा ने फिजी की एक अंतरराष्ट्रीय मरीज प्रेमशीला का सफल उपचार करके छुट्टी दी जिसे 3 अक्टूबर, को एक जटिल सिस्ट हटाने की सर्जरी के लिए भर्ती कराया गया था। प्रेमशीला मौखिक गुहा में एक सिस्ट से पीड़ित थी, उसे ऑन्कोलॉजी विभाग के तहत भर्ती कराया गया था, जहां ऑन्कोलॉजिस्ट और सर्जिकल विशेषज्ञों की एक कुशल टीम ने पूरी तरह से देखभाल और हस्तक्षेप प्रदान किया। 11 अक्टूबर को अपनी सर्जरी से पहले रोगी को व्यापक चिकित्सा मूल्यांकन और जांच से गुजरना पड़ा। सभी आवश्यक नैदानिक और प्रारंभिक चरणों के बाद, ऑन्कोलॉजी सर्जरी टीम ने जटिल प्रक्रिया को अंजाम दिया, सटीकता और विशेषज्ञता के साथ सिस्ट को सफलतापूर्वक हटा दिया। और मरीज को अब उत्कृष्ट स्वास्थ्य में छुट्टी दे दी गई है। अस्पताल की उन्नत सुविधाओं और अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों का धन्यवाद और आभार व संतुष्टि व्यक्त करते हुए, प्रेमशीला ने जीएस अस्पताल की ऑन्कोलॉजी टीम द्वारा प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवा और दयालु देखभाल की प्रशंसा की। उन्होंने मीडिया के साथ साझा किया कि जीएस अस्पताल में विशेषज्ञता, आतिथ्य और चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता का स्तर उनकी अपेक्षाओं से कहीं बेहतर है। उन्होंने कहा, जीएस अस्पताल की सेवाएं, विशेषकर ऑन्कोलॉजी सर्जरी में, उत्कृष्ट हैं। मैं उनके समर्पण के लिए पूरी टीम की बहुत आभारी हूं। मेडिकल सुप्रिंटेडेन्ट डॉ सुरेन्द्र कुमार ने ऑन्कोलॉजी टीम की उनके प्रयासों और विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की अस्पताल की प्रतिबद्धता के लिए सराहना की। उपनिदेशक मनोज शिशौदिया ने बताया कि जीएस अस्पताल मरीजों की देखभाल की उच्चतम गुणवत्ता प्रदान करने में अग्रणि केन्द्र है, और हमारे समर्पित कर्मचारी और अत्याधुनिक सुविधाएं दुनिया भर के मरीजों की सेवा करना संभव बनाती हैं। यह सफल सर्जरी जटिल ऑन्कोलॉजिकल मामलों को संभालने में जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की क्षमताओं को उजागर करती है और एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को मजबूत करती है।

# रोटरी क्लब ऑफ पिलखुवा सिटी द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)** रोटरी क्लब ऑफ पिलखुवा सिटी द्वारा रोटेरियन गौरव बिंदल जी की अध्यक्षता में दीपावली पर्व पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सैफायर ब्लू बैंक्विट में किया गया।

जिसमें क्लब की प्रथम महिला रोटेरियन रितिका बिंदल जी के निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश जी की प्रतिभा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने अनेक प्रकार के गेमस व डांस का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों वह अतिथियों का सम्मान व स्वागत किया गया।

गेम में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन प्रवीण गोयल, सुधीर गोयल व नितिन गोयल जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम संयोजक राजीव मित्तल जी द्वारा बहुत ही सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिनव गुप्ता, मनीष बिंदल, विपिन प्रताप गुप्ता, अजय गोयल, डॉक्टर अनिल अग्रवाल, डॉ बीबी सिंह, डॉक्टर सौरभ गोयल, अंशुल मित्तल, अमित सिंघल, प्रेम प्रकाश गुप्ता, भवानी खंडेलवाल,विजय खंडेलवाल, दीपक गोयल, गौरव गोयल, निपुण जैन, राजेंद्र राठी, गौरव बंसल, गौरव गर्ग, गोविंद गर्ग, कमलचंद गोयल, मोहित गर्ग, विशाल सिंघल, नीरज मित्तल, अंकित गर्ग, मनीष बंसल, सचिन जैन, संजय सिंघल, विभोर मित्तल, शिवकुमार शर्मा, निखिल सिंघल, अनिरुद्ध ,आदि सदस्य सपरिवार उपस्थित थे।

# अवैध असलाह के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** एक युवक को टशन दिखाना बहुत भारी पड़ गया। युवक की राइफल के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

टशन दिखाने के चक्कर में युवक कानून का मखौल उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। क्षेत्र में लगातार अवैध हथियारों के साथ युवाओं की फोटों और वीडियो वायरल हो रही, जिस पर पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। कार्रवाई होने के बाद भी युवाओं का टशन दिखाने का शौक कम नहीं हो रहा है। ऐसा ही एक मामला स्थानीय थाना क्षेत्र में भी सामने आया है। एक युवक का राइफल के साथ वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में युवक हाथों में एक राइफल लिए हुए है और फिल्मी अंदाज में राइफल को घुमा रहा है। उक्त वीडियो में एक दबंगता वाला गाना भी सुनाई दे रहा है। युवक की राइफल वाली वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। उक्त वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

# वाई पी सिंह का भव्य स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** उत्तर प्रदेश शासन में दर्जा प्राप्त मंत्री से नवाजे गए भारतीय जनता पार्टी के धौलाना विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वाईपी सिंह का क्षेत्रीय जनता ने स्वागत किया।

धौलाना एनटीपीसी मार्ग पर स्थित राज शगुन फार्म हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में वाईपी सिंह ने कहा कि पार्टी ने उनके वर्षों की तपस्या को सम्मान देते हुए राज्य मंत्री का दर्जा दिया है। जिसके लिए वह शीर्ष नेतृत्व के सदैव आभारी रहेंगे । पार्टी का सम्मान देना उनके संघर्ष को सम्मान देना है। गांव कंदोला ,खेड़ा ,धौलाना समेत अनेक गांवों में ग्रामीणों ने अनेकों स्थानों पर स्वागत किया ।इस दौरान नरेश तोमर, निशांत सिसोदिया, योगेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### खाली पड़े प्लाट पर जबरन कब्जा कर निर्माण करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर उसके खाली पड़े प्लाट पर जबरन कब्जा कर उस पर निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, पुलिस जांच में जुटी है। रविवार को कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी केएस खान ने तहरीर देकर बताया कि पीड़ित का एक 400 गज का प्लॉट पीड़ित के नाम है।

जिसमें पीड़ित ने 200 गज के प्लाट की नीव भर रखी है, और 200 गज खाली पड़ा हुआ है। खाली पड़े प्लाट में पीड़ित ने निर्माण के लिए ईंट डाल रखी थी, आरोप है कि तीन महा पूर्व तीन लोगों ने उसकी ईंट चोरी कर ट्रैक्टर में भरकर ले गए थे। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी थी जिसका मुकदमा पंजीकृत है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और आए दिन पीड़ित के खाली पड़े प्लाट को काटकर कभी रास्ता बना लेते हैं, और कभी उस पर निर्माण कार्य करने का प्रयास करते हैं। पीड़ित व्यक्ति ने तीनों दबंग व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार महिला पुरुष घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित भारसी मोड़ के निकट बाइक पर सवार एक महिला व युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, महिला की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। घायल महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

बागपत जनपद के कस्बा बड़ौत के मोहल्ला बिहार पुर निवासी शिवम अपनी मामी संगीता पत्नी जसवीर के साथ बाइक पर सवार होकर शामली से अपने घर जा रहे थे, बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित भारसी मोड़ के निकट पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए, बाइक सवार का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक खाई में पलट गई और महिला व युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने सुचना 108 एम्बुलेंस को दी, एंबुलेंस चालक ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया, और युवा को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। हादसे से की सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए, परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

**मिलावटी मिठाई** — सेहत से खिलवाड़: जसड गांव में धड़ल्ले से चल रहा मिलावटी मिठाई का धंधा मिठाई के नाम पर बन रहा 'जहर'

# दीवाली पर ऑर्डर पूरा करने के लिए रात दिन काम कर रहे कारीगर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरूरपुर (जावेद अब्बासी )।** सरूरपुर क्षेत्र के गांव जसड़ सुलताननगर में मिलावटी मिठाई बनाने का कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। दिवाली पर मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर

**शिकायत के बाद भी खाद्य विभाग के अधिकारी बने अंजान नहीं होती कोई कार्यवाही**

में बिना किसी डर के मिलावटी मिठाई बनाई जा रही हैं। खाद्य विभाग और पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से यहां बने रसगुल्लों, मिल्क केक को दिल्ली व आसपास के इलाकों तक में सप्लाई किया जा रहा है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।जसड़ सुलताननगर के कई मोहल्लों में अवैध रूप से भट्ठियां चल रही हैं। सरधाना, डाहर, गोटका, मुल्हैड़ा, कालंद, छबडिया आदि गांवों में भी यह अवैध कारोबार बिना रोकटोक के चल रहा है। रसगुल्ले से लेकर मिल्क केक, डोडा बर्फी, कलाकंद जैसी मिठाई की यहां बड़ी मंडी है।मिल्क केक बनाने में सप्रेटा के साथ घटिया किस्म का रिफाइंड, नकली देशी घी, चमक लाने के लिए हाइड्रो व मिल्क पाउडर का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। रसगुल्ले बनाने में दूध का छेना, घटिया किस्म की चीनी, रसगुल्ले को फुलाने के लिए नुकसानदेह अरारोट का जमकर इस्तेमाल किया जाता है। गंदगी के बीच होली के लिए कई क्विंटल मिलावटी मिठाई बनाकर रखी गई है।







**बच्चों से लिया जा रहा है काम**

श्रम कानूनों को ताक पर रखकर महिलाओं और मासूम बच्चों से जमकर काम लिया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा श्रम विभाग से शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**दिन रात काम कर रहे कारीगर**

दिवाली पर डिमांड पूरी करने के लिए यहां कारीगर रात-दिन काम में जुटे हुए हैं। दिवाली के नजदीक आते ही यहां मिठाइयों का कई क्विंटल स्टॉक रखा हुआ है। गंदगी के माहौल में ये मिठाइयां खुलेआम तैयार हो रही हैं।

# राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता कृष्ण कुमार शर्मा का हुआ स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**हसनपुर।** भारतीय किसान संघ जनपद अमरोहा द्वारा आरोही कृषि विभाग के चो चरण सिंह सभागार में एक सभा का आयोजन किया गया था जिसमें पूर्व में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रहे कृष्ण कुमार शर्मा को भी आमंत्रित किया गया था। निमंत्रण मिलने पर श्री शर्मा सभागार में पहुंचे जिससे वहां पर उपस्थित भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता बहुत खुश हुए और फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रांत संगठन मंत्री श्री सुनील कुमार ने कहा कि श्री शर्मा लगातार दो बार भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रहे। जिलाध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। इनकी सोच हमेशा समाज एवं राष्ट्र हित की रही है। ऐसा व्यक्ति जहां भी रहता है ईमानदारी पूर्वक किए गए कार्यों के चलते सराहना का पत्र बन जाता है। उपस्थित प्रांत उपाध्यक्ष चो नरेंद्र सिंह ने कहा कि अपनी स्वच्छ छवि के चलते श्री शर्मा ने लोगों के दिलों में स्थान बनाया है। उपस्थित जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया। श्री शर्मा ने कहा कि वे हमेशा से राष्ट्र हित समाज हित में कार्य करते रहे हैं। जब भी किसी समय किसी को आवश्यकता होगी वे उपस्थित मिलेंगे। वर्तमान समय में जातिवाद और सांप्रदायिकता से अलग हटकर काम करने की है तभी भारत को विश्व में मार्गदर्शक का दर्जा मिल सकता है। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजीव शर्मा, प्रांत सदस्य महिपाल सिंह, जिला मंत्री आलोक चौहान, जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, सतीश कुमार,जिला संयोजक ऊषा चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष ओमवीर सिंह , अशोक शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष दशरथ कौशिक, शिवचरण सैनी, यशवीरसिंह आदि उपस्थित रहे।

# मौजा गंगवार में अजीमुश्शान मुशायरे का आयोजन

## बताऊं कैसे तुम्हें ऐसे यार का नाटक, तमाम उम्र किया जिसने प्यार का नाटक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**उझारी।** जामिया वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से मौजा गंगवार में एक अजीमुश्शान मुशायरा "एक शाम उर्दू अदब के नाम" आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चौधरी मुजाहिद हुसैन एडवोकेट, कन्वीनर कारी अकरम नवाज एवं सदर चमन हैदर बाकरी ने संयुक्त रूप से शमा रोशन की तथा कारी मौ० कासिम ने तिलावत ए कलाम ए पाक से प्रोग्राम का आगाज किया। मौलाना मौ० सदाकत, कारी कमरुल इस्लाम, हुजैफा नवाज, हाफिज फरमान अनवर, डॉ० फैसल शुजाअत ने नाते पाक पढ़ी।

नातिया दौर के बाद गजल का दौर शुरू हुआ। जिसमें शहाबुद्दीन सैफी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- जुदाई लिखी खुदा ने तो फिर गिला किस से, अगर नसीब में होता तो हम सफर होता। निजामुद्दीन 'निजाम' ने कुछ यूं कहा- जिंदगी जिसकी भी एहले जर हो गई, ऐब पौशी उसी का हुनर हो गई। डॉ ० नदीम मलिक ने अपना कलाम इस तरह पेश किया- जो हाल आज? है दुनिया का वो नहीं होता, नबी के दीन पे कायम जो हर बशर होता। डॉ० फैसल शुजाअत ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा - क्या कयामत आज ये दुनिया पे भारी हो गई , मां बहन भाई को छोड़ा बीवी प्यारी हो गई। मास्टर मौ० असलम ने इस तरह कहा- हमारे गांव का प्रधान भी कितना अनोखा है,पड़ोसी को परेशां छोड़कर गैर की इमदाद करता है। उमर अब्दुल्ला सिंधी ने अपना कलाम इस तरह पेश किया - हौसला हार गई सारे जमाने की दवा, मुझको बस मां की दुआओं ने बचा रखा है। अलाउद्दीन सैफी ने कहा- मौत का झोंका उड़ाकर ले गया, जिंदगी बस हाथ मल कर रह गई। चमन हैदर बाकरी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- फनकार हैं सीखे हैं बहुत सारे हुनर पर, गिरगिट की तरह रंग बदलना नहीं आता।




हास्य व्यंग्य के शायर रियासत अली 'टमटम' ने कहा- जब पड़ी मेरी नजर रियासत पर, गुस्सा आ गया लोगों की सियासत पर। एडवोकेट मुजाहिद चौधरी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- जब से दरे रसूल का दीदार हो गया, तब से किसी के दर का पता कुछ नहीं रहा। निहाल अलवी ने अपना कलाम इस तरह पेश किया- माल ओ दुनिया से नहीं कोई सरोकार मुझे, होगा दौलत का तेरे घर में शजर जाने दो। जुनैद रिफअत ने अपने कलाम ने कहा- बताऊं कैसे तुम्हें ऐसे यार का नाटक, तमाम उम्र किया जिसने प्यार का नाटक। हास्य व्यंग के शायर जफर गनी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- देखो हरामखोर कमाने को जा रिया, जाने से पहले आने का हिसाब लगा रिया, मुंबई में जाके समंदर का ठेका तो ले लिया, अब उसको आटने का हिसाब लगा रिया। हाफिज फरमान अनवर ने अपने कालम में कहा- हर सम्त थे अंधेरे जहालत का दौर था, आए हुजूर दहर का नक्शा बदल गया। इफ्तखार अहमद ने अपना कलाम यूं पेश किया- दाग पे दाग लगती रही दुनिया लेकिन, आईना आज भी कहता है वफादार हूं मैं। प्रोग्राम की बात मुफ्ती अन्सार अहमद ने मुल्क और कौम की सलामती के लिए दुआ कराई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कारी अकरम नवाज, मौलाना मोहम्मद सदाकत, मौलाना अजहरुद्दीन, कारी अय्यूब, मुफ्ती अन्सार अहमद, कारी हाशिम, कारी अफजल, नदीम ठेकेदार, मौलाना जैद, कारी कमरुल इस्लाम, मुफ्ती एहतेशाम, मौलाना शाह आलम, हाफिज अब्दुल कादिर, डॉक्टर ताहिर, खालिद अहमद आदि भारी तादाद में लोग मौजूद रहे। प्रोग्राम की सदारत चमन हैदर बाकरी ने तथा संचालन अलाउद्दीन सैफी ने किया।

# विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र के चार पुलो के साथ एक दर्जन से अधिक मार्गों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बरेली (शाहिद अली)।** नबावगंज विधायक डाक्टर एमपी आर्य ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें अपनी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर कई पत्र सौपे जिसमें से क्षेत्र के चार पुल के साथ ही दर्जनों संपर्क मार्ग भी है विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को कैलाश नदी पर नकटपुर में पुल का निर्माण के साथ ही जरपा मोहनपुर और पेहनिया के बीच नदी पर पुल के साथ अन्य पुलो का मांग पत्र भी सौपे साथ ही विधायक डॉ एमपी आर्य ने अपने विधानसभा क्षेत्र मे एक दर्जन से अधिक सड़कों के निर्माण के पत्र भी मुख्यमंत्री सौपे साथ ही अधकटा रब्बानी बेगम के संकरे पुल के चौड़ीकरण के साथ ही क्योलडिया के डाम का पुनर्निर्माण का पत्र भी सौपा साथ ही यह निर्माण कार्य के होने से क्षेत्र में विकास की लहर दौड़ेगी क्षेत्रीय विधायक क्षेत्र के हर विकास कार्यों पर नजर रखे हुए हैं ।

# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर लगा 54 लाख का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ बिजली विभाग ने बिजली चोरी मामले में 54 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। साथ ही उन्हें 15 दिन का समय भी दिया है। उनका यह जुर्माना 2012 से अब तक का जोड़ा गया है।

मालूम हो कि सपा सरकार में पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे फिरोज खां ने सरायतरीन में पक्का बाग स्थित अपने निजी कार्यालय को सपा जिला कार्यालय भी बनाया था। वर्ष 2012 में यह कार्यालय खोला गया था। तब से यहाँ बिजली कनेक्शन नहीं था और तभी से यहां चोरी की बिजली जलाई जा रही थी। इतना ही नहीं यहां से दो और फैक्ट्रियों को भी बिजली सप्लाई दी जा रही थी। बिजली विभाग के अधिकारियों ने पुलिस दलबल से सपा पूर्व जिलाध्यक्ष के निजी कार्यालय पर छापेमारी की वह भी देखकर दंग रह गए थे। इसमें बिजली चोरी की बात सामने आई। आरोप में दर्ज एफआईआर के बाद अब विभाग ने पूर्व जिलाध्यक्ष पर 54 लाख रुपये का भारी भरकम जुमार्ना लगाया है। विभाग ने 2012 से लेकर अब तक जुमार्ना जोड़ा है। वहीं बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खान के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में 54 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से सपा कार्यालय से बिजली कनेक्शन नहीं होने के बाद भी बिजली का उपयोग किया जा रहा था। बिजली चोरी पकड़े जाने के चलते यह जुमार्ना लगाया गया है। बिजली विभाग के प्रावधान के अनुसार फिरोज खान को अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

# 31वां सलाना जश्ने गौसे ए आजम कॉन्फ्रेंस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बरेली (शाहिद अली)।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय महासचिव एवं इस्लामिक रिसर्च सेंटर के डिप्टी डायरेक्टर मोहम्मद आरिफ अंसारी के निवास ग्राम टहा प्यारी नवादा में सालाना 31 वा जश्ने गौसे ए आजम कॉन्फ्रेंस पूरी शानो शौकत से मनाया गया सुबह कुरानखानी से प्रोग्राम का आगाज हुआ और शाम तक गौस ए पाक के नाम का लंगर जारी रहा आरिफ अंसारी ने कहा हम सब को सरकार गौसे ए आजम के बताए रास्ते पर चलना चाइए तभी हम दीन और दुनियां दोनो जहां में कामयाब होगे आज पूरी दुनियां में सरकार गौसे ए आजम के करोड़ों चाहने बाले हैऔर उनके नाम से 11वीं शरीफ में हर साल मिलाद शरीफ की महफिल सजाते हैं और हर साल लंगर बाटते है इंशा अल्लाह यह सिलसिला पूरी दुनिया में कयामत तक जारी रहेगा अल्लाह सरकार गौसे ए आजम के बसीले से आने बाली मुस्किलो को टाल देता है उनसे मोहब्बत अकीदात रखने बालों की नस्लो तक सरकार गौसे ए आजम का फैज जारी रहता है, ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी, ने कॉन्फ्रेंस में शिरकत की और सरकार गौसे ए आजम की जिंदगी पर रोशनी डलते हुए कहा उनका तकबा परेजगारी उनका इल्म उनकी करामात बयान करना बहुत बड़ी बात है जिसकी ठोकर से मुर्दा भी जिंदा हो जाए अल्लाह के हुकुम से उनकी शान कोई क्या बयान कर सकता हमे सिर्फ उनके बताए रास्ते चलाना होगा देश में अमन शांति तरक्की की दुआ मांगी, ए ए खान ने कहा हर मुस्किल में काम आने वाले को सरकार गौसे ए आजम कहते है उनसे मोहब्बत करने बाला कभी नकाम नही होता मुफ्ती फरजंद रजा मंजरी ने सरकार गौसे ए आजम की शान में तकरीर की,आरिफ अंसारी ने सभी को जश्ने गौसे ए आजम कॉन्फ्रेंस की दिली मुबारकबाद दी ,पूर्व डीजीपी, एम डब्लू अंसारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब तालिब अंसारी,मौलाना ताहिर रजा फरीदी, ए,ए खान, परवेज खान,डाक्टर आसिम अंसारी,मोहम्मद सरकार हैदर कादरी,आदि ने मुबारक बाद दी।

# नम आंखो के बीच सुपुर्दे खाक किए गए इमाम ईदगाह मौलाना सुलेमान अशरफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** सम्भल ईदगाह के इमाम हजरत मौलाना सुलेमान अशरफ हामिदी जिनका इंतेकाल शुक्रवार की देर शाम दिल्ली के एक अस्पताल मे हुआ था उनके आखिरी दीदार और नम आंखे के बीच विदाई देने के लिए लोग उमड़ पड़े। कोट गर्वी निवासी मौलाना सुलेमान अशरफ के इंतेकाल की खबर सुनकर चाहने वालों का तांता लग गया। शनिवार को सेट जिलानी स्कूल के आगे मैदान मे उनके जनाजे की नमाज अदा की गई। हजरत यजदानी मियां ने नमाज अदा कराते हुए दुआयें मगफिरत कराई। इसके बाद लोगों ने कांधा दिया और दुरूदो सलाम का विर्द करते हुए पास के कब्रिस्तान पहुंचे जहां उनको सुपर्दे खाक किया गया। हर कोई इमाम साहब के इंतेकाल से दुखी नजर आया। इस दौरान राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियां इस आखिरी सफर मे उमड़े और मरहूम के लिए दुआयें मगफिरत की।

**ईदगाह सम्भल के इमाम हजरत मौलाना सुलेमान अशरफ हामिदी को नम आंखो के बीच सुपुर्देखाक कर दिया। बड़ी तादात मे उनके नमाजे जनाजा और मिट्टी देने के लिए लोग उमड़ पड़े**



इस दौरान शहर मुफ्ती कारी अलाउद्दीन, विधायक इकबाल महमूद, सांसद पिता मौलाना ममलुकुरहमान बर्क, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक अकीलुरर्हमान खां, पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत ईलाही, मुशीर खां तरीन, रफत उल्ला उर्फ नेता छिद्दा, साजिद सैफी, साजिद अली खां, असगर अली अंसारी, फिरोज खां, चौधरी मुशीर, सईद अख्तर ईसराइली, मुफ्ती आलम रजा नूरी मुफती आजम सिरसी, शारिक जिलानी, शफीक बरकाती, कामिल एडवोकेट, मौलाना नईम, हाजी एहतेशाम, मौलाना मौहम्मद मियां कासमी, कारी तंजीम अशरफ, मौलाना शरीफ, चौ0 अशरफ अली खां, चौ0 नदीम आदि मौजूद रहे।

**ओवररेट शराब** आबकारी विभाग की मिली भगत से शराब की दुकानों पर बेची जा रही है ओवररेट शराब

# जिलाधिकारी के छापेमारी के चलते भी, बाज नही आये शराब के कारोबारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** प्रदेश सरकार की शक्ति हर विभाग में साफ देखने को मिल रही है फिर चाहे खनन माफिया हो, भू-माफिया हो, दहशतगर्द हो, गौहत्यारे हो,फिर चाहे अधिकारी हो उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशों को कोई भी विभाग हल्के में नहीं ले सकता क्योंकि इस सरकार में गलत कार्य करने बालों की खैर नही।

सरकार की सभी नीतियां प्रदेश में नम्बर वन रही है, लोगों की मानें तो सरकार का दूसरा नाम बुलडोजर सरकार है ,यह सभी भलीभांति जानते है कि सरकार के खिलाफ जानें का अंजाम क्या होगा।

- **आखिर कार कौन सी शक्ति शराब ठेकेदारों को बढ़ावा दे रही, जिसके चलते जिलाधिकारी के आदेश को ताक पर रखकर सेल्समैनों से बिकवाई जा रही है ओवररेट शराब**
- **देहात क्षेत्र की दुकानों पर सुबह-शाम 100रुपये, दिन भर 80रुपये में बेचा जा रहा है 70वाला क्वॉटर**









**दबंगी**

खास बात बाबा की सरकार से सभी विभाग डरते होंगे परन्तु एक विभाग ऐसा है जिसके सामने सरकार की भी नही चलती है।

जी हां आप सही सोच रहे, और बात भी सही है आप क्यों न सोचें मामला ही कुछ ऐसा है

चलिए इस रहस्य से पर्दा उठाते है जी हां हम बात कर रहे है जनपद संभल के शराब विभाग व शराब ठेकेदारों की जिन्होंने सरकार के सभी दावे फेल कर दिया उन्हें कोई भी फर्क नही पड़ता योगी सरकार से क्योंकि यह विभाग खुद में एक सरकार है अगर ऐसा नहीं है तो सिर्फ एक संभल ही जनपद ऐसा है जहां खुले आम रेट से महंगी बेची जा रही है शराब हर विभाग सरकार के आदेशों पर कार्य कर रहा एक सिर्फ शराब विभाग को छोड़कर।

आबकारी अधिकारी से इस संबंध में अनेकों बार बात की उनका एक ही जबाब हर बार हम देखेंगे,हम देख रहे हैं,हम कार्रवाई करेंगे, वर्षो से चल रहा है ओवररेट का खेल आवकारी विभाग की मिली भगत से बेची जा रही है ओवररेट शराब।

आबकारी विभाग की लापरवाही का खामियाजा प्रदेश सरकार को उठाना पड़ रहा है क्योंकि लाखों रुपए का जो ओवररेट शराब का खेल हो रहा है उससे सरकार को टेक्स के चलते ब वर्षो से करोड़ों रुपए की लग रही है चपत।

इतना ही नहीं लगातार शिकायतों के चलते पूर्व में जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया ने शराब की दुकानों को ग्राहक बनकर खरीदारी की परन्तु सेल्समैन ने उन्हें पहचान लिया था उसके बाबजूद भी जिस आदमी ने वहां से शराब खरीदी थी उससे जिलाधिकारी ने पूछा तो रेट से महंगी खरीदने की बात सामने आई, जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आदेश भी दिया और विभाग को चेतावनी भी दी की अगर ओवररेट शराब बेची गई तो बख्शा नही जाएगा।

**फिर क्या**

वही दिन, वही रात,वही हाल, वही चाल,वही ओवररेट शराब का सिलसिला जारी, हवा में उडा दिया जिलाधिकारी का आदेश।

सूत्रों की माने तो कोई न कोई पावर तो शराब विभाग के पीछे सक्रिय है जो सरकार से भिड़ने की शक्ति प्रदान कर रही है क्योंकि जो काम 75 जिले नहीं कर सकते उसे संभल जिला कर सकता है क्योंकि संभल ही एक ऐसा जनपद है जिसमें खुलेआम प्रिंट रेट से महंगी शराब बेची जा रही है। ऐसा लगता है कि शासन प्रशासन ने शराब विभाग के आगे घुटने टेक दिए हो।

## समय के हिसाब से,किस पर कितना ओवररेट

1- अधिकांश शराब की दुकानें खुलने से पहले 70 वाला क्वार्टर 100रुपये में मिलता है।
2-ठेका खुलने के बाद दिन भर 70रुपये प्रिंट वाला 80 रुपये में विकता है।
3- देशी के क्वार्टर पर 10रुपये ओवररेट।
4- अंग्रेजी शराब के क्वाटर पर 5रुपये का ओवररेट।
5- वीयर पर 10रुपये का ओवररेट।
6- अन्य हाफ व बोतल पर ग्राहकों को देखकर।

बड़ी बात शराब की दुकानों पर उनके अनुज्ञपि का नाम लिखा होता है परन्तु दुकानें चला रही है दूसरी फर्मे। शराब के ठेकेदार अपने सेल्समैन के जरिए ओवररेट कराते हैं और उसका पैसा स्वयं रखते हैं सैल्स मेन को केबल उसकी सेलरी ही मिलती है, ओवररेट के चलते खरीदारों का झगड़ा भी सेल्समैन झेलता है विभाग खामोश हो जाता है,इस कारनामे में सिर्फ विभाग ही है सेल्समैन तो एक मोहरा है।

एक पावर और भी है शराब विभाग के पास जबकि सूत्रों की माने तो अगर शराब की दुकान को दूसरी जगह सिफ्ट करना हो तो जिलाधिकारी की परमीशन अहम होती है परन्तु ऐसा नही है शराब विभाग जब चाहे जब इधर-उधर कर सकता है,दूसरी ग्राम पंचायत की दुकान दूसरी ग्राम पंचायत मे सिफ्ट कर दी जाती है।

**है ना जेब में पावर**

# विधायक डॉ० एमपी आर्य ने किया इंटरलॉकिंग का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बरेली (शाहिद अली)** क्योलडिया ! क्षेत्रीय विधायक डाक्टर एमपी आर्य ने विधायक निधि द्वारा निर्मित भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत महमूदापुर में मेंन रोड से देवस्थान तक इंटरलॉकिंग का निर्माण 10 लाख की लागत से किया गया था जिसका आज क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने फीता काटकर और नारियलफोड कर इंटरलॉकिंग का शुभारंभ किया साथ उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों की गंगा बहाने का वादा किया साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जो वादा करती है उसे पूरा करती है इस दौरान गन्ना समिति अध्यक्ष निर्भय गंगवार, सुंदरी मंडल अध्यक्ष शशि कपूर, गन्ना समिति के उपाध्यक्ष सर्वेश गंगवार, विधायक प्रतिनिधि बब्लू गंगवार, युधिष्ठिर गंगवार, सर्वेश गंगवार, नेत्र पाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सदर एसडीएम के सामने युवक ने निकाली कैंची, युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दो पक्षों में चल रहा है जमीन का विवाद**

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** संभल के थाना हयातनगर क्षेत्र के दतावली रोड पर अजीतपुर असादपुर रकबे में बाबू पुत्र मोहम्मद की जमीन है जबकि वहां दूसरा पक्ष हसनपुर निवासी राजा हसन के परिवार से काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है जिसकी शिकायत पर आज सदर एसडीएम वंदना मिश्रा मौके पर पहुंची थी और मौके का मुआयना कर रही थी तभी एक पक्षी युवक ने अपनी अन्टी से एक कैंची निकाली जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।



एसडीएम सदर के मौके से जाने के बाद दोनों पक्षों में जमकर हंगामा हुआ एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# रूपए 679.80 लाख से कराया जा रहा सात मंदिरों का पर्यटन विकास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ** । जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में पर्यटन विभाग के 07 कार्य कराए जा रहे हैं। जिनमें से दो पूर्ण हो गए हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि 07 कार्यों की कुल लागत रूपए 679.80 लाख है। उन्होंने बताया कि रुपए 84.83 लाख से तहसील दातागंज स्थित श्री नरो शक्ति देवी मंदिर का पर्यटन विकास तथा रूपए 78.39 लाख से तहसील दातागंज में स्थित पौराणिक स्थल श्री बाबा कालसेन मंदिर का पर्यटन विकास कार्य पूर्ण हो गया है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त रूपए 108.68 लाख से जनपद बदायूं के प्राचीन मंगला माता मंदिर नगर पंचायत वजीरगंज का पर्यटन विकास कार्य कराया जा रहा है यह कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। रूपए 89.15 लाख से ककोड़ा देवी मंदिर का पर्यटन विकास कार्य कराया जा रहा है, यह कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण हो गया है।

उन्होंने बताया कि रूपए 98.27 लाख से जनपद बदायूं में गमा देवी मंदिर मोहल्ला हथोड़ा बिसौली नगर का पर्यटन विकास कार्य कराया जा रहा है, यह कार्य 55 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। रूपए 110.42 लाख से जनपद बदायूं में दुर्गा देवी भवन मंदिर नगर पंचायत रुदायन तहसील बिल्सी का पर्यटन विकास कार्य कराया जा रहा है, यह कार्य 55 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। रूपए 110.10 लाख से जनपद बदायूं के विधानसभा क्षेत्र दातागंज के माता मलाई देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य कराया जा रहा है।

# डीएमआवास परिसर से मिला लापता महिला का कंकाल, जिम ट्रेनर ने हत्या के बाद दफनाया, चार महीने पहले किया था मर्डर

**कानपुर (आरएनएस)।** कानपुर में एक महिला की हत्या कर शव को डीएम बंगले के कंपाउंड में दफना दिया गया था। चार महीने बाद इस हत्याकांड का राज खुला है। हत्या के आरोपी जिम ट्रेनर ने महिला का अपहरण कर उसकी हत्या करके शहर के सबसे बड़े अधिकारी के सरकारी आवास परिसर में दफना दिया था। इस सनसनीखेज घटना का खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने आरोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी को महिला की हत्या के चार महीने बाद गिरफ्तार किया। पुलिस कस्टडी में जिम ट्रेनर ने कहा कि मैंने उसको मार डाला है। उसने बताया कि महिला की बॉडी को छरू आवास के कंपाउंड में पांच फिट गहरे गड्ढे में दफना दिया है। आरोपी के बताए गए जगह पर रात में पुलिस ने खुदाई की। देर रात में करीब 12 :30 के बाद बजे गड्ढे से महिला का कंकाल बरामद हुआ।

**24 जून से लापता थी एकता**

कानपुर के सिविल लाइन में रहने वाले कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता 24 जून को सुबह जिम करने निकली थी। उसके बाद वह लौटकर घर वापस नहीं आई। वह रोज ग्रीन पार्क स्थित जिम में एक्सरसाइज करने जाती थी। कारोबारी राहुल गुप्ता ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत में आरोप लगाया था कि जिम ट्रेनर विमल सोनी ने प्रोटीन के साथ पत्नी को नशीला पदार्थ



खिला दिया और उसका अपहरण कर उसकी हत्या कर दी है। कारोबारी के 10 और 12 साल के दो बच्चे हैं। महिला के पति राहुल गुप्ता ने कोतवाली थाने में जिम ट्रेनर विमल सोनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि पत्नी एकता के खाते में लाखों रुपए थे। इसके साथ ही घर के पूरे जेवरात भी गायब हैं। इससे आक्रोशित कारोबारी और उसके परिवार के लोगों ने कोतवाली थाने में हंगामा भी किया था।

**अपहरण के तुरंत बाद की हत्या**

इस घटना के बाद से ही जिम ट्रेनर और कारोबारी की पत्नी एकता का मोबाइल स्विच ऑफ था। जिम ट्रेनर के पास शोएब नाम के युवक की कार थी। पुलिस ने उसे जिम ट्रेनर और महिला के लापता होने के बाद 25 जून को बरामद कर लिया था। कार में रस्सी, टूटा क्लेचर, टॉवेल, सिम ट्रे समेत अन्य सामान बरामद हुआ था। सिम ट्रे मिलने से यह साफ हो गया कि अपहरण के बाद उसकी तुरंत हत्या कर दी गयी थी। लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चल रहा था। कारोबारी राहुल गुप्ता और भाई हिमांशु को कोतवाली पुलिस ने शनिवार शाम को जानकारी दी कि जिम ट्रेनर विमल सोनी को उन्होंने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाने पहुंच जाएं। इसके बाद वहां पता चला कि विमल सोनी ने एकता का मर्डर कर दिया है। इसके बाद पुलिस की कई टीमें आरोपी विमल सोनी को लेकर शव की तलाश में जुट गई।

**मीडिया को अंदर जाने रोका**

सबसे बड़ी बात यह है कि जहां शव को दफनाया गया था वो जगह कानपुर के जिलाधिकारी आवास के अंदर का हिस्सा है । ऐसे में कई सवाल उठते हैं कि आरोपी ने कैसे पांच फीट का गड्ढा खोदा और कैसे वहां पर शव को दफनाया? क्या इसमें छरू ऑफिस के अंदर का कोई कर्मचारी शामिल है? पुलिस जब घटना स्थल पर पहुंची और शव को बरामद करने के लिए खुदाई शुरू की तो मीडिया को वीडियो बनाने के लिए मना किया गया। लगभग दो घंटे की खुदाई के बाद पुलिस ने शव को बरामद किया । शव पूरी तरह गल चुका है। खुदाई के दो घंटे बाद कोई भी पुलिस का अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा । यहां तक कि खुद जिलाधिकारी ने भी आवास के बाहर निकलना उचित नहीं समझा। पूरे मामले में पुलिस की घोर लापरवाही सामने आई है। चार माह तक पुलिस की हीलाहवाली के बाद आज आरोपी को पकड़ा गया।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेलों में स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (सददाम खान)।** बिशारतगंज न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद में स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी अपनी प्रतिभा प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले होनहार बहुप्रतिभा के धनी सरकारी स्कूल के बच्चों ने खेलों के रण में अपना कौशल दिखाया और बताया हम भी किसी से कम नहीं न्याय पंचायत निसोई में खेलों का अयोजन बेहटा बुजुर्ग स्टेडियम में किया गया सभी स्कूलों से आए प्रतिभागी बच्चों द्वारा 500.200.100.400 दौड़ लम्बी ऊंची कूद खो खो कब्बड्डी आदि खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए वता दिया हम में भी है दम नहीं किसी से कम खेलो का अयोजन न्याय पंचायत प्रभारी करुणा शंकर रस्तोगी ने किया सभी प्रतीभोगिताऐ राविन्द सिंह लालित मोहन सिंह प्रेमपाल की देखरेख में सम्पन्न हुई कार्यक्रम सम्मान पर सभी बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने




पुरुस्कार व आशीर्वाद दिया इस दौरान सभी बच्चों को भोजन की व्यवस्था बेहटा बुजुर्ग स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा अपने विधालय में बनाकर स्टेडियम में सभी बच्चों को भोजन खिलवाने में मुख्य भूमिका रही इस मौके शिक्षक रविशंकर राजेश नेहा पूजा इसरार अहमद बृजलाल वर्मा राजवीर प्रवीन सिंह आदित्य विक्रम राजीव आदि मंच का संचालन जैनेन्द्र भारद्वाज ने किया।

# पिलखुवा स्टेशन फाटक की सड़क पर दुपहिया वाहन चालक हो रहें हैं चोटिल, जर्जर सड़क सही कराने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** रेलवे रोड पर रेलवे ट्रेक के मरम्मत कार्य के बाद से सड़क नीची व पटरियां ऊंची व सड़क जर्जर हो गई है। जिससे लोगों को यहां से निकलने में परेशानियां आ रही है। वाहन फिसलने के कारण लोग चोटिल भी हो रहे है। समस्या से परेशान लोगों ने रेलवे प्रशासन से मरम्मत कार्य दोबारा कराने की मांग की है।

शहर की सबसे चौड़ी सड़क रेलवे रोड पर पिछले दिनों रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे ट्रैक का मरम्मत कार्य कराया गया था। जिसके लिए लगातार चार दिन रेलवे फाटक भी बंद रहा। यहां कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मरम्मत कार्य के दौरान पटरियां ऊंची और सड़क नीची के साथ जर्जर भी



हो गई है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उस समय लोगों ने आवश्यक मरम्मत कार्य होने के कारण परेशानियों को दरकिनार कर दूसरे मार्ग से आवागमन कर लिया था लेकिन, अब फाटक खुलने के बाद लोगों को आवागमन पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। रेलवे ट्रैक से निकलते समय अधिकतर दो पहिया वाहन रेलवे पटरियों का शिकार बनाकर चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया वाहन के टायर सड़क और ट्रेक के बीच फंस भी रहे है। कुल मिलाकर रेलवे प्रशासन द्वारा किया गया मरम्मत कार्य आम लोगों के जी का जंजाल बन गया है।

# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया मेंस मार्टिन शोरूम का भव्य उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के जनपथ मार्केट में मेन्स मार्टिन शोरूम का भव्य उद्घाटन हुआ। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने फीता काटकर विधि विधान से शोरूम का शुभारंभ किया और शोरूम के प्रभारी मो कलीम को बधाई भी दी । इस मौके पर बृजेश पाठक ने कहा कि मैंस मार्टिन का कपड़ों की दुनिया में पहले से ही बड़ा नाम है इसके साथ ही उन्होंने सभी देशवासियों को दिवाली की बधाई भी दी। शोरूम के मैनेजर मोहम्मद नदीम ने बताया कि इस मेंस मार्टिन के शोरूम में रेमंड ,अरविंद,सियाराम जैसे बड़े ब्रांड उपलब्ध है और कस्टमर को स्टिचिंग की सुविधा भी मिल



जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि शोरूम का उद्देश्य है कि एक ही छत के नीचे कई ब्रांडेड कंपनियों के कपड़े उचित दर पर ग्राहक को मिल सके।इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों को कंपनी की ओर से जो भी आफर आएंगे उसे ग्राहकों को दिया जाएगा।इस आयोजन में समाजसेवी अब्दुल वहीद,कुदरत उल्लाह खान,वामिक खान आदि मौजूद रहे।

# शिकायत पर संग्राम: एसडीएम के सामने सभासद को जमकर पीटा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं ।** जिले में नगर पंचायत अलापुर की सड़क बनी होने के बाद भी उसी सड़क के लिए दोबारा 35 लाख का टेंडर करने की शिकायत एक सभासद को महंगी पड़ गई। हाईकोर्ट के आदेश पर शनिवार को पीडब्ल्यूडी के जेई व वित्त लेखाधिकारी के साथ सड़क की जांच करने पहुंचे एसडीएम न्यायिक दातागंज के सामने ही नगर पंचायत अध्यक्ष के समर्थकों ने सभासद मोहम्मद फरीद को गिरा-गिराकर पीट दिया। फरीद ने नगर पंचायत अध्यक्ष हुमा बी के पति फहीमुद्दीन समेत छह को नामजद करते हुए 10-15 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**सभासद ने लगाया है भ्रष्टाचार का आरोप**

नगर पंचायत अध्यक्ष हुमा वी ने हाल में अलापुर बिलहरी रोड से छह नंबर सरकारी नलकूप तक सड़क का टेंडर जारी किया था। 180 मीटर सड़क का निर्माण 35 लाख रुपये में होना था। वहीं सभासदों का कहना था कि यह सड़क पहले से ही बनी है। इस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिले के आलाधिकारियों और शासन में शिकायत कर दी थी। कोई कार्रवाई न होने पर सभासद अल्ताफ ने हाईकोर्ट में वाद दायर कर पूरे मामले की जांच की मांग की थी।

**जांच करने पहुंचे थे अधिकारी**

इसी मसले पर हाईकोर्ट के आदेश पर दातागंज के एसडीएम न्यायिक विजय मिश्रा, पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अभिषेक कुमार और बेसिक शिक्षा के वित्त लेखाधिकारी जैमित कांत जांच करने पहुंचे। मुआयने के दौरान ही सभासदों और पंचायत अध्यक्ष पक्ष के लोगों में कहासुनी और गालीगलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। समर्थकों ने सभासद मोहम्मद फरीद को बुरी तरह से



पीट दिया। इस बीच एसडीएम ने पुलिस को फोन करके मौके पर बुला लिया। हालांकि इससे पहले ही अध्यक्ष पक्ष के लोग मौके से भाग गए। पुलिस के आने के बाद एसडीएम ने जांच पूरी की।

अलापुर की नगर पंचायत अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी से जुड़ी हैं। फरीद की तहरीर पर पंचायत अध्यक्ष हुमा बी के पति फहीमुद्दीन, अजीम, नदीम, समीर, हसीन, वासिफ लाला पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**'मुझे साजिशन फंसाया जा रहा'**

नगर पंचायत अध्यक्ष के पति फहीमुद्दीन ने कहा कि जो भी शिकायत हुई हैं, सभी राजनैतिक हैं। हम नियमानुसार काम करा रहे हैं। जिस समय विवाद हुआ, उस समय मैं दोनों पक्षों को समझा रहा था। मुझे फंसाने के लिए साजिशन विवाद कराया गया। लोग बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं।

दातागंज के एसडीएम न्यायिक विजय मिश्रा ने बताया कि मेरे सामने ही मारपीट की गई थी। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जो भी आरोप थे, इसकी जांच की गई है। जल्द ही जांच रिपोर्ट कोर्ट भेजी जाएगी।

# पत्रकार नवप्रभात सिंह की एक्सीडेंट में हुई मौत परिजनों का रो रो कर बुराहाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली । (सददाम खान)** बिशारतगंज नगर का उभरता हुआ सितारा पत्रकार नवप्रभात सिंह का कल बदायूं जिले के थाना फैजगज क्षेत्र में लोडर से टकराकर पलटा ट्रक



जिसमें दो बाइक सवारों की ट्रक के मलवे में दवकर मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस बल ने क्रेन से ट्रक हटाकर बाइक सवारों को बाहर निकाल लेकिन जब तक दोनों की मौत हो चुकी थी दोनों की पहचान नवप्रभात और सतेंद्र प्रसाद सिंह के रूप में हुई नव प्रभात सिंह निष्पक्ष पत्रकारिता के रूप में हमेशा जाने जाएंगे उन्होंने बहुत ही कम समय में पत्रकारिता जगत में बड़ी पहचान बनाई थी उनके निधन की खबर सुनकर चाहने वालों में शौक की लहर दौड़ पड़ी।

# नाबालिक के साथ किया गैंगरेप, 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज,अनेक आरोपी हिरासत मे लिए गए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत कांठ के एक मोहल्ले में शनिवार की देर रात को हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आज कुछ आरोपियों को हिरासत में भी लिया है ' घटनाक्रम के मुताबिक आरोपी लड़के ने एक नाबालिक लड़की को फोन किया और अपने एक साथी के साथ रात को बहला फुसला कर उसे ले गया इसके बाद उन्होंने उस लड़की को एक घर में छोड़ दिया जहां पर मौजूद दो लड़कों ने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया 'शोर मचाया तो घर के लोग जाग गए आरोपी लड़की को छोड़कर फरार हो गए लड़की ने अपने घर जाकर परिजनों को आप बीती सुनाई तो उनके पैरों के



नीचे से जमीन निकल गई लड़की की मां थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप की तहरीर दी। पुलिस ने इस मामले में प्रिंस, हर्ष, मुकुल और विवेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित लड़की नाबालिक होने के कारण इस मामले में पोस्को एक्ट लगाई गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने इस मामले में अनेक आरोपियों को हिरासत में लिया है अन्य की तलाश जारी है ।

# रोडवेज की बस से घायल दूसरे युवक की दिल्ली में उपचार के दौरान हुई मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दो दिन पहले सड़क हादसे मे घायल हुए दीपक पुत्र वीरपाल की भी अस्पताल में मौत हो गई परिजनों ने देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया है ' दो दिन पहले आविहाफिजपुर मिलक गांव का मोहित कश्यप अपने चचेरे भाई दीपक को दवाई दिलवाने के लिए मुरादाबाद जा रहा था छजलैट क्षेत्र में शुक्ला की पुलिया के पास रोडवेज की बस ने उसे टक्कर मार दी जिससे मोहित की मौके पर मौत हो गई और दीपक को गंभीर अवस्था में मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था भारत गंभीर होने पर हालत उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन देर रात को उसकी भी दिल्ली के



अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही गांव में एक बार फिर शोक की लहर दौड़ गई दोपहर को शब घर पहुंचा तो घर पर कोहराम मच गया परिजनों ने गमगीन माहौल में शमशान जाकर दीपक का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस मामले में मोहित के पिता कृष्णपाल की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ पहले ही मामला दर्ज कर लिया है।

# कानपुर में अपहरण कर धर्मांतरण और नाबालिग से निकाह करने वाला गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां लव जिहादके जरिए धर्मांतरण और निकाह के मामले बढ़ते जा रहे हैं। एक और घटना में किशोरी का अपहरण करके धर्मांतरण करने के बाद जबरन उससे निकाह भी कर लिया गया ,जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बाबूपुरवा थाना क्षेत्र की है । यहां रहने वाली एक नाबालिग को अगवा करके धर्मांतरण और निकाह करने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज की थी। अब नाबालिग को बरामद करने के साथ ही आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। नाबालिग ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि उसका जबरन धर्मांतरण कराकर निकाह कराया गया। दस दिनों तक उसके साथ आरोपी रेप करता रहा। पुलिस ने मामले में रेप, पाक्सो एक्ट और धर्मांतरण की धारा बढ़ाई है।

जानकारी के मुताबिक बाबूपुरवा में रहने वाले प्राइवेट कर्मी ने बताया- उनकी 17 साल की बेटी इंटर की छात्रा है। वह 14 अक्तूबर को लापता हो गई। काफी जांच-पड़ताल की तब पता चला कि इलाके का रहने वाला निहाल खान उनकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया है।

बताया गया कि बाबूपुरवा थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी निहाल के खिलाफ नाबालिग के अपहरण की धारा में एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। बीर्त देर रात आरोपी को दूसरे जिले से अरेस्ट कर नाबालिग को भी बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में लगी हुई है।

# बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए 6000 स्कूलों में लगेगी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2025 को फुलप्रूफ सुरक्षित बनाने के लिए यूपी बोर्ड अब आधुनिक तकनीक का उपयोग परीक्षा सेंटरों पर करेगा। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर सीसीटीवी और संबंधित इलेक्ट्रानिक उपकरणों एवं साफ्टवेयर की मदद ली जाएगी।

व्यवस्था ऐसी बनाई जा रही है कि परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में अनधिकृत रूप से घुसते ही बोर्ड के मुख्यालय प्रयागराज और लखनऊ के कमांड कंट्रोल सेंटरों पर तैनात अधिकारियों के पास अलर्ट संदेश पहुंच जाएगा।इसके लिए 25 करोड़ रुपये खर्च कर 6,000 विद्यालयों को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से लैस किया जाएगा। हालांकि, यूपी बोर्ड पहले भारी-भरकम खर्च को देखते हुए अपने प्रस्ताव पर पीछे हट रहा था। इलेक्ट्रानिक उपकरणों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रश्न पत्रों और कॉपियों की सुरक्षा में प्रतिवर्ष का यह व्यय बोर्ड को अधिक लग रहा था, लेकिन इसे

लेकर कम खर्च में प्रस्ताव पर सहमति बन जाने के बाद अब इसे अमली जामा पहनाने की तैयारी है। इसे लेकर जल्दी ही बैठक हो सकती है, जिसमें सभी बिंदुओं पर विचार- विमर्श के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के मुताबिक बोर्ड ने विद्यालयों में पहले से मौजूद सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, राउटर, ब्राडबैंड आदि की स्थिति और संख्या की जानकारी मांगी है। इसके बाद ही महानिदेशालय को प्रस्ताव भेजा गया है कि विद्यालयों में पहले से मौजूद इन उपकरणों का उपयोग किया जाए तो खर्च में कटौती हो सकती है। अब इसके लिए समिति का गठन किया जाएगा।

**ज्ञापन** जिलाधिकारी के द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि के आश्वासन अनुसार अगर मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएं ठीक नहीं हुई तो...

# पुन:15 नवंबर 2024 को कांग्रेसी धरना देंगे:ओमकार सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं।** मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चल रहे धरने के दूसरे दिन सायं 4:00 बजे जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि मजिस्ट्रेट द्वारा कांग्रेसियों से ज्ञापन लिया गया और उन्हें जिलाधिकारी से बात करने के बाद आश्वासन दिया।

मांग पत्र में जो प्रमुख तीन मांगे हैं वह तुरंत अभी से लागू हो जाएंगे जिसमें की पहली मांग थी की ओपीडी पर्चा काउंटर सात हैं वह नियमित रूप से सातों खुलेंगे और दो काउंटरों पर बिना ओपीडी के कैजुअल फॉर्म बनाए जाएंगे जिससे कि जिनके पास बड़े मोबाइल नहीं है तो उन्हें अपना पर्चा बनवाने में परेशानी ना हो, दूसरी प्रमुख मांग कांग्रेसियों द्वारा पार्किंग को लेकर की गई थी कि यहां पर मरीज एक मोटरसाइकिल के 20 24 घंटे के, बड़ी कार के 40रू पार्किंग शुल्क के रूप में देता है और न देने पर यहां के कर्मचारी सूजे के द्वारा उसका टायर पंचर कर देते हैं इस पर प्रिंसिपल मेडिकल अरूण कुमार ने प्रि और सीएमएस ने तुरंत ही पार्किंग ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए आश्वासन दिया कि कल से 5 मोटरसाइकिल के और 10 कार 24 घंटे के पार्किंग के लिए जाएंगे, और कोई अवैध वसूली नहीं होगी। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और सीएमएस ने आश्वासन दिया कि जो पानी की किल्लत है वह तुरंत दूर होगी कल से जो भी आरो सिस्टम काम नहीं कर रहे हैं प्राथमिकता के आधार पर कल से शुरू कर दिए जाएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा की पार्किंग शुल्क का एक बोर्ड लगाना चाहिए जिस पर की संबंधित अधिकारी का नंबर भी हो कि अगर पार्किंग शुल्क दर से ज्यादा दिया जाता है तो उसकी शिकायत तत्काल संबंधित अधिकारी मरीज कर सके ।धरना स्थल पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी सिंह , जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आतिफ खान, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और कार्यक्रम का आयोजक मोरपाल प्रजापति, जिला कांग्रेस



कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी एससी एसटी के अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया, नगर कांग्रेस कमेटी वजीरगंज के अध्यक्ष सोमपाल शाक्य ,जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती मीना शाक्य ,जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजवीर सिंह, नगर कांग्रेस कमेटी उसैत के अध्यक्ष असद खान, जिला महासचिव शाह रजा नगर कांग्रेस कमेटी उझानी के अध्यक्ष अरुण पाराशर, आउटरीच कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनिल उपाध्याय आउटरीच कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति, नगर कांग्रेस कमेटी बिल्सी के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन जिला कांग्रेस के सचिव राजीव तोमर जिला सचिव वीरपाल सिंह यादव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी म्याऊं के अध्यक्ष रामपाल साहब जिला सचिव ओमेंद्र सिंह जिला सचिव असलम खान ब्लॉक अध्यक्ष उसावां ओमवीर सिंह प्रेमपाल, डॉक्टर खलील, जिब्रान अहमद ,जिला सचिव मुजाहिद हुसैन अनुज प्रताप सिंह हार्दिक सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी धरने में शामिल रहे।

# जननी सुरक्षा योजना में खुराक के लिए अब मिलेंगे 150 रुपये प्रतिदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जननी सुरक्षा योजना के तहत अस्पतालों में भर्ती होने वाली गर्भवती को अब पोषक आहार मिलेगा। इसके लिए एनएचएम ने खुराक की राशि बढ़ा दी है। एनएचएम की ओर से वर्ष 2005 में शुरू की गई जननी सुरक्षा योजना का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ मृत्यु दर को कम करना था।




इसके तहत महिला अस्पताल व सीएचसी में भर्ती होने वाली गर्भवती के खाने-नाश्ते के लिए एनएचएम 90 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अब तक भुगतान करता था। अब 150 रुपए का भुगतान प्रतिदिन के हिसाब से होगा।

# 91.40 प्रतिशत ऋण वितरण करने से संभल जनपद प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान पर आया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** निवेश और ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) में संभल जिले ने लगातार दूसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले की 175 बैंक शाखा में 6132.94 करोड़ रुपये जमा कराने और विभिन्न योजनाओं में 5605.39 करोड़ रुपये ऋण वितरण कराने पर यह उपलब्धि मिली है।हर तीन महीने में निवेश और ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) की रैंक जारी होती है। जून में जारी रैकिंग में जिले का प्रथम स्थान था। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अमित कुमार विश्नोई ने रविवार को बताया कि जमा राशि 6132.94 करोड़ के सापेक्ष विभिन्न योजनाओं में खुलकर ऋण वितरित किए गए। सितंबर में जारी रैकिंग में जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है।जुलाई, अगस्त और सितंबर में जमा धनराशि से ज्यादा ऋण वितरण किया गया। तीन माह में 137.84 करोड़ रुपये जिले की बैंक शाखाओं में जमा किए गए। जबकि 138.30 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया।




# परख के अभ्यास हेतु भेजे सैंपल पेपर, हर शनिवार को होगी तैयारी


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शिक्षा मंत्रालय चार दिसंबर को राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख (प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण) का आयोजन कर रहा है। इसके लिए सभी परिषदीय विद्यालयों में कक्षा तीन व छह के छात्रों को इसकी तैयारी कराई जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने सैंपल पेपर तैयार करके विद्यालयों को भेजे हैं। साथ ही अगले हर शनिवार को कक्षा 3 व 6 के विद्यार्थियों को इससे अभ्यास कराने के निर्देश दिए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी डायट प्राचार्य, एडी बेसिक, बीएसए व बीईओ समेत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे हर शनिवार को विद्यालयों का भ्रमण करें और छात्र-छात्राओं को ओएमआर शीट पर अभ्यास सुनिश्चित कराएं। इसके लिए कंपोजिट ग्रांट से प्रति विद्यालय 100 रुपये खर्च किए जा सकेंगे। प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को भी सर्वेक्षण से संबंधित प्रक्रिया बताएं।

# बलात्कार : पीड़ित महिला भटक रही दर-दर, अपराधियों पर शिकंजा नहीं, पुलिस अधीक्षक संभल तथा डीआईजी मुरादाबाद से भी लगाई न्याय की गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई/चंदौसी (दिनेश सक्सेना )।** योगी सरकार जहां एक और महिलाओं की सुरक्षा की बात कर रही है तथा महिलाओं को हर स्तर पर सुरक्षा मुहैया करा रही है परंतु कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों मे सरकार का बिल्कुल भी भय नहीं है ऐसा ही एक मामला ग्राम मई का है जहां पीड़िता निबासी मई की है।21 सितम्बर को पीड़िता मेला देखकर अपने घर रात्रि लगभग 10:30 बजे मई आ रही थी। जैसे ही पीड़िता अपने घर के बाहर पहुंची अचानक आस मोहम्मद उम्र व बबलू पुत्र कल्लू उम्र आ गए और पीड़िता को उठाकर कल्लू के खेत के पास घर से करीब ३०० मी० दूरी पर ले गये पीड़िता इसका विरोध करती रही परन्तु प्रार्थनी के साथ छेड़छाड़ करने लगे और पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और प्रार्थनी के साथ मारपीट व गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी भी दी पीड़िता ने 22 सितम्बर को थाना चंदोसी पर रिपोर्ट दर्ज कराई परन्तु पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी अभियुक्त खुलेआम निडर होकर घूम रहे है और पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिससे पीड़िता भयभीत है। पिता ने पुलिस अधीक्षक संभल तथा डीआईजी मुरादाबाद से भी न्याय की गोहर लगाई है परंतु अभी तक कोई भी अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है अब देखना है कि कब तक इन पर कार्रवाई होती है।



# गोवंश को अब साल भर मिल सकेगा पौष्टिक भोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में बरसात के समय को छोड़कर बाकी समय गोवंश को सूखा चारा दिया जाता है। इसे देखते हुए अब पशुधन विभाग ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। वह सालभर गोवंश को पौष्टिक चारा देने की तैयारी में है। इसके तहत हरे चारे व ज्वार-मक्का की फसल से साइलेज तैयार किया जाएगा ताकि गोवंश को बेहतर चारा मिल सके।पशुधन विभाग के मुताबिक प्रदेश की जलवायु विविधता के कारण हमेशा हरे चारे की उपलब्धता नहीं हो पाती। इसका असर पशुधन के स्वास्थ्य व उत्पादकता पर भी पड़ता है। साइलेज बनाकर इसे काफी समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इसमें खर्च भी कम होता है। इतना ही नहीं साइलेज को सूखे चारे की अपेक्षा कम स्थान पर रखा जा सकता है। साथ ही इसे 12 से 18 महीने तक पौष्टिक रखा जा सकता है। पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक ने कहा है कि जाड़े में चारे के अभाव में इसका प्रयोग पशुओं के लिए काफी उपयोगी है। यह पाचक और पौष्टिक होने के साथ ही पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए बजट का भी प्रावधान किया गया है। जिलाधिकारी समय-समय पर साइलेज, हरा चारा, भूसा व दाना मिश्रण आदि की उपलब्धता के आधार पर इसका प्रयोग करें। साथ ही स्थानीय स्तर पर पशुओं के गोबर व अन्य स्रोत से होने वाली आय का भी पशुओं को अधिक पौष्टिक आधार देने में प्रयोग किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 6707 अस्थायी गोआश्रय स्थल, 333 वृहद गो संरक्षण केंद्र, 289 कान्हा गोशाला, 307 कांजी हाउस में बड़ी संख्या में गोवंश संरक्षित हैं।




# गन्ना समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल माला डालकर हुआ भव्य स्वागत, किसानों की समस्याओं का अब शीघ्र होगा समाधान : मुकेश माहेश्वरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई ) ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी ने सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ के निर्विरोध निर्वाचित सभापति कुंवर सुरेंद्र सिंह एवं शासन द्वारा नामित डायरेक्टर सूरज सिंह गुर्जर आदि का माल्या अर्पण कर स्वागत किया' इस मौके पर श्री माहेश्वरी ने कहा कि अब किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा 'इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष और समिति के संचालक पति सचिन चौहान उर्फ बंटी का माल्यार्पण कर स्वागत किया'

इस अवसर पर सहकारी संघ के अध्यक्ष प्रमोद बिश्नोई , ओंकार सिंह बिश्नोई , सौरभ अग्रवाल, महेश चंद गुप्ता, अशोक बिश्नोई, विनोद नंबरदार, धर्मपाल चौहान, आदि उपस्थित रहे।



# 53 फीसद किसान प्रमाणित बीज की बुआई नहीं करते जिसकी वजह से उत्पादन क्षमता हो रही है कम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कृषि एवं सहकार मंत्रालय के निदेशक डा. दिनेश कुमार वर्मा ने कहा है कि देश के 47 फीसद किसान ही प्रमाणित बीज की बुआई करते हैं। शेष घरेलू बीज का इस्तेमाल करते हैं जिससे उत्पादन क्षमता कम हो जाती है। ये बात उन्होंने दलपतपुर बीज भंडार के उद्घाटन अवसर पर कही। किसानों का संबोधित करते हुए उन्होंने प्रमाणित बीज की बुआई करने पर रोशनी डाली। और फसल उत्पादन बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में किसान प्रमाणित बीज की बुवाई नहीं करते। करीब 53 फीसद किसान इस प्रक्रिया को अपनाकर अपना नुकसान करते हैं। अप्रमाणित बीज की बुवाई से उत्पादन में कमी आने के अलावा फसल में तरह तरह की बीमारियां लगने का खतरा रहता है। वर्मा ने कहा कि घरेलू बीज में अंकुरित क्षमता कम होने से किसानों का भारी क्षति उठाना पड़ती है। कार्यक्रम को भारतीय सहकारी समिति के प्रबंध निदेशक चेतन जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि बीएसएसएल ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनुसंधान द्वारा प्रमाणित उन्नत बीज का प्रबंध किया है। बीज भंडार संचालक मुस्तफा ने बताया कि ज्योतिपथ मल्टीपरपज कोआपरेटिव सोसायटी के साथ मिलकर किसानों को उचित दर पर प्रमाणित बीज मुहैया कराने की बात कही। इस अवसर पर किसानों को उन्नत बीज के किट वितरित किए गए। किसान शराफत हुसैन, मुहम्मद नईम, जुगल किशोर यादव, खलील अहमद, जगराम, चंदन मौजूद रहे।

**बीज भंडार संचालक मुस्तफा ने बताया कि ज्योतिपथ मल्टीपरपज कोआपरेटिव सोसायटी के साथ मिलकर किसानों को उचित दर पर प्रमाणित बीज मुहैया कराने की बात कही**

# रंग बिरंगी झालरों से सज गई दुकाने,31 अक्टूबर को मनाया जाएगा दीपावली का पर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं ' अनेक दुकानें रंग बिरंगी झालरों से सज गई है । लाल, पीली, नीली, गुलाबी, सफेद और नारंगी झालरों से सजी दुकान सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। घरों एवं प्रतिष्ठानों को सजाने के लिए लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। ग्राहकों के उत्साह को देखते हुए दुकानदारों के भी चेहरे खिले हुए हैं। दिवाली उत्सव शुरू होने में अभी कुछ दिन बाकी हैं। मुख्य बाजार स्टेशन रोड आदि दुकानों पर रंग-बिरंगी झालरें सज गई हैं। इस बार बाजार में रोशनी वाले ऐसे पाइप भी उपलब्ध हैं, जिनसे हैप्पी दीपावली भी लिखा जा सकता हैं।इनमें लाल, पीले, गुलाबी और अन्य कई रंग आसानी से मिल जाएंगे। इसके अलावा पानी से जलने वाले इलेक्ट्रिक दीपक, पत्तियों वाली रंग बिरंगी लाइट, क्रिस्टल बाल वाली सफेद झालर, तितली वाली सफेद और नारंगी झालर के अलावा लोगों को टच लैंप भी खूब पसंद आ रहे हैं। पीतल के दीपक की भी जमकर बिक्री हो रही है।



# अक्टूबर माह की अंतिम सप्ताह में ठंड ने दी दस्तक,छाया कोहरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह चल रहा है। इस बीच ठंड ने भी दस्तक दे दी है। रविवार सुबह आसमान में घना कोहरा छाया रहा। सुबह नौ बजे के बाद धूप निकल सकी। बादलों के बीच लोगों को गुलाबी ठंड का अहसास हुआ। सुबह में जागे लोगों को सीजन में पहली बार कोहरे संग हल्की ठंड का आभास हुआ। स्कूली बच्चे भी कोहरे व ठंड के बीच स्कूल पहुंचे। वहीं कोहरे की वजह से दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर वाहनों की रफ़्तार धीमी हो गई। बदायूं बिजनौर नेशनल हाईवे पर कोहरे के चलते वाहन चालकों को लाइटों का सहारा लेना पड़ा। वहीं दस बजे के बाद निकली धूप से लोगों को राहत मिली। जानकारों के मुताबिक अब ठंड में रोज इजाफा होता रहेगा।



# घटिया हेलमेट बनाने और बेचने वालों के विरुद्ध अब होगी कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** घटिया हेलमेट बनाने और बेचने वालों की अब खैर नहीं। केंद्र सरकार ने देशभर के जिला कलेक्टरों को आइएसआइ की फर्जी मुहर लगे और गैर-मानक वाले हेलमेट बेचने और बनाने वालों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने निर्देश दिया है। मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि घटिया हेलमेट के निर्माण की वजह से अब तक 162 निमार्ताओं के लाइसेंस रद किए जा चुके हैं। मानक चिह्न के दुरुपयोग से जुड़े 27 मामले दर्ज किए गए हैं। घटिया हेलमेट सड़क दुर्घटनाओं में कई मौतों का कारण बनते हैं। सरकार ने इसी के चलते घटिया हेलमेट बेचने-बनाने वालों पर शिकंजा कसने की कवायद की है। वैसे सरकार पहले ही मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत दुपहिया वाहन सवारों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य कर चुकी है। उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने "उपभोक्ता भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) केयर एप के माध्यम से या बीआइएस वेबसाइट पर जाकर यह सत्यापित कर सकते हैं कि कोई हेलमेट निमार्ता बीआइएस द्वारा लाइसेंस प्राप्त है या नहीं।

'मंत्रालय की सचिव निधि खरे ने कहा, हेलमेट जीवन बचाते हैं, लेकिन केवल तभी जब वे अच्छी गुणवत्ता वाले हों। यह पहल बाजार से असुरक्षित हेलमेट हटाने व लोगों को बीआइएस प्रमाणित उत्पादों के महत्व के बारे में शिक्षा के लिहाज से भी अहम है। उल्लेखनीय है कि नगर एवं जनपद में बड़े पैमाने पर घटिया हेलमेट की बिक्री हो रही है।



# तिगरी गंगा धाम में आयोजित होने वाले राजकीय मेले की तैयारियां जोरों पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तिगरी गंगा धाम में आयोजित होने वाले राजकीय मेले की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शनिवार को मेला स्थल पर मनोरंजन के कई झूले पहुंचे। ठेकेदारों द्वारा सड़के आदि के काम कराए जा रहे हैं। मेला स्थल पर कई वाच टावर भी तैयार हो गए हैं। ठेकेदार कर्मचारियों के प्रवास के लिये कई तंबु भी मेला स्थल पर दिखाई देने लगे हैं। तिगरी गंगा मेला क्षेत्रा में सदर गेट के स्थल चिन्हित करके मानचित्र के अनुसार सड़कें आदि तैयार कराए जाने का काम चल रहा है। तिगरी गंगा मेले में हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और कई कई दिन तक यहां पर तंबु डालकर प्रवास करते हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा यहां पर श्रद्धालु की सुरक्षा के लिये कड़े इंतजाम किए जाते हैं। इस वर्ष 15 नवम्बर को मुख्य स्नान होना है, जबकि एक सप्ताह पूर्व से ही श्रद्धालु का प्रस्थान शुरू हो जाता है। इस समय मेला स्थल पर तैयारियों का सिलसिला तेजी से चल रहा है। ठेकेदार के कर्मियों द्वारा सड़कें बनाकर उन्हें मजबूत करने के लिये पुआल, पत्ती व पानी आदि का छिड़काव किया जा रहा है। सदर चैक के समीप मनोरंजन हेतु लगने वाले झूले भी यहां पहुंचने लगे हैं। ठेकेदार के कर्मियों ने अपने रहने के लिये तंबु भी डाल लिये हैं।

# के० का-हा विद्यालय में RBSK टीम के दाता किशोरी स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**उझारी।** के० का-हा विद्यालय में RBSK टीम के दाता किशोरी स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के नाटक वस्तुत किये गये जैसे- गुंड टच-वेड टच, आयरन की कमी से होनेवाले रोग, शराब पीने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया इसके अतिरिक्त बालिकाओं रो पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रथम स्थान कुन अल्पना-कुर्ता हक्क, दिलीय स्थान दियान्यु. कक्षा व को, भरतीय स्थान कुन खुशी करता 8 ने प्राप्त किया) डोकलाम में डा० नवाजिस अली, 57प्रतिश, राशिद आली, डा.सौरभ राणा डा राहुल चौधरी लाईन सीमा सिंह एवं बिधालय का समस्त स्टाफ शामिल रहा।



# बीती रात छत से गिरकर युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अली)।** क्योलडिया थाना क्षेत्र के गांव नौगमा भगवंतपुर के किसान सुखलाल 55 वर्ष बीती रात छत पर सोया हुआ था रात में किसी समय पर पेशाब करने के लिए वह उठा और छत से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सुबह परिजन जब सुखलाल को उठाने गए तो वहां पर वह नहीं था जब छत से नीचे देखा तो अचेत अवस्था में था घर वालों ने जब देखा तब तक सुखलाल की मौत हो चुकी थी जिससे घर में कोहराम मच गया पत्नी अनीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है परिवार में दो बेटी दो बेटे हैं मृतक का गमगीन माहौल में घर वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया।



**समापन** दूसरे दिन कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

# रूपवती कन्या इंटर कालेज में दो दिवसीय दीपावली कार्निवल का समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** समीप के के आदर्श गांव सिखैडा स्थित रूपवती कन्या इंटर कालेज में दो दिवसीय दीपावली कार्निवल का शनिवार को समापन हो गया। दूसरे दिन कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधायक ने कहा कि समय समय पर प्रतियोगिता आयोजित करनी चाहिए। जिससे छात्राओं की प्रतिभा में निखार आ सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष स्कूल में दो दिवसीय कार्निवल का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में मां का गर्व, बेबी शो और रंगोली प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्या डाक्टर आराधना सिंह सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।





# मुरादाबाद से टांडा के लिए ई-बस सेवा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद से टांडा के लिए शनिवार से ई-बस का संचालन शुरू हो गया है। पहली बस मुरादाबाद बस अड्डे पर सुबह 6:30 बजे मिलेगी। इस रूट का किराया 45 रुपया निर्धारित किया गया है। मुरादाबाद शहरी क्षेत्र में तीन रूट पर कुल 25 ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ अब एक और नया रूट मुरादाबाद-टांडा जोड़ दिया गया है। यह रूट 27.5 किलोमीटर का है। इस रूट का किराया 45 रुपये निर्धारित किया गया है। ई-बस सेवा प्रबंधक (संचालन) बाबर खान ने बताया कि मुरादाबाद- टांडा रूट पर शनिवार से ई-बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। इस रूट पर कुल छह बसें लगाई गई हैं।





# श्वेता तिवारी ने डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस में दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने फैंस को किया घायल

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस अक्सर उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने 44 साल की उम्र में भी खुद को 22 साल की लड़की जैसा मेंटेन कर के रखा हुआ है।

श्वेता तिवारी ने एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज से फैंस को दीवाना बना दिया है. श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम पर हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह मैरून डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की किलर पोज और उनकी जबरदस्त हॉटनेस ने फैंस को घायल कर दिया है. इन तस्वीरों में श्वेता ने लाइट मेकअप किया है, जो उनकी नेचुरल ब्यूटी को और भी निखार रहा है. खुले बालों के साथ उनके लुक ने चार चांद लगा दिए हैं. 44 साल की उम्र में भी श्वेता तिवारी का यह स्टाइलिश और फिटनेस अवतार फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है.

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।एक्ट्रेस की उम्र का उन पर कोई असर नजर नहीं आता, और उनके फैंस भी उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.श्वेता तिवारी का हर एक अंदाज काफी हटके होता है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका का हर एक लुक फैंस के बीच काफी ट्रेंड करने लगता है।

# बॉक्स ऑफिस पर विक्की विद्या की हालत हुई पतली, जिगरा भी गिन रही आखिरी सांसे

राजकुमार राव की 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और आलिया भट्ट की 'जिगरा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए दो हफ्ते पूरे हो गए हैं. इस दौरान जहां राजकुमार की रोमांटिक कॉम ने गिरते-पड़ते अपना बजटू वसूल कर लिया तो वहीं आलिया की फिल्म आधी लागत भी नहीं वसूल कर पाई. फिलहाल दोनों ही फिल्मों की हालत अब काफी खस्ता हो चली है. चलिए यहां जानते हैं 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियोइ और 'जिगराइ ने रिलीज के 14वें दिन कितना कलेक्शन किया है? स्त्री 2 से बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने के बाद राजकुमार राव एक बार फिर 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के साथ सिनेमाघरों में लौटे. एक्टर इस बार नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म में अपनी चोरी हुई 'सुहागरात की सीड़ी खोजने के चक्कर में दिखे. फिल्म ने दर्शकों को खूब हंसाया और इसने अच्छी शुरूआत भी की. फिर फिल्म की पहले हफ्ते की कमाई भी ठीक रही लेकिन दूसरे हफ्ते में 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियोइ का कलेक्शन का ग्राफ गिरता चला गया. अब ये फिल्म तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. वहीं फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियोइ ने पहले हफ्ते में 27 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 1.4 करोड, दूसरे शनिवार 2.25 करोड़, दूसरे रविवार 2.6 करोड़, दूसरे सोमवार 1.15 करोड़, दूसरे मंगलवार 1.1 करोड़ और दूसरे बुधवार 94 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियोइ ने रिलीज के 14वें दिन 80 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियोइ का 14 दिनों का कुल कलेक्शन अब 37.20 करोड़ रुपये हो गया है.




'जिगराइ काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. हालांकि पहले ही दिन फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था. ना तो फिल्म की कहानी और ना ही आलिया भट्ट की स्टार पावर ऑडियंस को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब हो पाई. फिर भाई-बहन की कहानी पर बेस्ड ये फिल्म विवादों में भी फंस गई जिसका इसके कलेक्शन पर बुरा असर पड़ा. ये फिल्म फ्लॉप हो चुकी है और इसने जैसे तैसे रेंग रेंग कर बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्ते पूरे किए हैं. लेकिन अब इसका पैकअप होता हुआ नजर आ रहा है. वहीं 'जिगराइ की कमाई की बात करें तो इसने पहले हफ्ते में 22.45 करोड़ कमाए थे. दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 1.15 करोड़, दूसरे शनिवार 1.7 करोड़, दूसरे रविवार 1.9 करोड़, दूसरे सोमवार 60 लाख, दूसरे मंगलवार 55 लाख और दूसरे बुधवार 51 लाख का बिजनेस किया. अब 'जिगराइ की रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'जिगरा ने रिलीज के 14वें दिन 40 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के 'जिगरा की 14 दिनों की कुल कमाई अब 29.25 करोड़ रुपये हो गई है।

# बिग बॉस 17 में भाग ले चुकी सोनिया बंसल परिवार के साथ मनाएंगी जन्मदिन

बिग बॉस 17 में एक सप्ताह तक नजर आई सोनिया बंसल अपने जन्मदिन के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उन्होंने कहा कि उनकी योजना घर पर परिवार के साथ समय बिताने की है। सोनिया ने कहा, खैर, मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो हर साल एक भव्य और भव्य पार्टी करना पसंद करते हैं। मैं एक साधारण व्यक्ति हूं जो अपने परिवार के लिए ऐसे विशेष दिन को खास बनाना चाहती हैं। इसलिए, मेरे लिए इस साल का जन्मदिन घर पर परिवार के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका कैलेंडर काफी व्यस्त है, जिसके कारण वह अपने



परिवार के साथ समय नहीं बिता पा रही हैं।

उन्होंने कहा, मेरे काम का शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिसके कारण मैं अपने परिवार के साथ उतना समय नहीं बिता पाई जितना मैं चाहती थी। इसलिए, इस जन्मदिन पर कोई बहाना नहीं है।

इसे एक निजी मामला बताते हुए उन्होंने कहा : यह घर पर एक शांत निजी उत्सव होगा जिसमें अच्छा खाना, बातचीत और परिवार के साथ अच्छा समय बिताया जाएगा। यह मेरी प्राथमिकता है और मेरे लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।

सोनिया ने 2022 में फिल्म गेम 100 करोड़ का से डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने राहुल रॉय, शक्ति कपूर, विशाल मोहन और पंकज बेरी के साथ काम किया। वह फिल्म नॉटी गंगा, डुबकी में भी नजर आईं।

सोनिया समर खान द्वारा निर्देशित एक्शन ड्रामा वेब सीरीज शूरवीर में भी नजर आईं। यह फिल्म विक्रांत श्रीनिवास द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर है। बिग बॉस 17 की बात करें तो इस शो को सलमान खान ने होस्ट किया था। इस विवादित रियलिटी शो को मुनव्वर फारुकी ने जीता था। बिग बॉस का 18वां सीजन 6 अक्टूबर से शुरू हुआ है। वर्तमान में शो में नायरा बनर्जी, करण वीर मेहरा, अविनाश मिश्रा, मुस्कान बामने, चूम दरंग, चाहत पांडे, विवियन डीसेना, ईशा सिंह, रजत दलाल, शिल्पा शिरोडकर, सारा अरफीन खान, गुणरत्न सदावर्ते, तजिंदर पाल सिंह बग्गा, श्रुतिका अर्जुन राज, शहजादा धामी, ऐलिस कौशिक और अरफीन खान शामिल हैं। शो के 18वें सीजन से बाहर होने वाली पहली प्रतियोगी हेमा शर्मा हैं।

# दोस्त के फू-फू से आपकी जान जा सकती है, 80 लाख लोग हर साल मर रहे हैं

तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इससे कर्क (कैंसर) रोग हो सकता है। ये लाइन आपको हर सिगरेट के डिब्बे पर देखने को मिल जाएगी। लेकिन इसके बाद भी लोगों का सिगरेट पीना कम नहीं होता है। अब तक आपने सुना होगा कि जो लोग सिगरेट पीते हैं, सिर्फ उन्हें ही कैंसर होता है।।लेकिन क्या कभी आपने ये सुना है कि सिगरेट पीने वालों के साथ रहने वाले को भी कैंसर हो गया हो। ऐसा ही एक मामला चर्चा में था हैदराबाद की नलिनी का। जिनको उनके पति के सिगरेट की लत की वजह से कैंसर हुआ था। चलिए आपको बताते हैं कि सामने वाले के सिगरेट पीने से आप मौत के कितने करीब पहुंच जाते हैं।



विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल तंबाकू के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की कैंसर से मौत होती है। इसमें 12 लाख ऐसे लोग होते हैं जिनकी मौत अप्रत्यक्ष रूप से तंबाकू का सेवन करने से होती है। यानी ये लोग सिर्फ इसलिए अपनी जाव गंवा देते हैं, क्योंकि ये सिगरेट पीने वालों के साथ रहते हैं।

वहीं अगर भारत की बात करें तो डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां हर साल तंबाकू के सेवन से मरने वालों की संख्या 13।5 लाख के पार है। यानी अब आपको समझना होगा कि आप सिगरेट भले ही ना पीते हों, लेकिन अगर आपके आसपास भी कोई सिगरेट पी रहा है तो वो आपको मौत के नजदीक ले जा रहा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि भारत की कुल आबादी जिसकी उम्र 15 साल से ज्यादा है, उसमें 29 फीसदी युवा तंबाकू का सेवन करते हैं।

**किस उम्र में युवा सिगरेट पीना शुरू करता है**

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार, सिगरेट पीने की चाह बच्चों में 10 से 13 साल के बीच ज्यादा देखी गई है। वहीं 13 से 16 साल के बीच, बच्चों को इसकी लत लगने लगती है। अगर बच्चों को इस दौरान सिगरेट पीने से रोक दिया जाए तो हो सकता है कि उनकी लत छूट जाए। लेकिन, अगर बच्चों को इस उम्र में सिगरेट की लत लग गई तो फिर उनकी सिगरेट बड़ी मुश्किल से छूटती है।

**सिगरेट सबसे ज्यादा किसकी जान ले रहा है**

डब्ल्यूएचओ की ही रिपोर्ट के मुताबिक, सिगरेट सबसे ज्यादा जान मर्दों की ले रहा है। दुनियाभर में लगभग 70 लाख मर्द हर साल तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा दे रहे हैं। जबकि, दुनियाभर में लगभग 12 लाख ऐसी महिलाएं भी हैं जो तंबाकू के सेवन से अपनी जान से हाथ धो बैठ रही हैं। बच्चों की बात करें तो पैसिव स्मोकिंग से हर साल दुनियाभर में लगभग 6 लाख बच्चे अपनी जान गंवा दे रहे हैं। ये वो बच्चे हैं जिन्होंने कभी सिगरेट नहीं पी, लेकिन इनके आसपास के लोग सिगरेट पीते हैं और उनकी वजह से ये अपनी जान गंवा रहे हैं।

ने जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 के बीच एक सर्वे किया। इस सर्वे में 18 से 45 साल के बीच की उम्र के लोगों से पूछा गया कि वह दिन में कितनी सिगरेट पीते हैं। इसमें 34 फीसदी भारतीयों ने बताया कि वह कभी-कभी ही सिगरेट पीते हैं। वहीं, 37 फीसदी भारतीयों ने कहा कि वह दिन का 1 से 5 सिगरेट पीते हैं। जबकि, 17 फीसदी भारतीय ऐसे थे जिन्होंने कहा कि वह दिन का 6 से 10 सिगरेट पीते हैं। 7 फीसदी भारतीयों ने कहा कि वह 11 से 20 सिगरेट एक दिन में पी जाते हैं। वहीं 2 फीसदी भारतीय ऐसे थे, जिन्होंने कहा कि वह दिन का 21 से 30 सिगरेट पीते हैं। जबकि, अन्य 2 फीसदी भारतीयों ने बताया कि वह दिन का 31 से ज्यादा सिगरेट पीते हैं।

**लोग तंबाकू से दूरी बना रहे हैं**

विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में लोग अब तंबाकू से होने वाले खतरे के प्रति जागरुक हो रहे हैं। यही वजह है कि अब तंबाकू का सेवन करने वालों की तादाद में पहले के मुकाबले कमी देखने को मिली है। साल 2000 से 2020 की तुलना करें तो तंबाकू का सेवन करने वालों की तादाद में काफी कमी देखने को मिलती है। जैसे साल 2000 में जहां 15 साल की उम्र से ज्यादा के करीब 32 फीसदी लोग तंबाकू का सेवन करते थे। वहीं साल 2020 में ये संख्या घटकर 20 फीसदी हो गई। महिला पुरुष की बात करें तो साल 2000 में जहां 49 फीसदी पुरुष और 37 फीसदी महिलाएं तंबाकू का सेवन करती थीं, वहीं साल 2020 में ये संख्या घट कर 16 फीसदी और 8 फीसदी ही रह गई। हालांकि, इसके बाद भी आज लाखों लोग हर साल तंबाकू के सेवन से अपनी जान गंवाते हैं।

# मेंटल हेल्थ के लिए वर्क फ्रॉम होम से ज्यादा बेहतर है वर्क फ्रॉम ऑफिस, जानिए क्या कहती है स्टडी

कोरोना महामारी के दौरान दुनिया भर में लोगों ने बाहर जाकर काम करने की बजाय घर से ही काम किया। उस दौर में वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ा और लोगों को इससे फायदा भी हुआ. इतने दिनों बाद भी कई कंपनियां हैं जो अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम का ऑप्शन दे रही हैं. लेकिन लंबे समय तक वर्क फ्रॉम होम करने से लोगों की मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ा है. हाल ही में कराई गई एक स्टडी में पता चला है कि मेंटल हेल्थ को दुरुस्त रखने में वर्क फ्रॉम होम की जगह वर्क फ्रॉम ऑफिस ज्यादा बेहतर है। हाल ही में ग्लोबल स्तर पर कराई गई एक स्टडी में कहा गया है कि भारत में ऑफिस में काम करने वाले इम्पलॉयी की मेंटल हेल्थ घर से काम करने वालों की अपेक्षा अच्छी रहती है. इसमें कहा गया है कि यूरोप और अमेरिका के उलट भारत में दफ्तर से काम करने वालों को मानसिक सुकून मिलता है. यहां दफ्तर से काम करने वाले लोग घर से काम करने वाले या हाईब्रिड माहौल में काम करने वालों की अपेक्षा कम तनाव में रहते हैं।



यूरोप और अमेरिका की बात करें तो स्टडी कहती है कि इन जगहों पर हाइब्रिड माहौल में काम करने वाले लोगों की मेंटल हेल्थ की अच्छी ग्रोथ होती है. अमेरिका में सेपियंस लैब में वर्क कल्चर एंड मेंटल वेलबीइंग द्वारा ये स्टडी करवाई गई थी. इस स्टडी के तहत करीब 55 हजार कर्मचारियों को इस रिसर्च में शामिल किया गया। इस स्टडी में पाया गया कि अकेले काम करने वालों की अपेक्षा टीम में काम करने वाले लोगों की मेंटल हेल्थ ज्यादा अच्छी थी. वहीं दूसरी तरफ टीम के आकार और मेंटल हेल्थ में ग्रोथ की बात करें तो इस मामले में दूसरे देश भारत से ज्यादा बेहतर हैं. इस स्टडी में कोशेंट नामक नजरिए को एड किया गया। आपको बता दें कि वर्क लाइफ को बेहतर करने वाले पहलुओं में टीम भावना, प्रेशर, स्ट्रेस, कंपटीशन, टॉक्सिक एनवायरमेंट, आपसी रिलेशनशिप, अपने काम के प्रति गर्व महसूस करना, लैंगिक भेदभाव, काम के प्रति रुचि आदि पहलू शामिल हैं।

# जुड़वा बहनों की दमदार कहानी है दो पत्ती, इमोशन्स और सस्पेंस से भरपूर फिल्म के संवाद जबरदस्त

दो पत्ती आज रिलीज हो चुकी है। फिल्म की कहानी जुड़वा बहनों सौम्या और शैली के घर से शुरू होती है, जिनकी मां के गुजर जाने के बाद उनकी जिंदगी बदल जाती है। सौम्या पीटीएसडी (पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर) से पीड़ित है जबकि शैली उसे गलत समझती है, जिससे दोनों बहनों के बीच दरार आ जाती है। फिल्म में कृति सेनन ने डबल रोल किया है।

कहानी में मोड़ तब आता है, जब सालों बाद ध्रुव सूद, सौम्या की लाइफ में आता है और उसे नई उम्मीद देता है, जबकि शैली, सौम्या की जिंदगी बर्बाद करने की कसम खाती है। कहानी बढ़ती है तो ध्रुव शैली को धोखा देकर सौम्या से शादी कर लेता है। लेकिन क्या शैली, सौम्या और ध्रुव को खुशी-खुशी रहने देगी? क्या कंट्रोल से बाहर होती जिंदगियां पटरी पर लौटेंगी? ये सब कुछ दो पता चलेगा दो पत्ती देखने के बाद!



काजोल की फिल्म में पुलिस अधिकारी के तौर पर एंट्री होती है। काजोल के लिए यह केस जीवन का सबसे पेचीदा साबित हो जाता है। ऐसे में दर्शक वास्तव में सोच में पड़ जाएंगे कि क्या वह सबसे पेचीदा मामले को सुलझा पाएंगी।

शशांक चतुर्वेदी निर्देशित और कनिका ढिल्लों की लिखी और निर्मित इस फिल्म में रहस्य, सम्मोहन और आश्चर्य समेत सभी तत्व सही जगह पर हैं। स्क्रीन से चिपके दर्शक सोच में पड़ जाएंगे अब आगे क्या? जैसे-जैसे फिल्म क्लाइमेक्स की ओर बढ़ती है, अप्रत्याशित मोड़ हैरान कर देते हैं।

# संगम का ऐतिहासिक पारिवारिक दीपावली मिलन कार्यक्रम का अयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम शामली द्वारा आयोजित कैराना रोड स्थित एक वेंकट हॉल में ऐतिहासिक पारिवारिक दीपावली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक यशपाल पवार, मुकेश गर्ग एडवोकेट, अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन मनोज धीमान, अजय गर्ग ने किया गणेश वंदना संस्कृत कार्यक्रम के द्वारा प्रस्तुत की गई। राजेंद्र चोटा पार्टी शामली द्वारा देशभक्ति एवं धार्मिक भजनों पर आधारित दिव्य झांकियो का प्रस्तुतीकरण सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में किया। जिसमें भगवान श्री राम के बाल स्वरूप, श्री राम लक्ष्मण सीता वन से अयोध्या आए आदि दिव्या झांकियां सम्मिलित रही। सभी ने श्री राम का स्वागत किया। और पुष्प वर्षा की। तालियो की गूंज व जयकारों की धवनी पूरी कार्यक्रम में सभी ने की। अयोध्या की लाइव आरती दिखाई गई कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद संगल, परम श्रद्धेय अरविंद दृष्टा महाराज, अंकित गोयल व्यापार मंडल, सुरेश पाल झिंझाना चेयरमेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आनंद उठाया। और सुंदर कार्यक्रम के लिए संगम के समस्त पदाधिकारी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। संगम के पदाधिकारी ने उनका हार्दिक स्वागत किया। और मां लक्ष्मी के रूप में संगम के परिवार से सभी बालिकाएं रही। और दिव्य रूप से उन्होंने सबको आशीर्वाद दिया। सब ने उनकी आरती की। उन्होंने भंडार से सबको शुभ आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल ने दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। ओर कहां की आज हमने संगम के साथियों के सहयोग से अयोध्या नगरी बनाने का प्रयास किया। जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर हमारे श्री राम हैं। उनका पूर्ण रूप से हमने अभिनंदन किया। मां लक्ष्मी का पूजन किया। आप सभी आए आप सभी का धन्यवाद कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कोषाध्यक्ष मनीष भटनागर ने दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत धन्यवाद आभार व्यक्त किया। और सभी से बुराई को खत्म करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपार भीड़ रही। इस अवसर पर सत्र संयोजक विनोद मित्तल,सचिव मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष भटनागर,प्रदीप बंसल, राजकुमार तायल, अनिल बंसल, अजय जैन, विजय शर्मा, डॉक्टर अजय चौधरी, नितिन गर्ग, रवि संगल, डॉ अजय वर्मा, अंकित गोयल, विकास कौशिक, निर्भय संगल, सुधीर कुमार सिंघल, विनोद मोघा, विनोद गोस्वामी, विवेक जैन,आदि मौजूद रहे।





## अज्ञात कारणों से चलते ट्रक में लगी भयंकर आग पुल पर लगा भारी जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** निकटवर्ती जलालाबाद फ्लाई ओवर ब्रिज पर बिजनौर दिशा से आ रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई जो भयंकर रूप धारण कर गयी वहीं पुल के दोनों ओर आबादी बसी हुई है और दोनों ओर पुल से मिले हुए मकान भी है वहां आग की ऊंची लपटो से दोनों ओर रह रहे परिवारों में भी हड़कंप मच गया काफी देर तक आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और सूचना पर अग्नि शमन व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया जबकि स्थानीय पुलिस ने यातायात व्यवस्था को लेकर दोनों ओर से आने जाने वाले वाहनों को पहले ही रोक दिया जबकि दोनों ओर लम्बी लम्बी कतारें लग गई वहीं पुल पर ट्रक में लगी आग को लेकर कुछ मानसिक दिवालियापन के शिकार लोग मददगार बनने के बजाए विडियो फिल्म फोटो खिंचवाने में व्यस्त रहे और कवरेज कर रहे पत्रकारों के कैमरे में आने के लिए आतुर दिखाई पड़े ताकि किसी तरह धू-धू कर जलते हुए ट्रक के साथ उनके फोटो आ सकें और वह तथाकथित समाजसेवी होने का कारण बन सकें जबकि आग बुझाने के साथ ही ऊंची लपटो धुएं से आसपास दोनों ओर बसें परिवार अपनी छतों से यह नजारा देख रहे थे समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाया जा रहा था और दोनों ओर भारी भीड़ जमा हैं और यातायात रूका हुआ है।



# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर किया हमला

**लखनऊ (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार की नकारात्मक कार्यप्रणाली पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की छवि खराब हो रही है, विकास कार्य ठप हो गए हैं, और प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, और अपराध चरम पर हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि किसान, नौजवान, व्यापारी, और कर्मचारी सभी परेशान हैं, और कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।अखिलेश यादव ने कहा, ह्लगरीबों और कमजोर लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। युवा नौकरी और रोजगार के लिए भटक रहा है।ह्व उन्होंने भाजपा सरकार पर बजट की लूट का आरोप लगाते हुए कहा कि पीडीए समाज के साथ भेदभाव किया जा रहा है। अब जब पीडीए समाज भाजपा के खिलाफ एकजुट हो गया है, तो भाजपाई घबराए हुए हैं।उन्होंने भाजपा सरकार को झूठ और लूट की सरकार करार देते हुए कहा कि किसानों और नौजवानों की समस्याओं का इस सरकार के पास कोई हल नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने समाजवादी सरकार में हुए विकास कार्यों को बर्बाद कर दिया है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में दंगे और बवाल हो रहे हैं।अखिलेश यादव ने पुलिस के राजनीतिकरण पर भी चिंता जताई और कहा कि पुलिस प्रशासन भाजपा कार्यकताओं के रूप में कार्य करने लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा पुलिस कस्टोडियन डेथ और फर्जी एनकाउंटर हो रहे हैं, और किसान खाद और बीज की कमी के चलते परेशान हैं।उन्होंने अंत में कहा, भाजपा सरकार ने जनता को बड़े-बड़े झूठे सपने दिखाए थे, लेकिन अब प्रदेश का हर वर्ग भाजपा की षड्यंत्रकारी नीतियों से त्रस्त है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके विद्वेषपरक नकारात्मक राजनीति का अंत कर देगी।



## चकलठीरा के जंगल से 200 किलो लहन व 25 लीटर अवैध शराब बरामदः एडीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी व जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षकों की टीम ने सघन

**कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले के मद्देनजर चलाया सघन अभियान**

अभियान चलाया। जिसमें 200 किलोग्राम लहन व 25 लीटर अवैध शराब एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद की।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले के मद्देनजर उनके व जिला आबकारी निरीक्षक प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जनपद के समस्त आबकारी निरीक्षकगण व प्रवर्तन मेरठ की टीम द्वारा गढ़मुक्तेश्वर के चकलठीरा के जंगल में दबिश दी गई । दबिश के दौरान जंगल से 200 किलोग्राम लहन व 25 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। फरार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि जनपद में अवैध शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध निरंतर अभियान जारी रहेगा।





**जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं सीएम योगी ने, निस्तारण के लिए दिए जरूरी निर्देश**

# हर पात्र व्यक्ति को दिलाएं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति

**जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता दें अधिकारी : मुख्यमंत्री**

को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जिनके पास आवास नहीं है उन्हें पीएम-सीएम योजना के तहत पक्का आवास दिलाया जाए और जो किसी सामाजिक पेंशन योजना के दायरे में आने की अर्हता रखते हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए। सीएम योगी ने उक्त निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और एक एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।



## नजीबाबाद बिजनौर मार्ग पर दो कारों की भिड़ंत सवार घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद बिजनौर हाईवे पर उस समय हड़कंप मच गया जब दो कारें आपस में भिड़ गई और ओवरटेक करते समय एक कार लगभग चालीस मीटर चलते हुए डिवाइडर से टकराते हुए खाईं में जा गिरी और देहरादून से तेरहवीं में शामिल होने बिजनौर जा रहें परिवार जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं उनके और दूसरे लोगों को गम्भीर चोटें आई हैं जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में ले लिया है और विधिक कार्रवाई जारी है।



# धौलाना तहसील पहुंचे कुमार विश्वास,सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धौलाना तहसील में राष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास के पहुँचने के आगमन पर सुरक्षा में कोई चूक न हो इसके दृष्टिगत धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। जबकि उपनिबंधक कार्यालय में पहुंचने पर राष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास को देखने के लिए भीड उमड़ पडी और रजिस्ट्री करने के बाद वे वापसी चले गये। जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। आपको बता दें कि कस्बा धौलाना मे जन्मे व राष्ट्रीय कवि डॉक्टर कुमार विश्वास शनिवार को धौलाना तहसील मे पहुंचे और उपनिबंधक कार्यालय में सब रजिस्ट्रार ऋंचा शुक्ला व अमित कुमार बाबू ने अपना कार्य करते हुए उनका स्वागत कर उनकी सुचारू रूप से रजिस्ट्री पंजीकृत कराई। उसके बाद राष्ट्रीय कवि डॉक्टर कुमार विश्वास के साथ फोटो खिंचवाने के लिए उपनिबंधक कार्यालय में ही भीड एकत्रित हो गई और थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व मे पुलिस टीम सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था बनाती हुई नजर आई। इस दौरान एसडीएम लवी त्रिपाठी ,तहसीलदार प्रवेश कुमार, नायब तहसीलदार दिव्यांशी सिंह, कवि मोहित शौर्य समेत भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे।



# विद्यालय का प्रत्येक शिक्षक छात्रों का अभिभावक छात्र अपनी गलतियों से सबक ले और पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें : प्रोफेसर योगेश त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देवनागरी महाविद्यालय में आयोजित विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम 'दीक्षारंभ' के दूसरे तथा अंतिम दिन विद्यार्थियों से संवाद के क्रम में अपने अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा की महाविद्यालय के शिक्षक विद्यार्थियों के अभिभावक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी गलतियों से सीखने तथा पढ़ाई करके अपने लक्ष्य प्राप्ति करने की बात की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र द्वारा विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के परिचय के क्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विभिन्न समितियों के बारे में विधिवत जानकारी दी। चीफ प्रॉक्टर नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने तथा महाविद्यालय परिसर में प्रवेश करते समय परिचय पत्र साथ रखने का निर्देश दिया। वहीं छात्रवृत्ति के प्रभारी भवनीत सिंह बत्रा ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसकी सभी सूचनाएं तथा विवरण महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। पुस्तकालय प्रभारी डॉ संदीप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को बताया की वर्तमान समय में पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों के साथ ही डिजिटल स्रोतों से प्राप्त ज्ञान की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षा प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया तथा कहा की विद्यार्थी समय-समय पर असाइनमेंट पूरे करते रहें। डॉ अवधेश कुमार सिंह ने शारीरिक शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से पढ़ाई के अतिरिक्त खेलों में भी भाग लेने की अपील की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता पीयूष त्रिपाठी ने कहा की विद्यार्थी किसी भी सुविधा, सलाह तथा शिकायत के लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक मनोवृति विकसित करने के भी सलाह दी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार जगतपाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की विद्यार्थी सकारात्मक सोच के साथ अच्छे संस्कार व अनुशासन में रहकर अपना अध्ययन करें। इस अवसर अतुल तोमर डॉ विनीता गर्ग, डॉ महेंद्र कुमार, हरिदत्त शर्मा, डॉ विनय कुमार सिंह, नवीन तोमर, शशि कपूर, श्याम प्रकाश, तथा अलीशा, सुमैया, अर्पिता, महक, रामसा, मानसी, ऋषभ शर्मा, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद अयाज सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भागीदारी की।



**कार्यक्रम** | **छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम**

# योगी सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरतः हरेन्द्र तेवतिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद की गढ़मुक्तेश्वर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा विधायक उत्तर प्रदेश सरकार

**श्री भागीरथी संस्कृत महाविद्यालय गढ़मुक्तेश्वर में कार्यक्रम का आयोजन किया**

संस्कृत शिक्षा का बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है। जनपद में संस्कृत डिग्री कालेज व गुरुकुल विद्यालय संचालित है। जिनमें हापुड़ सहित अन्य जनपद के छात्र कालेज के छात्रावास में रहकर संस्कृत की शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

भाजपा विधायक हरेन्द्र तेवतिया श्री भागीरथी संस्कृत महाविद्यालय गढ़मुक्तेश्वर में छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। कार्यक्रम में विधायक हरेंद्र तेवतिया,जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ विनीता व तहसीलदार द्वारा संयुक्त रूप से छात्रों में छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरण किये। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बहुत ही गौरव है कि उनके विधानसभा में संस्कृत डिग्री कालेज है,और यहां पर अनेक जिलों के छात्र छात्रावास में रहकर शिक्षा अध्ययन करते हैं,और यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार संस्कृत छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करके छात्रों का उत्साहवर्धन किया है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हरेन्द्र तेवतियां, डीआईओएस डा. विनीता व विद्यालय के प्राचार्य मोहनलाल शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र पदम पाराशर व आकाश ने संस्कृत गीत सुनाकर उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य मनमोहन कौशिक ने किया।

इस अवसर पर गुरुकुल महाविद्यालय ततारपुर से आचार्य ज्ञान सिंह पवार,गुरुकुल महाविद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार,दिनेश आचार्य,सुधीर आर्य,दिनेश गर्ग,अंकुर त्यागी,गोपाल ठाकुर,हर्षवर्धन शर्मा,पंडित विनोद शास्त्री, मनमोहन कौशिक,रमाशंकर तिवारी,अमित शर्मा,वीरेंद्र शर्मा, गोविंद शर्मा,मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।







## बाइक से कच्ची शराब की बिक्री आबकारी विभाग की किरकिरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अफजलगढ।** बाइक पर कच्ची शराब की बिक्री का काला धंधा ग्रामीण क्षेत्रों में खूब फल-फूल रहा है और मिलावटी कच्ची शराब पीने से जब कोई घटना होती है तो बड़ी बड़ी बाते होती है लेकिन इससे पहले आबकारी विभाग अज्ञान बन जाता है जबकि खादर क्षेत्र में कच्ची शराब का उत्पादन करते हुए बाइक सवार मौके पर ही शराब ले जाकर बेंच रहे हैं और गांव गांव बाइक सवार शराब बेच रहे हैं और आनलाइन मौके पर जाकर यह शराब माफिया अपने धंधे को खूब बढ़ावा दे रहे हैं जबकि जहरीली शराब पीने से प्रदेश में पहले भी काफी लोगो की जान जा चुकी है लेकिन फिर भी इस काले धंधे को नहीं रोका जा रहा है आखिर क्यों।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267